

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 3 अंक: 184 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 18 अप्रेल 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## आम आदमी पार्टी चंदाचोर पार्टी से अब चंदाखोर पार्टी बन गई है – वीरेन्द्र सचदेवा

**मुख्य संवाददाता/सुषमा रानी**

नई दिल्ली, 17 अप्रैल : दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी भी अजीब पार्टी है। आज से पहले हमने चंदाचोर पार्टी तो सुना ही था लेकिन अब यह चंदाखोर पार्टी बन गई है। दुर्गेश पाठक वह व्यक्ति हैं जिसने अपने ही पार्टी के चंदे को चुराने का काम किया है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सहित आम आदमी पार्टी और उनके नेताओं का चरित्र ही लूट, भ्रष्टाचार और झूठ है। इसी कड़ी को आगे बढाते हुए दुर्गेश पाठक ने अपने लूट और भ्रष्टाचार को छुपाते हुए एक और झूठ दिल्ली की जनता से छुपाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली में शराब घोटाले के माध्यम से पैसे इकट्ठा किया गया तो उस वक्त वह सारे पैसा गोवा चुनाव में लगाया गया था और उस वक्त दुर्गेश पाठक ही गोवा चुनाव में आम आदमी पार्टी के प्रभारी बने थे। सचदेवा ने कहा कि दुर्गेश पाठक ने अपनी ही पार्टी का चंदा खाने का काम किया है, अगर जांच एजेंसी अपना कम कर रही है तो उनको इसमें परेशानी क्या है? अपनी ही पार्टी के चंदे को खाने वाले यह चंदाखोर लालू यादव से भी ज्यादा भ्रष्ट निकले।

## राहुल गांधी के सपने पूरे करने में अटके सिद्धारमैया?



कर्नाटक में जाति गणना पर कांग्रेस फंसती नजर आ रही है. वोकालिगा और लिंगायत समुदायों का विरोध और विपक्ष का दबाव सरकार के लिए चुनौती है. वहीं लोग ट्रांसपेरेंसी की डिमांड कर रहे हैं.

बिहार से लेकर तेलंगाना तक राहुल गांधी जहां भी जाते हैं जाति जनगणना की बात करते हैं. उनका मेन एजेंडा ही जाति जनगणना और आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा क्रॉस करना है. लेकिन अब कांग्रेस शासिति राज्य कर्नाटक इसी जात जनगणना में उलझ गया है. गुरुवार को सीएम सिद्धारमैया ने जाति जनगणना पर स्पेशल कैबिनेट मीटिंग बुलाई, लंबी चर्चा हुई. लेकिन कोई फैसला नहीं हो पाया. वजह सिर्फ एक ही है, एक को खुश करने के चक्कर में कई जातियां नाराज हो गई हैं. कर्नाटक की राजनीति के जानकारों का कहना है कि सिद्धारमैया सरकार के लिए यह गले की फांस बन गया है. उन्हें समझ नहीं आ रहा कि इससे निकलें कैसे.

कर्नाटक सरकार ने गुरुवार को स्पेशल कैबिनेट मीटिंग बुलाई, जिसमें सोशल-इकनॉमिक एंड एजुकेशनल सर्वे रिपोर्ट यानी जाति जनगणना पर चर्चा होनी थी. रिपोर्ट में ओबीसी कोटा को 51% तक बढ़ाने का सुझाव है, लेकिन वोकालिगा और लिंगायत जैसे प्रभावशाली समुदायों ने इसे अनसाइंटिफिक करार दे रहे हैं. वे ओबीसी कोटा बढ़ाने का विरोध कर रहे हैं. उनका तर्क है कि रिपोर्ट में उनका हक मारा जा रहा है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बैठक में इसी वजह से कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका. स्पेशल कैबिनेट ने रिपोर्ट को एक सब-कमेटी या विशेषज्ञ पैनल को भेजने पर विचार किया, लेकिन इस पर सहमति नहीं बनी. कहा जा रहा कि सिद्धारमैया सरकार इस मुद्दे पर फिर बाद में चर्चा करेगी.

### कहां फंसा पेंच

कांग्रेस सरकार के लिए इसे पूरा कर पाना बड़ी चुनौती है, क्योंकि वोटबैंक की राजनीति आड़े आ रही है. राज्य में वोटरों का एक बड़ा वर्ग वोकालिगा और लिंगायत समुदाय से आने वाले मंत्रियों ने अपनी जातियों के गलत वर्गीकरण और ओबीसी में विभाजन पर आपत्ति जताई. सूत्रों का तो ये भी कहना है कि वे इसे खारिज करने की मांग कर रहे हैं और फिर से गणना की डिमांड कर रहे हैं. जेडीएस की भी मांग है कि नई जाति गणना कराई जाए. बीजेपी इसे सरकार की नाकामी बता रही है.

### सोशल मीडिया में रिएक्शन

सोशल मीडिया में तमाम बुद्धिजीवी लोगों ने कमेंट लिखे हैं. प्रमोद मिश्रा नाम के एक शख्स ने लिखा, कर्नाटक में जाति गणना पर कैबिनेट का बिना फैसले के खत्म होना कांग्रेस की कमजोरी दिखाता है. सिद्धारमैया वोटबैंक की राजनीति में फंस गए हैं. सोफिया अहमद लिखती हैं, जाति गणना पर फैसला टालना सही कदम हो सकता है, क्योंकि जल्दबाजी में लिया गया निर्णय विवाद बढ़ा सकता है, लेकिन सरकार को पारदर्शिता दिखानी होगी. विजय शर्मा ने लिखा, वोकालिगा और लिंगायत का विरोध कांग्रेस के लिए सिरदर्द बन गया. बिना फैसले के बैठक खत्म होना सिद्धारमैया की रणनीति की नाकामी है.

## धनखड़ ने जूडिशियरी को दिखाया आईना!

### राष्ट्रपति के फैसले नकार देती कोर्ट लेकिन जज के घर करोड़ों मिलने पर भी कोई कार्रवाई नहीं

*उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ज्यूडिशियरी पर गंभीर सवाल उठाए और राष्ट्रपति के फैसले को नकारने और जज के घर से कैश मिलने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने को लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी बताया. धनखड़ का यह बयान सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार के बीच चल रहे तनाव को और बढ़ा सकता है.*



अपने देश में जूडिशियरी के फैसलों पर सवाल उठाने की परंपरा कभी नहीं रही. लेकिन बीते दिनों कुछ ऐसे मामले सामने आए, जिसे लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका को कठघरे में खड़ा कर दिया. धनखड़ ने यहां तक कहा कि राष्ट्रपति तक के फैसले को कोर्ट नकार रही है, लेकिन एक जज के घर से करोड़ों रुपये बरामद होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही. धनखड़ ने संसद में यह बयान देते हुए ज्यूडिशियरी की जवाबदेही और सुधार की मांग उठाई.

राज्यसभा में एक चर्चा के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, राष्ट्रपति तक निर्णय के खिलाफ जजमेंट दिया जा रहा है, पर एक जज के घर पर करोड़ों का कैश मिलने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हो रही. यह बहुत चिंताजनक है. इस देश में न्यायिक सुधार अब टालने लायक नहीं हैं. इस देश में न्यायिक सुधार इतने आवश्यक हैं कि संसद अब कोई बड़ा कानून पारित भी कर ले तो उसे कोई एक जज एक याचिका पर रोक देता है. अगर कोई एक जज एक याचिका पर संसद द्वारा पारित कानून को रोक सकता है, तो यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है. बड़े फैसले अब संसद नहीं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट करेगा। और तब सरकार सिर्फ नाम की रह जाएगी.

## बिहार में 7351 महिला शिक्षिकाओं की हुई अंतरजिला तबादला

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ बिहार के शिक्षा विभाग ने एक अहम निर्णय लेते हुए 7351 महिला शिक्षिकाओं का अंतर जिला तबादला कर दिया है। इस स्थानांतरण की प्रक्रिया विभाग के पूर्वनिर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुसार की गई है, जिसमें दूरी, पारिवारिक स्थिति और विशेष श्रेणियों को प्राथमिकता दी गई। इस निर्णय के अंतर्गत 91 नियमित महिला शिक्षिकाओं और 7260 सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण विशिष्ट महिला शिक्षिकाओं का तबादला किया गया है। ये सभी तबादले दूरी के आधार पर किए गए हैं, जिससे शिक्षिकाओं को कार्यस्थल और निवास स्थान के बीच संतुलन बनाए रखने में सुविधा मिल सके।हालांकि पटना जिले में पहले से ही शिक्षकों की अधिक संख्या में पदस्थापन हो चुका है। इसी कारण इस बार पटना स्थानांतरण हेतु प्राप्त 6772 आवेदन पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इन आवेदनों पर आगे विचार कर निर्णय लिया जाएगा। शिक्षा विभाग को निर्धारित अवधि में लगभग 1,90,000 शिक्षकों से स्थानांतरण के लिए आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 51284 शिक्षकों ने अंतर जिला तबादले की मांग की थी। विभाग द्वारा 3 जनवरी 2025 को जारी आदेश के तहत सभी आवेदनों की चरणबद्ध स्क्रूटनी की जा रही है। पहले चरण में गंभीर बीमारी से ग्रसित शिक्षकों को प्राथमिकता दी गई। 10 जनवरी 2025 को 47 नियमित शिक्षकों के आवेदन का निस्तारण किया गया, जबकि 25 फरवरी 2025 को 260 और 24 मार्च 2025 को 10225 महिला शिक्षकों के आवेदन पर कार्रवाई की गई। इस चरण में असाध्य रोग, मानसिक दिव्यांगता, विधवा, परित्यक्ता, और पति के स्थानांतरण जैसे आधारों पर निर्णय लिया गया। 28 मार्च 2025 को विभागीय समिति ने विशेष परिस्थिति में 2151 पुरुष शिक्षकों को भी पत्नी के पदस्थापन के आधार पर ऐच्छिक जिला आवंटित किया। शिक्षा विभाग का यह निर्णय शिक्षकों के जीवन में संतुलन लाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। इससे न केवल महिला शिक्षिकाओं को पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ कार्य को संतुलित करने में मदद मिलेगी, बल्कि इससे शिक्षा व्यवस्था में भी स्थायित्व और प्रभावशीलता आएगी। अब आगे देखना होगा कि शेष आवेदनों पर विभाग किस प्रकार से कार्यवाही करता है।

## जापानी दूतावास से आई शिकायत और बर्खास्त कर दिए गए JNU के सीनियर प्रोफेसर

नई दिल्ली. प्रतिष्ठित जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी यानी जूएनयू के प्रोफेसर पर सख्त एक्शन लिया गया है. खठव प्रशासन ने प्रोफेसर साहब को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है. प्रोफेसर के खिलाफ यह शिकायत जापानी दूतावास की तरफ से आई थी. दरअसल, प्रोफेसर पर एक जापान की महिला छात्रा से छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगे. महिलाओं ने पहले इस संबंध में जापानी दूतावास से संपर्क कर घटना की जानकारी दी. इसके बाद दूतावास ने इस मामले को भारत सरकार के सामने उठाया. मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रोफेसर पर बड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह जापानी छात्रा जवाहरला नेहरू यूनिवर्सिटी में रिसर्च कर रही है. इसी दौरान यह प्रोफेसर छात्रा को तंग कर रहे थे. उनकी शिकायत के आधार पर प्रोफेसर के खिलाफ बुधवार शाम को एक्शन लिया गया.

## उत्तर प्रदेश में दुकान खोलने के नियमों में बड़ा बदलाव हुआ है योगी सरकार ने मकान मालिकों को दी बड़ी राहत।



*उत्तर प्रदेश सरकार ने भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 का मसौदा तैयार किया है, जिसका उद्देश्य घर में दुकान खोलने वालों को शोषण से मुक्ति दिलाना है। इस उपविधि के तहत 24 मीटर या उससे अधिक चौड़ी सड़कों पर स्थित आवासीय भूखंडों पर व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति दी जाएगी, गगनचुंबी इमारतें बनाने की अनुमति दी जाएगी और उद्योग लगाने की अनुमति दी जाएगी।*

लखनऊ। अब अपने घरों में दुकान खोलने वालों को हर तरह के शोषण से मुक्ति मिल सकेगी। राज्य सरकार अब 24 मीटर या उससे अधिक चौड़ी सड़कों पर स्थित आवासीय भूखंडों पर व्यावसायिक व अन्य प्रकार की गतिविधियों (मिश्रित भू-उपयोग) की अनुमति देने जा रही है। अब 45 मीटर या उससे अधिक चौड़ी सड़कों पर ऊंची-ऊंची बहुमंजिला इमारतें बनाई जा सकेंगी। इसी तरह अब सात मीटर चौड़ी ग्रामीण सड़कों पर भी उद्योग लगाए जा सकेंगे। कम जमीन पर अधिकतम निर्माण सुनिश्चित करने के लिए सरकार भूमि कवरेज और एफएआर (फ्लोर एरिया रेशियो) बढ़ा रही है और सेटबैक मानकों में भी बदलाव और कमी कर रही है।

शहरी क्षेत्रों में बढ़ती आबादी को देखते हुए और आवासीय क्षेत्रों सहित अन्य गतिविधियों के लिए कम जमीन पर अधिक निर्माण सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने 17 साल पुराने भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008 के स्थान पर नया भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तैयार किया है।

नए भवन उपविधि तैयार करने के लिए शासन स्तर पर गठित समिति ने अन्य राज्यों के भवन उपविधि का अध्ययन करने के बाद भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2025 तैयार किया है।

### भवन उपविधि-2025 का प्रारूप तैयार

प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन पी गुरुप्रसाद ने बताया कि भवन उपविधि-2025 का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। मंगलवार को आवास विभाग का प्रभार भी संभाल रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हरी झंडी मिलने के बाद बुधवार से प्रस्तावित उपविधि पर सुझाव और आपत्तियां मांगी जाएंगी।

गौरतलब है कि प्रस्तावित उपविधि के जरिए सरकार भूखंड स्वामियों को आवासीय व अन्य उपयोग के लिए भवन निर्माण के लिए तमाम तरह की सुविधाएं देने जा रही है। सूत्र बताते हैं कि विकास प्राधिकरणों के शोषण से भवन स्वामियों को बड़ी राहत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को नए उपविधि में सभी नियमों को सरल बनाने के निर्देश दिए थे, इसलिए प्रस्तावित उपविधि से तमाम जटिल प्रावधानों को हटा दिया गया है।

### महत्वपूर्ण बिंदु-

गांव में अब सात मीटर चौड़ी सड़क पर भी उद्योग लगाए जा सकेंगे

100 वर्गमीटर तक के आवासीय भूखंड और 30 वर्गमीटर तक के व्यावसायिक भूखंडों के लिए नक्शा पास कराने की जरूरत नहीं

भूखंड पर अधिक निर्माण की अनुमति देने के लिए भूमि कवरेज और एफएआर बढ़ाया गया और सेटबैक घटाया गया

बिल्डिंग बायलॉज का ड्राफ्ट जारी, 15 दिन में दे सकते हैं सुझाव, दर्ज करा सकते हैं आपत्तियां

आपत्तियों और सुझावों का निराकरण होते ही बायलॉज लागू हो जाएगा और मई में कैबिनेट से मंजूरी मिल जाएगी

## फ्रांस के राजदूत थैरी माथु ने सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में हुए नतमस्तक

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**



जैतो, 17 अप्रैल : फ्रांस के राजदूत थैरी माथु ने आज सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में नतमस्तक होकर श्रद्धा व्यक्त की। सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के दर्शन करने के बाद उन्हें श्री दरबार साहिब के सूचना केंद्र में एसजीपीसी सचिव प्रताप सिंह, उप सचिव जसविंदर सिंह जस्सी व अन्यों द्वारा श्री दरबार साहिब का स्वर्णिम मॉडल, एक लोई व धार्मिक पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया। श्री दरबार साहिब के दर्शन करते समय उन्होंने गुरबाणी कीर्तन सुना तथा श्री गुरु रामदास जी के लंगर में भी गए। इस अवसर पर राजदूत थिरी माथु ने कहा कि उन्हें इस पवित्र स्थान पर आकर गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने शिरोमणि कमेटी से मिले सम्मान के लिए पदाधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सूचना अधिकारी रणधीर सिंह, जतिंदरपाल सिंह, सतनाम सिंह आदि उपस्थित थे।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी फ्रांस के राजदूत थैरी माथु का सम्मानित करते हुए व अन्य।

## पश्चिम बंगाल हिंसा के विरोध में ममता बैनर्जी का पुतला फूंका, राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

* कई इलाकों से पलायन कर रहे हिंदू परिवार
* पश्चिम बंगाल हिंसा की सीबीआई से जांच कराने की मांग

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली । पश्चिम बंगाल हुई हिंसा के विरोध में बृहस्पतिवार को नाथ नगरी सुरक्षा समूह ने कलक्ट्रेट पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी का पुतला फूंका और जोरदार नारेबाजी करते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। समूह ने अफसरों को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भी दिया।

नाथ नगरी सुरक्षा समूह, राष्ट्र जागरण उद्योग व्यापार मंडल, श्री सनातन धर्म सभा के कार्यकताओं ने दुर्गेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया और कलेक्ट्रेट पर ममता बनर्जी का पुतला और घर बनाकर फूंका। दुर्गेश गुप्ता ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंदू समाज पर हो रहे सुंयोजित अत्याचारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई व अनुच्छेद 356 के अंतर्गत राष्ट्रपति शासन लागू करने के का आग्रह करते हुए ज्ञापन दिया उन्होंने कहा कि रामनवमी हनुमान जयंती के अवसर पर मार्च और अप्रैल के दौरान रामनवमी और हनुमान जयंती पर लिए धार्मिक शोभायात्राओं पर पश्चिम बंगाल के हावड़ा, उत्तर 24 परगना, वीरभूम ,मुर्शिदाबाद और अन्य जिलों में हिंसक भीड़ द्वारा सुनियोजित हमला किया गया तलवार, पेट्रोल बम और पत्थरों से हमले हुए मंदिर में तोड़फोड़ हुई धार्मिक नारे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की गई ।



ज्ञापन में कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर सुनियोजित तरीके से हमले हो रहे हैं, इससे मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन हो रहा है, बल्कि कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। कहा कि रामनवमी और हनुमान जयंती पर आयोजित शोभायात्राओं पर बंगाल के हावड़ा, बीरभूम, मुर्शिदाबाद और अन्य जिलों में हिंसक घटनाएं हुईं। तलवार, पेट्रोल बम और पत्थरों से हमले हुए, मंदिरों में तोड़फोड़ की गई।

मुर्शिदाबाद में शमशेरगंज इलाके में पूजा कर रहे एक हिंदू परिवार पर हमला हुआ। हमलावरों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ और महिलाओं से अभद्रता की। घटना के बावजूद पुलिस ने मामूली कार्रवाई कर मामला शांत करने की कोशिश की। यहीं के जाफराबाद गांव में वक्फ संपत्ति विवाद को लेकर भीड़ ने हरगोबिंद दारा (72) और उनके पुत्र चंदन दास (40) की निर्मम हत्या कर दी थी। इस घटना में एक अन्य व्यक्ति की भी गोली लगने से मृत्यु हुई थी।



### कई इलाकों से पलायन कर रहे हिंदू परिवार

ज्ञापन में कहा कि मालदा, बसीरहाट और मुर्शिदाबाद जैसे इलाकों में कई हिंदू परिवार लगातार पलायन कर रहे हैं। असुरक्षा की भावना के चलते सैकड़ों परिवार अपना घर-बार छोड़ चुके हैं। स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक तंत्र पर राजनीतिक दबाव है। हिंसा के पीछे सक्रिय कट्टरपंथी तत्वों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### पश्चिम बंगाल हिंसा की सीबीआई से जांच कराने की मांग

ज्ञापन में पश्चिम बंगाल में हुई हिंसक घटनाओं की सीबीआई या न्यायिक आयोग से जांच कराने की मांग की गई। इसके अलावा पीड़ित परिवारों को संरक्षण, पुनर्वास और उचित मुआवजा, प्रशासनिक निष्क्रियता के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग की गई।

# बढ़ता ही जा रहा है सत्ता प्रतिष्ठान का दुस्साहस

ये अच्छी खबर है या बुरी ये कहना कठिन है ,लेकिन एक बात साफ है कि बैशाखियों पर चलने वाले देश के सत्ता प्रतिष्ठान का दुस्साहस लगातार बढ़ता जा रहा है। अब सत्ता प्रतिष्ठान का मकसद येन-केन लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और उनकी माँ श्रीमती सोनिया गांधी को जेल भेजना है। माँ-बेटे को जेल जाने से अब भगवान भी शायद ही बचा पाए ,क्योंकि अब अदावत अपने चरम पर है।

नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल होने के बाद अब गेंद अदालत के पाले में है। अदालत किसी पर मेहरबान होती है और किसी पर नहीं। हालाँकि आरोप पत्र दाखिल होने के बाद श्रीमती सोनिया गाँधी और राहुल गांधी की दोबारा गिरफ्तारी आसान नहीं है क्योंकि दोनों पहले से जमानत पर हैं और अब जब तक कि अदालत कोई फैसला नहीं सुना देती तब तक दोबारा गिरफ्तारी नामुमकिन है। मुमकिन है की सत्ता प्रतिष्ठान ने इस मामले में भी कोई कैलेंडर तय कर रखा हो कि कब फैसला आये और कब दोनों को जेल यात्रा पर भेजा जाये ?

पूरे देश को पता है कि ईडी यानि प्रवर्तन निदेशालय इन दिनों सत्ता प्रतिष्ठान के जमूरे की तरह काम कर रहा है। नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालयने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत कई नेताओं के खिलाफ चार्जशीट में ईडी ने आरोपियों पर 988 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया है।कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यापारी राबर्ट वाड्रा के खिलाफ गुरुग्राम लैंड डील केस में बुधवार को दूसरी बार पूछताछ हो रही है। पिछले दो दिनों में



ये कांग्रेस के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों की दूसरी बड़ी कार्रवाई है। सत्ता प्रतिष्ठान की इस कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस ने देश भर में प्रदर्शन किये हैं लेकिन मुझे नहीं लगता कि इनका कोई असर सरकार या अदालत पर पड़ने वाला है ,क्योंकि सत्ता प्रतिष्ठान और प्रवर्तन निदेशालय के साथ ही माननीय अदालत का रुख साफ है।

मौजूदा सत्ता प्रतिष्ठान ने गांधी परिवार को नेस्तनाबूद करने के लिए पिछले एक दशक में अपने सभी घोड़े खोल लिए हैं किन्तु उसे अभी तक कामयाबी नहीं मिली। विपक्ष के नेता राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता छीनी गयी किन्तु माननीय सुप्रीम कोर्ट ने उसे बहाल कर दिया। राहुल से उनका सरकारी बँगला खाली करा लिया गया। राहुल न डरे और न झुके। उलटे पिछले आम चुनाव में नयी ऊर्जा के साथ अपनी बहन प्रियंका के साथ लोकसभा में वापस लौटे। राहुल ने पिछले दिनों हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव भी हारे किन्तु हिम्मत नहीं हारी और वे कांग्रेस का अधिवेशन करने सत्ताप्रतिष्ठान के नाभि केंद्र गुजरात में जा पहुंचे। सत्ता प्रतिष्ठान को ये सब नागवार गुजर रहा है। परिणाम स्वरूप सत्ता प्रतिष्ठान की और से गांधी परिवार पर आक्रमण और तेज हो गया है।

आने वाले दिनों में कौन जेल जाए और कौन न जाये इससे हमारा कोई ताल्लुक नहींहैं। हमारी चिंता तो सियासत में बढ़ती अदावत को लेकर है। जिनके प्रारब्ध में जेल यात्रा होती है ,वे जेल जाते ही हैं और गांधी परिवार तो सनातन जेल यात्री है लेकिन सत्ता प्रतिष्ठान से जुड़े नेताओं को जेल यात्रा का कोई खास अनुभव नहीं है। वे आपातकाल को छोड़ कभी जेल नहीं गए। जो दुर्भाग्य से जेल गए वे भी माफियां मांगकर जेल से बाहर आ गये । किसी ने जेल में रहकर अपनी जवानी बर्बाद नहीं की । किसी ने जेल में रहकर न स्वाध्याय किया और न कोई किताब लिखी। बहरहाल मामला राहुल,सोनिया,और रावर्ट वाड्रा का है। इनकी कुंडली में जेल यात्रा का योग होगा तो कोई ताकत रोक नहीं सकती और नहीं तो सत्ता प्रतिष्ठान कितनी भी कोशिश कर ले उसे कामयाबी नहीं मिलने वाली।

देश की राजनीति में वर्ष 2014 के बाद जो तब्दीली आयी है उसमें सबसे प्रमुख बात ये हैकि अपने विरोधियों को किसी न किसी तरह या तो झुका लिया जाये और कोई न झुके तो उसे तोड़ दिया जाये। सत्ता प्रतिष्ठान के आगे झुकने वालों और टूटने वालों की फेहरिश्त बहुत लम्बी है। टीडीपी और जेडीयू जैसे दल तो झुककर सत्ता प्रतिष्ठान की बैशाखी ही बन चुके हैं। बहन मायावती ,भाई अरविंद केजरीवाल हों या नवीन पटनायक तोड़े जा चुके हैं ,लेकिन बहुत से ऐसे हैं जो सत्ता प्रतिष्ठान से लगातार जूझ रहे हैं, उसे चुनौती दे रहे हैं। गांधी परिवार इस काम में सबसे आगे है । उनके पीछे समाजवादी अखिलेश यादव हैं,राजद के तेजस्वी यादव है। बंगाल की ममता बनर्जी हैं,झारखण्ड के हेमंत सोरेन हैं। दक्षिण के स्टालिन हैं। सत्ता प्रतिष्ठान की तमाम आसमानी-सुल्तानी ताकतें इन तमाम नेताओं को न तोड़ पायी हैं और न झुका पायीं है। बावजूद इसके सत्ता प्रतिष्ठान की कोशिशें जारी हैं ,हरि अनंत ,हरि कथा अनंता की तरह।

कितनी अच्छी बात है कि हमारा देश अमेरिका के टेरिफ वार यानी प्रहार से उतना आक्रान्त नहीं है जितना कि गांधी परिवार से आक्रान्त है । ममता,अखिलेश,तेजस्वी और सोरेन से आतंकित है। क्योंकि ये सब देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने में सबसे बड़ी बाधा है। ये सब मिलकर धर्मनिरपेक्षता का राग अलापते रहते हैं। ऐसे में इन्हें कैसे बर्दास्त किया जा सकता है ? सत्ता प्रतिष्ठान के ओझाओं ने अभी बिच्छुओं को पकड़ने का मन्त्र सीखा है लेकिन हाथ साँपों के बिल में डाल रहे हैं। आप हंस रहे होंगे कि मैं सत्ता प्रतिष्ठान के विरोधियों को बिच्छू और सांप कह रहा हूँ ,लेकिन ये एक कहावत है। मैं न सत्ता प्रतिष्ठान के नेताओं को सांप-बिच्छू कहता हूँ और न किसी दूसरे को ,हालाँकि तमाम ऐसे हैं जो आकंठ जहर से भरे हुए हैं।

अब इस देश की दशा और दिशा देश की अदालतों को तय करना है। वे जो फैसला देंगी उसी से इस देश की भावी राजनीति की दशा और दिशा तय होगी । फिर चाहे मामला वक्फ बोर्ड कि नए कानून का हो या गांधी परिवार के खिलाफ 'मनी लांड्रिंग' का।देश की अदालतें अभी संयोग से पूरी तरह भगवा रंग में नहीं रंगीं है। उनमें आज भी अदालतों में तर्क की ,दलील की ,बहस की गुंजाइश बाक ी है। ये गुंजाइशें ही एक उम्मीद बांधती हैं ,अन्यथा अब लोकशाही को तानाशाही में तब्दील करने किदिशा में देश बहुत आगे बढ़ चुका है। लेकिन हम तो उनमें से हैं जो ये मानते हैं की

-को कहि तर्क बढ़ावहि साखा ,होइए वही जो राम रचि रखा।

राम जी ने क्या रच कर रखा है राम जी ही जानें।हम तो इतना जानते हैं कि हमारा सत्ता प्रतिष्ठान परम दुस्साहसी है। वो अपने विरोधियों को नेस्तनाबूद करने कि लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है। यानि सत्ता में बने रहने कि लिए हम कुछभी करेगा।

**@राकेश अचल**

# केरल के बेहाल बुजुर्ग अविरल...!

इन वीरान गांवों में वृद्धों की मदद को आयोग,
देश के सबसे शिक्षित राज्य में ये कैसा संयोग।
आज 94 फीसदी साक्षरता से हुआ ये सम्पन्न,
शिक्षित युवाओं के पलायन का संत्रास उत्पन्न।
इक्कीस लाख घरों में सिर्फ बुजुर्ग बचे हुए हैं,
गांव-गांव पलायन का दंश झेल वीरान हुए हैं।

इन वीरान गांवों में वृद्धों की मदद को आयोग,
देश के सबसे शिक्षित राज्य में ये कैसा संयोग।
लाखों घरों में सिर्फ ताले लटके नजर आते हैं,
अंतहीन भौतिक लिप्साओं के अवशेष पाते हैं।
उन्हें ही शिक्षा ने जहां दे दी हैं प्रगतिशील सोच,
देखों बुजुर्गो के पैरों में अनजाने ही आई मोच।

इन वीरान गांवों में वृद्धों की मदद को आयोग,
देश के सबसे शिक्षित राज्य में ये कैसा संयोग।
नीति-नियंताओं की नाकामी का ये हैं परिणाम,
युवाओं को योग्यतानुरुप देश न दे रहा हैं काम।
जन्मभूमि का सम्मोहन भी रोक न पाता ध्यान,
एकाकीपन का त्रास झेंल कैसे करें अभिमान।

**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**

## हम ही को मिलेगी सजा जानते हैं।

है दुनिया बड़ी दिलरुबा
जानते हैं
मोहब्बत को हम तो
खुदा मानते हैं।

बहाव में हम भी तो बहे
जा रहे हैं
है तिनके का ही सहारा
जानते हैं।

मोहब्बत है तो विश्वास
कायम रहेगा
बेशकीमती है बहुत वफा
जानते हैं।

बनाएंगे हम अपना
हमवार यकीनन
मुखालिफ अभी है हवा
जानते हैं।

हम कितनी भी पैरवी
कर ले अपनी
वो हमको ही हमेशा
बेवफा मानते हैं।

हां हम हैं गुनहगारे
उल्फत संजीव
हम ही को मिलेगी सजा
जानते हैं।

**संजीव ठाकुर**

# देश में समाप्त होने के कगार पर पहुंचा नक्सलवाद



**रमेश सर्राफ धमोरा**

पिछले छः दशकों से देश में नासूर बनकर उभरा नक्सलवाद अब समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में घोषणा की है कि 31 मार्च 2026 तक देश में नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। गृह मंत्री द्वारा की गई यह एक बहुत बड़ी घोषणा है। गत 60 वर्षों से देश नक्सलवाद की समस्या से बुरी तरह पीड़ित रहा है। इस दौरान देश में कई सरकारें आई और चली गई मगर नक्सलवाद का नासूर दिनों-दिन बढ़ता ही रहा था। देश के कई प्रदेशों में तो बहुत बड़े हिस्से में नक्सलवादी अपनी समानांतर सरकार तक चलाते थे। नक्सलवाद प्रभावित जिलों में उनकी हुकूमत चलती थी। वहां केंद्र व राज्य सरकार का कोई असर नहीं दिखता था। नक्सलियों का फरमान ही अंतिम आदेश होता था जिसे लोग मानने को मजबूर थे।

मगर अब परिस्थितियों पूरी तरह बदल चुकी है। केंद्र सरकार की नक्सलवाद से मुक्ति के अभियान की सफलता से नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। कई बड़े-बड़े नक्सली कमांडर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं या फिर उन्होंने सरेंडर कर अपनी जान बचा ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनो कहा कि नक्सलवाद मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए भारत ने वामपंथी उग्रवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटाकर 6 कर दिया है। शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने के लिए मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर रोशनी डालते हुए और सभी क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा था कि मोदी सरकार सर्वव्यापी विकास के लिए अथक प्रयासों और नक्सलवाद के खिलाफ दृढ़ रुख के साथ सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हम 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

गृह मंत्रालय के अनुसार भारत में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की कुल संख्या पहले 38 थी। इनमें से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या अब घटकर 6 हो गई है। साथ ही चिंता के जिलों और अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या में भी कमी आई है। नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित छह जिलों में अब छत्तीसगढ़ में चार जिले बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा झारखंड का पश्चिमी सिंहभूम जिला व महाराष्ट्र का गढ़चिरौली जिला शामिल है। इसके अतिरिक्त चिंता के जिलों की संख्या जिन्हें गहन संसाधनों और ध्यान की आवश्यकता है 9 से घटकर 6 रह गई है। ये जिले आंध्र प्रदेश में अल्लूरी सीताराम राजू, मध्य प्रदेश में बालाघाट, ओडिशा में कालाहांडी, कंधमाल और मलकानगिरी और तेलंगाना में भद्राद्री-कोठागुडेम हैं।

अन्य वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या जो नक्सली गतिविधि का भी सामना कर रहे हैं लेकिन कम हद तक 17 से घटकर 6 हो गई है। इनमें छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा, गरियाबंद और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी, झारखंड का लातेहार, ओडिशा का नुआपाड़ा और तेलंगाना का मुलुगु जिला शामिल हैं। इन जिलों को उनके पुनर्निर्माण और विकास में सहायता करने के लिए केंद्र सरकार विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करती है। सबसे अधिक प्रभावित जिलों को 30 करोड़ रुपये मिलते हैं। जबकि सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में अंतराल को भरने के लिए चिंता वाले जिलों को 10 करोड़ रुपये आवंटित किए जाते हैं। इन क्षेत्रों की जरूरतों के अनुरूप विशेष परियोजनाओं को भी सरकार द्वारा वित्त पोषित किया जाता है।

नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ों में कम से कम 130 नक्सली मारे गए हैं। इनमें से 110 से ज्यादा बस्तर संभाग में मारे गए जिसमें बीजापुर और कांकेर समेत सात जिले शामिल हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से 105 से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 2025 में अब तक 164 ने आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं इससे पहले वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज किया जा चुका है।

वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 जिले नक्सलप्रभावित थे लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड्स बनाए गए हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2004 से 2014 तक देश में नक्सलवाद से जुड़ी 16,463 हिंसक घटनाएं हुई थीं। लेकिन पिछले 10 वर्षों में इसमें 53 प्रतिशत कमी आई है। वर्ष 2004 से 2014 तक विभिन्न नक्सली हमलों और नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान 1851 सुरक्षा कर्मियों की जान गई थी। लेकिन पिछले 10 साल में सुरक्षाबलों के हताहत होने की संख्या 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई है। वहीं 2004 से 14 के बीच नक्सली हमलों में 4,766 नागरिकों की मौत हुई थी। 2014 से 2024 के बीच यह आंकड़ा 70 प्रतिशत घटकर 1495 रह गया है। गृह मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था।

पिछले 20 वर्षों में 2,344 सुरक्षाकर्मियों ने नक्सलियों से लड़ते हुए अपनी जान गंवाई है पिछले दो दशकों में अकेले नक्सली हमलों में 6,258 लोग मारे गए हैं। जब देश में नक्सलवाद अपने चरम पर था तब 8 करोड़ लोगों को प्रभावित किया था। जिनमें मुख्य रूप से आदिवासी थे। यह आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में फैले एक लाल गलियारे के साथ 10 राज्यों में फैला हुआ था।

सरकार एक तरफ जहां नक्सलवाद को समाप्त करने की घोषणा कर रही है वहीं दूसरी तरफ शहरी नक्सलवाद जिसे अर्बन नक्सलवाद भी कहा जाता है तेजी से उभर रहा है। यह पारंपरिक ग्रामीण नक्सलवाद से अलग है क्योंकि इसका फोकस शहरों और शहरी इलाकों में होता है। शहरी नक्सली विचारधारा के समर्थक, जिनमें शिक्षाविद, छात्र, सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी शामिल होते हैं नक्सलवादी विचारधारा का प्रचार-प्रसार करते हैं। वे विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक माध्यमों से अपनी विचारधारा फैलाते हैं और व्यवस्था के खिलाफ असंतोष को भड़काते हैं।

देश में नक्सलवाद के खिलाफ केंद्र सरकार के समग्र प्रयासों का असर दिखने लगा है। सरकार के प्रयासों का नतीजा है कि अब देश में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या में कमी हो रही है। सरकार ने नक्सलवाद-मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। देश में वामपंथी उग्रवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या में कमी आना इस आंदोलन की समाप्ति के संकेत है।

नक्सलवादी आंदोलनकारियों ने अपनी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से देश को बहुत नुकसान पहुंचाया है। हजारों निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। वहीं बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों ने भी नक्सलवादी विरोधी अभियान में अपनी शहादत दी है। एक समय था जब देश के 10 प्रांतो में नक्सलवादियों की तूती बोलती थी। इन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू पर भी हमला कर दिया था। जगदलपुर में तो नक्सलवादियों ने कांग्रेस के कई बड़े नेताओं की हत्या कर सनसनी फैला दी थी।

मगर अब केंद्र सरकार की नीतियों के कारण एक तरफ जहां इन पर दबाव बढ़ा है वहीं उनके प्रभाव वाले क्षेत्रों में सरकार ने विकास की योजनाएं प्रारंभ कर उनका जन समर्थन समाप्त कर दिया है। कई बड़े नक्सली कमांडरो का एनकाउंटर होने के बाद डर कर बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर कर रहे हैं। जिससे आने वाले समय में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांति व्याप्त होगी। जो सरकार व आमजन की एक बड़ी जीत होगी।

# तेल की मांग में गिरावट और वैश्विक अनिश्चितता

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने इस वर्ष दुनिया भर में कच्चे तेल की मांग में वृद्धि के नए अनुमान पेश किए हैं। नए अनुमानों में आगामी वर्ष में तेल की मांग वृद्धि में 3 लाख बैरल रोजाना की तीव्र गिरावट का अनुमान जताया गया है। यह पहले लगाए गए 10 लाख बैरल रोजाना की मांग वृद्धि के अनुमान से काफी कम है और संभवतः यह नीतिगत अनिश्चितता और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ संबंधी घोषणाओं से उत्पन्न कारोबारी जंग की स्थिति में आर्थिक गतिविधियों के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों को दशार्ता है।

यह तेल बाजार में घटित कई अन्य घटनाओं के बीच हुआ है जिनमें तेल उत्पादकों के समूह द्वारा अगले महीने उत्पादन बढ़ाने का निर्णय भी शामिल है। बहरहाल, आईईए के नए अनुमान बाजार के लिए पूरी तरह चौंकाने वाले नहीं हैं। उच्च आपूर्ति और कम मांग के अनुमानों का असर तेल कीमतों पर बीते कुछ सप्ताहों के दौरान पहले ही नजर आने लगा था। पिछले सप्ताह एक समय कच्चा तेल 60 डॉलर प्रति बैरल की दर पर कारोबार कर रहा था। कई एजेंसियों ने आगे के लिए कीमतों के अपने अनुमान कम किए थे हालांकि कुछ का ही यह मानना था कि वह 60 डॉलर प्रति बैरल के नीचे जाएगा।

महत्त्वपूर्ण बात यह है कि आईईए ने अनुमान जताया कि कई ऐसे हालात हैं जिनके चलते अगले वर्ष भी कच्चे तेल की खपत वृद्धि में धीमापन जारी रह सकता है। एजेंसी ने सुझाव दिया कि वृहद आर्थिक अनिश्चितता भी इसके लिए आंशिक रूप से जिम्मेदार है लेकिन बिजली से चलने वाले वाहनों की निरंतर मांग भी इसकी एक वजह है। कुल मिलाकर 2026 के आरंभ में 17 लाख बैरल प्रतिदिन तक अतिरिक्त उत्पादन हो सकता है जिसके लिए आंशिक रूप से कार्टेल के बाहर के देशों में होने वाला निष्कर्षण भी एक वजह है।



खाड़ी के कुछ देश और रूस अपने बजट घाटे की भरपाई के लिए उच्च तेल कीमतों पर निर्भर हैं। रूस तो अपनी सैन्य महत्त्वाकांक्षाओं के लिए भी इस पर निर्भर है और उसे आगे चलकर कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। बहरहाल, अमेरिका में उत्पादन पर असर बहुत स्पष्ट नहीं है। कुछ उत्तर अमेरिकी उत्पादक लागत के मामले में ऊपरी छोर हैं और अगर तेल कीमतें लंबे समय तक 60-65 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बनी रहती हैं तो उनके लिए परिचालन मुश्किल हो सकता है।

इन देशों के नेताओं के सामने मुश्किल विकल्प हैं। सऊदी अरब ने कीमतों को नियंत्रित करने का प्रयास करने के बजाय उत्पादन बढ़ाने का निश्चय किया है। हालांकि इस वर्ष उनके बजट घाटे का आधार सकल घरेलू उत्पाद के 6 फीसदी के बराबर बढ़ रहा है। अमेरिकी नेतृत्व ने वृद्धि को लेकर भरोसा बहाल करने के बजाय नीतिगत अनिश्चितता बढ़ाने पर जोर दिया है। परंतु आगे चलकर उसे अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है।

भारत जीवाश्म ईंधन का विशुद्ध आयातक है और उसके लिए कच्चे तेल की कम कीमतें लाभदायक साबित हो सकती हैं। निश्चित तौर पर इससे आयात बिल कम होगा लेकिन यह याद रखना भी आवश्यक है कि यहां भी जटिलताएं हैं। बीते सालों में ईंधन सब्सिडी में भारी कमी आने के बावजूद सार्वजनिक वित्त के साथ तेल कीमतों का रिश्ता जटिल है। बाह्य खाते पर प्रभाव जटिलताओं से भरा हुआ है। आयात का मूल्य कम होगा लेकिन परिशोधित तेल का निर्यात मूल्य भी घटेगा। कुल मिलाकर वृहद आर्थिक अनिश्चितता जिसके चलते दुनिया भर में तेल की मांग में कमी आई है, वह अन्य निर्यात की मांग भी कम करेगा। तेल आयात का कम बिल चालू खाते पर अनुकूल असर डालेगा लेकिन वैश्विक अनिश्चितता के कारण वित्तीय चुनौतियां सामने आ सकती हैं। सरकार को इस बाजार पर नजर रखनी होगी। कमजोर मांग के कारण शायद तेल कीमतों में कमी का पूरा लाभ न मिल सके। निरंतर बरकरार वैश्विक अनिश्चितता तथा वैश्विक वृद्धि पर जोखिम निकट भविष्य में नीतिगत चिंता का विषय बने रहेंगे।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मिनाक्षी भराला ने की महिला जनसुनवाई

- माननीय सदस्य ने महिला जनसुनवाई करते हुए प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश
- माननीय सदस्य ने संबंधित विभागों में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की भी की समीक्षा
- महिलाओं के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं का किया जाए जनपद में व्यापक प्रचार प्रसार करायें अधिकारीगण
- कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से न रहे वंचित : मा0 सदस्य
- माननीय सदस्य ने जिला अस्पताल सेक्टर 39 नोएडा एवं कुमारी मायावती महामाया महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज का भी किया स्थलीय निरीक्षण




**दैनिक समाज जागरण**

महिलाओं की सुरक्षा एवं महिलाओं के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र महिलाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य मिनाक्षी भराला ने कलेक्ट्रेट सभागार में अपर पुलिस आयुक्त महिला, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण कल्याण अधिकारी आशीष कुमार, जिला आबकारी अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा महिलाओं के कल्याणार्थ जो जनकल्याणकारी योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किया जा रहे हैं, उनका जनपद में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराते हुए पात्र महिलाओं तक उसका लाभ पहुंचने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए कैंप लगाकर लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करें और जो शासन से आप लोगों का लक्ष्य जनपद के लिए निर्धारित किया गया है उसकी शत प्रतिशत प्राप्ति करें। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों ने माननीय सदस्या को अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं की वर्तमान तक की प्रगति से माननीय सदस्य को अवगत कराया।

तदोपरांत माननीय सदस्य ने महिला जनसुनवाई करते हुए जनसुनवाई में आई पीड़ित महिलाओं की समस्या को बहुत ही सहजता के साथ सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में जो भी महिला उत्पीड़न के प्रकरण लंबित चल रहे हैं, उनका निस्तारण पुलिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण आपसी समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें एवं उसकी रिपोर्ट आयोग को भी प्रेषित करें। जनसुनवाई के दौरान 19 मामले प्राप्त हुए, जिनमें से 12 मामलों का अधिकारियों के माध्यम से तत्काल निराकरण कराया गया।

महिला जनसुनवाई करने के उपरांत माननीय सदस्य ने जिला अस्पताल सेक्टर 39 नोएडा एवं कुमारी मायावती महामाया महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज बादलपुर गौतम बुद्ध नगर का स्थलीय निरीक्षण किया। माननीय सदस्य द्वारा जिला अस्पताल सेक्टर 39 का निरीक्षण करते हुए मरीजों से वार्ता की गई एवं सभी संबंधित अधिकारियों, डॉक्टर के नाम एवं मोबाइल नंबर डिस्प्ले करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कुमारी मायावती महामाया महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज बादलपुर छात्रावास निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य द्वारा माननीय सदस्य को समस्याओं से अवगत कराया गया। माननीय सदस्य ने समस्याओं का अनुश्रवण करते हुए कहा कि जो भी कमियां है इसका प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए ताकि शासन को अवगत कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल एवं कॉलेज के अधिकारियों के कार्यों की सराहना की।

# प्रधान व सचिव के बीच चल रहा विवाद समाप्त, प्रधान ने मांगी माफी

**दैनिक समाज जागरण**



ग्राम पंचायत निबाली में प्रधान व सचिव के बीच चला आ रहा विवाद आज प्रधान द्वारा मंच पर माफी मांगने के बाद समाप्त हो गया है । दिनभर गहमागहमी के बाद आज जाच टीम खंड विकास कार्यालय बागपत पर पहुची। दोनों पक्षों के बयान लेने के बाद दोनों पक्षों में समझौता कराया गौरतलब है खंड विकास कार्यालय पर विगत 9 अप्रैल से ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के बैनर तले ग्राम प्रधान निबाली के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर जनपद के सचिवो का धरना चल रहा था। सचिवो ने कल चेतावनी दी थी कि अगर ग्राम प्रधान योगेन्द्र धामा के खिलाफ कार्रवाई नहीं कि जाती तो वह विकास भवन पर पहुचकर धरना देगे। मुख्य विकास अधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने इस मामले में जिला पचायत राज अधिकारी अरुण अत्री, खंड विकास अधिकारी बडौत ज्योति बाला, खंड विकास अधिकारी बागपत के के पांडे, खंड विकास अधिकारी खेकड़ा बाल गोविंद ,के नेतृत्व मे एक टीम का गठन कर विकास खंड कार्यालय बागपत भेजा। जांच टीम ने ग्राम प्रधान निबाली योगेंद्र धामा व सचिव संदीप कुमार के अलग-अलग बुलाकर बयान दर्ज किया बहुत देर तक आपसी सलास मशवरे के बाद दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता करा ने का प्रयास किया गया आखिरकार जांच टीम की मेहनत रंग लाई और वह दोनों पक्षों को उनकी सहमति के आधार पर समझने में कामयाब हो गई बाद में निबाली ग्राम पंचायत के प्रधान योगेंद्र धामा ने धरना स्थल पर आकर अधिकारियों के बीच अपनी गलती का एहसास करते हुए माफी मांगी इसके बाद समन्वय समिति ने धरना समाप्त करने की धोषणा की। धरने मे समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष प्रमोद शर्मा, संदीप कुमार, सुनील कुमार सिंह, कृष्ण कुमार तोमर, अनिल मान, मा वीरेन्द्र, अनिल वर्मा, सतेन्द्र कुमार, नीता,, सुधीर रुहेला, सुनील बसल, फारुक, अजीत कुमार, अखिलेश, अजली, विकुल, प्रशांत अहलावत, आलोक कुमार रविन्द्र कुमार सचिन कुमार सहित दर्जनों सचिवों ने भाग लिया

# टीएमयू फामेर्सी की नेशनल कॉन्फ्रेंस आज से, जुटेंगे नामचीन एक्सपट्‌र्स

**दैनिक समाज जागरण**




तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फामेर्सी कॉलेज की ओर से फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इन्नोवेशनः स्ट्रेंथनिंग इंडस्ट्री-अकेडमिया कोलाबोरेशन पर नेशनल कॉन्फ्रेंस- एनसीपीआरआई 2025 का 18 अप्रैल से होगा शंखनाद, नेशनल बायोफर्मा मिशन के डायरेक्टर डॉ. राज के. शिरुमल्ला बतौर मुख्य अतिथि करेंगे शिरकत तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फामेर्सी कॉलेज की ओर से फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इन्नोवेशनः स्ट्रेंथनिंग इंडस्ट्री-अकेडमिया कोलाबोरेशन पर दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस- एनसीपीआरआई 2025 का टीएमयू के ऑडी में 18 अप्रैल को प्रातः 10 बजे शंखनाद होगा। नेशनल बायोफर्मा मिशन के डायरेक्टर डॉ. राज के. शिरुमल्ला बतौर मुख्य अतिथि, जबकि पीसीआई फाइनेंस कमेटी के चेयरमैन डॉ. विभु साहनी और पीसीआई ईआरसी के चेयरमैन डॉ. दीपेन्द्र सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि कॉन्फ्रेंस में शिरकत करेंगे। एनसीपीआरआई कॉन्फ्रेंस में यूनिवर्सिटी की इंस्टीट्यूशनल इन्नोवेशन काउंसिल- आईआईसी का भी सहयोग रहेगा। कॉन्फ्रेंस में देश के एक दर्जन से अधिक दिग्गज फामेर्सी एक्सपट्‌र्स अपने-अपने अनुभव साझा करेंगे। कॉन्फ्रेंस में मेडिसिंस में होने वाले इन्नोवेटिव रिसर्च, फामार्कोविजिलेंस, दवाओं का सकारात्मक और नकारात्मक परिणाम, उद्योगो के अनुरुप स्किल डवपलमेंट, जैव प्रोद्योगिकी और प्रोसेस ऑटोमेशन सरीखे विषयों पर मंथन होगा। एनसीपीआरआई में स्टुडेंट्स, फैकल्टीज, रिसर्चर्स की ओर से 78 ओरल रिसर्च पेपर्स और 81 पोस्टर्स भी प्रस्तुत होंगे। कॉन्फ्रेंस के दौरान सोवेनियर का विमोचन भी होगा। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन के संग-संग कॉन्फ्रेंस चेयर एवम्‌ फामेर्सी के प्राचार्य प्रो. अनुराग वर्मा, कन्वीनर प्रो. फूलचन्द, को-कन्वीनर- प्रो. मयूर पोरवाल एवम्‌ प्रो. कृष्ण कुमार शर्मा, सेक्रेटरी डॉ. आशीष सिंघई, श्री आदित्य विक्रम जैन आदि की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रहेगी। एनसीपीआरआई 2025 में बीआईटीएस, पिलानी के डॉ. हेमंत जाधव, असेंचर के एसोसिएट वाइस प्रेसीडेंट डॉ. परेश वार्ष्णेय, बायोलॉजीकल ई लि. के प्लांट प्रोडक्शन मैनेजर श्री राकेश श्रीवास्तव, ल्युपिन के कॉपोरेट अफेयर्स डायरेक्टर श्री अभिनव श्रीवास्तव, जामिया हमदर्द, दिल्ली के डीन डॉ. फरहान जे. अहमद, सीडीआरआई, लखनऊ के साइंटिस्ट डॉ. नसीम अहमद सिद्दीकी, डीपीएसआरयू, दिल्ली की डॉ. प्रीति जैन, एकम्स फार्मा के जीएम डॉ. योगेन्द्र सिंह, प्रीमीडियम फार्मास्युटिकल के निदेशक डॉ. डी. बिर्डी, जाइडस केडिला से डॉ. गौरव गोयल, ग्लोबल हैवकोम टेक्नोलॉजीज लि. के हेड कंप्लायंस श्री विक्रांत धामा, ग्लोबल हैवकोम टेक्नोलॉजीज लि. के डिजिटल कंप्लायंस कंसल्टेंट श्री अगम त्यागी, एमईटी फार्मेसी कॉलेज की प्रोफेसर मंजरी मित्तल, एसआर इंस्टिट्यूट, बरेली के निदेशक प्रो. अतुल गंगवार, एसजीटी यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम में फार्मेसी कॉलेज के हेड प्रो. दिनेश कुमार यादव, एवीआईपीएस शोभित यूनिवर्सिटी, गंगोह में फार्मेसी कॉलेज के हेड प्रो. मयंक यादव भी अपना व्याख्यान देंगे। कॉन्फ्रेंस में मेडिसिनस के युगपत समीकरण विधि से विश्लेषण की क्यूबीडी विधि, नोवल ड्रग डिलीवरी सिस्टम में अनुसंधान की संभावनाओं, क्रोमीन 3- कार्बोक्सिलेट व्युत्पन्नों का इन-सिलिको विधि से डिजाइन और विकासः एटी1आर और एनईपी के डुअल इनहिबिटर्स के रूप में सरीखे विषयों पर एक्सपट्‌र्स अपने-अपने विचार साझा करेंगे। कॉन्फ्रेंस के पहले दिन उद्योगों की जरूरतों के मुताबिक आवश्यक स्किल्स, इंटर्नशिप, इंडस्ट्री द्वारा प्रायोजित प्रोजेक्ट, करिकुलम अपडेट, पर्सनेलाइज्ड मेडिसिन, जैव प्रोद्योगिकी, प्रोसेस ऑटोमेशन के स्किल्स, जबकि दूसरे दिन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज में कम्प्यूटर सिस्टम वैलिडेशन, एआई, क्रिस्पर, डिजिटलाइजेशन जैसी तकनीकों से पाठ्यक्रम अपडेशन पर पैनल डिसक्शन होगा।

# सम्वेदना फाउंडेशन्स ने मनाया तीसरा वार्षिक दिवस सफरनामा, तीन वर्षों की उपलब्धियों का हुआ लोकार्पण

**दैनिक समाज जागरण**



नोएडा! सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में सक्रिय संस्था सम्वेदना फाउंडेशन्स ने अपना तीसरा स्थापना दिवस शीरोज कैफे सेक्टर 21 मे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। जिसमें समाजसेवा, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कई सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विमला बाथम, विशिष्ट अतिथि नवरत्न फाउंडेशन्स के अध्यक्ष डॉ. अशोक श्रीवास्तव, त्यागराजा म्यूजिक एंड डांस सेंटर की संस्थापक राजेश्वरी, श्रीजी क्राफ्ट्स के सीईओ विक्रम चौहान तथा डॉ. सोनिया खुराना (सीनियर डेंटल कंसल्टेंट, मेट्रो हॉस्पिटल) मंच पर मौजूद रहे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में नोएडा साइबर क्राइम ब्रांच की टीम, स्वस्तिक सहारा के ब्यूरो वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल पांडेय, उज्ज्वल उन्नति फाउंडेशन संस्थापक दीपा देवी, खुशी उन्नति फाउंडेशन संस्थापक सरिता रघुवीर सिंह, दिव्य तरंग संस्थापक विक्की यादव, सोनिया चड्ढा, अन्नू पिपलानी, गरिमा सिंह, आर.बी. सिंह, मिरनाल सहित कई सम्मानित अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिसे आदिति चौहान ने प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र, पौधा, और एक विशेष गौरैया का घोंसला भेंट कर किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण में संस्था की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस खास मौके पर सम्वेदना की तीन वर्षों की यात्रा को समर्पित स्मारिका 'सफरनामा' का विमोचन किया गया, जिसमें संस्था के विविध अभियानों और सामाजिक योगदान को रेखांकित किया गया है। सम्वेदना ज्ञानशाला के बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं विक्की यादव की संगीतमय प्रस्तुति ने भी कार्यक्रम को सरस बना दिया। मुख्य अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक विचारों से समाज सेवा, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता को रेखांकित किया।समारोह के अंत में बच्चों को सुंदर उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। संस्था की टीम संस्थापक श्वेता गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रतिभा कुलश्रेष्ठ, कार्यकारिणी सदस्य अंजू कंधारी, मुख्य सलाहकार श्याम गुप्ता, सलाहकार ममता चौहान, अंजलि, पूजा पाल, मनोज सहित सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।

# प्रधानाचार्य समीक्षा बैठक हुई प्रारम्भ।

**दैनिक समाज जागरण**



कानपुर विशेष संवाददाता। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज दामोदर नगर कानपुर में भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत द्वारा तीन दिवसीय प्रधानाचार्य समीक्षा एवं कार्य योजना बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी संकुल से प्रधानाचार्यो ने सहभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मा हेमचंद्र क्षेत्रीय संगठन मंत्री पूर्वी उत्तर प्रदेश, दिनेश क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रमुख ने दीप प्रज्ज्वलित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार अवस्थी द्वारा अतिथियो का परिचय एवं स्वागत कराया गया। मा हेमचन्द क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने कहा कि हम योजना बनाकर कार्य करते हैं जिससे समाज को अच्छे नागरिक मिल सके हमको संपर्क करना आवश्यक है, तब विद्यालय समाज केंद्रित होता है। इस कार्यक्रम में मा रजनीश पाठक प्रदेश संगठन मंत्री, डॉ राकेश निरंजन अध्यक्ष, मा राकेश पोरवाल मंत्री,मा अयोध्या प्रसाद मिश्र प्रदेश निरीक्षक कानपुर प्रांत मा आर के सिंह सह मंत्री अजय, शिवकरण संभाग निरीक्षक विद्यालय के प्रबंधक ओम प्रकाश अग्रवाल तथा समस्त प्रधानाचार्य बंधु एवं भगिनी उपस्थित रहे।

# चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को और सशक्त करेगी योगी सरकार

- बच्चों की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार का बड़ा कदम, पूरे प्रदेश में दिखेगा असर
- विमेन एंड चाइल्ड हेल्पलाइन डेस्क को किया जाएगा मजबूत, स्टाफ बढ़ाने का प्रस्ताव
- जिलों में संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट्स के स्टाफ में भी वृद्धि किए जाने की योजना
- इस वर्ष रेलवे और बस स्टेशनों पर चाइल्ड हेल्पलाइन डेस्क की संख्या को भी बढ़ाने की तैयारी
- योगी सरकार की पहल से समाज में बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा के प्रति बढ़ेगी जागरूकता

**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ, 17 अप्रैल। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ विमेन एंड चाइल्ड हेल्पलाइन डेस्क को और सशक्त करने की तैयारी चल रही है। इसके अंतर्गत डेस्क पर काम करने वाले स्टाफ की संख्या में इजाफा किया जाएगा। जिलों में संचालित होने वाली चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट्स में भी स्टाफ में वृद्धि किए जाने की योजना है। इसके साथ ही, रेलवे और बस स्टेशनों पर चाइल्ड हेल्पलाइन डेस्क की संख्या को भी बढ़ाया जाएगा। योगी सरकार की इस पहल से राज्य में बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण में वृद्धि होगी। इससे न केवल हेल्पलाइन की पहुंच बढ़ेगी, बल्कि समाज में बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

**कंट्रोल रूम को मिलेगा और सहयोग**

विमेन चाइल्ड डेस्क के कंट्रोल रूम में कॉल्स की संख्या बढ़ने के मद्देनजर सरकार ने वहां 5 अतिरिक्त कॉल टेकर नियुक्त करने का प्रस्ताव तैयार किया है। इससे शिकायतों के निस्तारण की गति बढ़ेगी और बच्चों तथा महिलाओं को त्वरित सहायता मिल सकेगी। इसके अतिरिक्त प्रदेश के सभी 75 जिलों में संचालित चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट्स में अब अतिरिक्त 3 मल्टी टास्किंग स्टाफ कम सिक्योरिटी स्टाफ तैनात किए जाएंगे। इससे जमीनी स्तर पर बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी।

**रेलवे और बस स्टेशनों पर भी मजबूत होगी निगरानी**

इस योजना के तहत रेलवे और बस स्टेशनों पर भी अतिरिक्त चाइल्ड हेल्प डेस्क बनाए जाने की तैयारी है। वर्तमान में 23 रेलवे स्टेशनों पर यह डेस्क संचालित हैं, जिनकी संख्या बढ़ाकर 28 की जाएगी। इन 5 नए स्टेशनों में वाराणसी, कानपुर, प्रयागराज, बुलंदशहर और गाजियाबाद शामिल होंगे। वहीं, बस स्टेशनों पर फिलहाल 4 स्थानों पर चाइल्ड हेल्प डेस्क कार्यरत हैं। 2025-26 में इन्हें बढ़ाकर 11 किया जाएगा। ये 7 बस स्टेशन आगरा, चंदौली, प्रयागराज, मिजार्पुर, मेरठ, गाजियाबाद और वाराणसी होंगे। इस महत्वाकांक्षी योजना को भारत सरकार की स्वीकृति मिल चुकी है और 2025-26 में इसे जमीन पर उतारने की पूरी तैयारी की जा रही है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा संकट की स्थिति में अकेला महसूस न करे और समय पर उसे आवश्यक सहायता मिल सके।

# राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार-2024: प्रदेश की इकाइयों के लिए सुनहरा अवसर, 13 मई तक करें आवेदन

- योगी सरकार के प्रोत्साहन से प्रदेश की एमएसएमई इकाइयों को मिलेगा राष्ट्रीय पहचान का मौका
- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली एमएसएमई इकाइयों को मिलेगा नकद पुरस्कार, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र
- महिला, अनुसूचित जाति/जनजाति और दिव्यांग उद्यमियों के लिए विशेष श्रेणियां निर्धारित

**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ, 17 अप्रैल। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने "राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार-2024" के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह पुरस्कार देश की उन एमएसएमई इकाइयों को दिया जाएगा जो निर्माण या सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, तकनीकी रूप से दक्ष हैं अथवा निर्यात में योगदान दे रही हैं। पुरस्कारों में महिला, अनुसूचित जाति/जनजाति और दिव्यांग उद्यमियों के लिए विशेष श्रेणियां भी तय की गई हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एमएसएमई सेक्टर को मिल रहे प्रोत्साहन और योजनाओं के चलते प्रदेश की इकाइयों के पास राष्ट्रीय मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का यह सुनहरा अवसर है। योगी सरकार द्वारा संचालित विभिन्न एमएसएमई प्रोत्साहन योजनाओं का सकारात्मक असर राज्य की इकाइयों की मजबूती में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

**प्रथम पुरस्कार पर मिलेगा 3 लाख का इनाम**

पुरस्कार स्वरूप प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली इकाई को 3 लाख, द्वितीय स्थान के लिए 2 लाख और तृतीय स्थान के लिए 1 लाख की नकद राशि के साथ ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। एक इकाई एक से अधिक श्रेणियों में आवेदन कर सकती है, लेकिन चयन एक ही श्रेणी में किया जाएगा।

**विभिन्न श्रेणियों के लिए 10 पुरस्कार निर्धारित**

निर्माण क्षेत्र के लिए 12, सेवा क्षेत्र के लिए 9 तथा विशेष श्रेणियों के लिए 10 पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। पुरस्कार प्राप्त करने वाली इकाइयों को प्रतीक चिन्ह युक्त लेबल, लोगो, टाई आदि के उपयोग की अनुमति भी दी जाएगी। आवेदन के लिए वैध उद्यम पंजीकरण प्रमाणपत्र, पर्यावरणीय अनुमति, औद्योगिक लाइसेंस, अग्निशमन या विस्फोटक प्रमाणपत्र, ईएसआई/पीएफ संबंधित सामाजिक सुरक्षा दस्तावेज आदि जरूरी होंगे।

# अनधिकृत ई-रिक्शा के खिलाफ कार्रवाई जारी, कम प्रदर्शन करने वाले 20 जनपदों को नोटिस

- नागरिक सुरक्षा और सुगम यातायात के मद्देनजर परिवहन विभाग ने की समीक्षा
- मुख्यमंत्री के निर्देश पर 30 अप्रैल तक चलेगा अभियान
- 18816 वाहनों का हुआ चालान, अनुकूल रिजल्ट देने वाले जनपदों की सराहना
- अच्छा प्रदर्शन न करने पर ललितपुर, हाथरस, देवरिया, महाराजगंज, शामली, बस्ती, श्रावस्ती आदि जनपदों के अफसरों को भेजा जाएगा पत्र
- बरेली, लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, फिरोजाबाद, बाराबंकी, एटा, गोरखपुर, अंबेडकरनगर आदि ने किया अच्छा प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ, 17 अप्रैलः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नागरिक सुरक्षा और सुगम यातायात के मद्देनजर परिवहन विभाग की तरफ से पहली से 30 अप्रैल तक अवैध ई-रिक्शा के खिलाफ अभियान चल रहा है। अभियान के 16 वें दिन की परिवहन आयुक्त ने इसकी समीक्षा की। अभियान में अनधिकृत ई-रिक्शा व ऑटो के खिलाफ कार्रवाई कर आमजन को सुगम यातायात की सुविधा मुहैया कराने वाले जनपदों की समीक्षा की गई। इसमें सर्वश्रेष्ठ योगदान देने वाले जनपदों व न्यूनतम योगदान देने 20 जनपदों की सूची तैयार की गई है। न्यूनतम प्रदर्शन करने वाले जनपदों को कारण बताओ नोटिस भी जारी की गई है।

**इन जनपदों ने किया बेहतर प्रदर्शन**

अभियान में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जनपदों में बरेली, लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, फिरोजाबाद, बाराबंकी, एटा, कानपुर देहात, बहराइच, चंदौली, संत रविदास नगर, चित्रकूट, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, गाजीपुर व हमीरपुर में अभियान की स्थिति काफी अच्छी है।

**न्यूनतम प्रदर्शन करने वाले 20 जनपद**

अभियान के नोडल अधिकारी व अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) संजय सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर यह अभियान पहली अप्रैल से निरंतर चल रहा है। इसकी शासन स्तर से मॉनीटरिंग भी की जा रही है। अभियान की गति जिन जनपदों में धीमी है, वहां के अफसरों को नोटिस भेजकर जवाब-तलब किया गया है। श्री सिंह के मुताबिक अमरोहा, कासगंज, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सुल्तानपुर, सिद्धार्थनगर, मऊ, इटावा, फरुर्खाबाद, बदायूं, संभल, श्रावस्ती, झांसी, संतकबीरनगर, बस्ती, शामली, महराजगंज, देवरिया, हाथरस व ललितपुर के परिवहन अधिकारियों को नोटिस भेजकर जवाब-तलब किया गया है।

# जनता दर्शन कार्यक्रम में दिखी मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता

- संशोधित कॉपी नए तथ्यों के साथ
- दो दिव्यांगों को स्वयं दी इलेक्ट्रॉनिक सेंसर युक्त स्टिक
- मुख्यमंत्री के निर्देश पर चंदौली से आये एक दिव्यांगजन को तत्काल केवाईसी करा सुनिश्चित कराई गई पेंशन
- जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये 112 नागरिकों ने दिए 88 प्रार्थना पत्र
बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत मध्य प्रदेश के जिला मंदसौर से आये सामाजिक कार्यकर्ता कुणाल श्रीवास्तव द्वारा मेडिकल माफियाओं तथा एंबुलेंस माफिया के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कुणाल श्रीवास्तव ने उनके द्वारा मंदसौर जिले में मेडिकल माफियाओं एवं एंबुलेंस माफियाओं के विरुद्ध चलाये गये अभियान को लेकर जानकारी दी और जनपद सम्भल में भी इसी प्रकार से कार्यवाही हो सके उसके लिए अपने अनुभव साझा किये। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के प्राईवेट एवं सरकारी अस्पतालों में सिजेरियन डिलीवरी के आंकड़े अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराये जाएं। तथा दुर्घटनाओं के मामलों को लेकर भी निर्देशित करते हुए कहा कि इनके भी प्राईवेट तथा सरकारी अस्पतालों के आंकड़े उपलब्ध कराएं। इसके उपरांत कन्या सुमंगला योजना पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि इस योजना को लेकर गम्भीरता दिखाएं। खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा के विद्यालयों को कन्या सुमंगला योजना से संतृप्त किया जाए। जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जब से यह योजना संचालित है उसमें सबसे पुराने लगभग 200 फार्मों का सत्यापन कराया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि इस वर्ष में अब तक जनपद में कन्याओं का जन्म हुआ है उनका पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। जनपद के प्राइवेट एवं सरकारी अस्पतालों में कितनी बेटियों का जन्म हुआ एवं कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत पंजीकरण हुआ उसका डाटा उपलब्ध कराया जाए। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्रगति पर चर्चा की गयी।एनक्यूएएस के संबंध में जिला पंचायती राज अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रत्येक सब सेंटर की प्रगति रिपोर्ट को लेकर भी निर्देशित किया। आभा आईडी की प्रगति बढाने के निर्देश दिए। एनसीडी स्क्रीनिंग में प्रगति को लेकर भी निर्देश दिए। वित्तीय वर्ष 2025-26 के विभिन्न कार्यों के ई -टैंडर को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि तीन वर्ष के अन्तर्गत जो कार्य हुए हैं उनकी शत प्रतिशत जांच करायी जाए। गर्भ संस्कार केन्द्र बनवाने को लेकर भी निर्देशित किया। पोषण पुनर्वास केन्द्र चंदौसी में सैम मैम बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत रहे तथा कोई भी बेड खाली न रहे इसको लेकर भी निर्देशित किया। वीएचएसएनडी सत्र को लेकर भी चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पर इंफेंटोमीटर, स्टेडियोमीटर, एवं वजन मशीन नहीं हैं उनकी सूची डीपीएमयू को प्रेषित कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर समीक्षा की गयी। झाडियों के कटान एवं साफ सफाई में लापरवाही बरतने पर विकासखंड बहजोई के ग्राम जेतपुरा एवं विकासखंड गुन्नौर के ग्राम औरंगाबाद तथा विकासखंड रजपुरा के ग्राम ईसापुर के सफाई कर्मचारियों को निलंबित करने के लिए निर्देश दिए। तथा एडीओ पंचायत बहजोई, गुन्नौर एवं रजपुरा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जागरुकता कार्यक्रम लगातर चलते रहें। इसके उपरांत उम्मीद संस्था की ओर से जनपद सम्भल में चलाये जा रहे कार्यक्रम भीख से सीख की ओर को लेकर संस्था के बलवीर सिंह मान एवं रैना शर्मा द्वारा पीपीटी के माध्यम से उनके द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था भिक्षावृत्ति एवं बेसहारा लोगों के लिए कार्य कर रही है। चंदौसी, बबराला एवं बहजोई तथा सम्भल में उन्होंने इनसे संबंधित छोटे छोटे क्षेत्र चिन्हित किये हैं तथा उनपर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चंदौसी के बेहतरी फाटक के पास उन्हें 146 परिवार मिले हैं तथा उसमें 569 लोग है। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि इन परिवारों के हैल्थ कार्ड एवं हैल्थ चैकअप शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित किया जाए। बच्चों के आधार कार्ड तथा जन्म प्रमाण पत्र को लेकर भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी तथा डीपीओ आईसीडीएस को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन बच्चों का विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकरण हो सकता है उनका पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। संस्था से आये बाल वीर सिंह मान ने बताया कि उम्मीद संस्था एवं प्रशासन के सहयोग से चंदौसी में पांच परिवारों को कांशीराम आवास प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज बिश्नोई, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, जिला पंचायती राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय तथा समस्त एम ओ आई सी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नवागत डीएम अवनीश कुमार राय ने किया पदभार ग्रहण

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। जनपद बदायूं के नवागत जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कोषागार में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं को गति देना व आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इससे पूर्व कलेक्ट्रेट आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। नवागत जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय ने कहा कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति रहेगी। उन्होंने कहा कि वह आमजन व अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने पदभार ग्रहण करने के उपरांत कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में अधिकारियों का परिचय लिया और उन्हें ईमानदारी व गंभीरता से अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जनपद गाजीपुर के मूल निवासी वर्ष 2014 के आईएएस अधिकारी जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय ने इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। वह इससे पूर्व जनपद इटावा में जिलाधिकारी के पद पर थे। उन्होंने अपने सेवा काल में अयोध्या में सहायक मजिस्ट्रेट, फतेहपुर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, श्रावस्ती में मुख्य विकास अधिकारी, झांसी में नगर आयुक्त नगर निगम के पद को भी सुशोभित किया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व, एडीएम प्रशासन, एडीएम न्यायिक, मुख्य कोषाधिकारी गौरव चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सम्भल में उपचार के दौरान सड़क हादसे के घायल युवक की मौत

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सैफ खा सराय निवासी घायल मोहम्मद फिरोज 40 वर्षीय पुत्र खलील अहमद ने उपचार के दौरान दिल्ली में दम तोड़ दिया ,मृतक का बीते मंगलवार को नखासा थाना क्षेत्र के हसनपुर मार्ग पर देर रात कारोबार के सिलसिले से अपने बिजनस पार्टनर मुश्ताक के साथ अपनी गाड़ी से कही जा रहे थे, कि तभी अचानक से सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने मृतक की गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी है ,जिस कारण गाड़ी में सवार मृतक व उसका बिजनेस पार्टनर गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं ,जिनको आनन फानन में उपचार हेतु जिला अस्पताल लाया गया है,जहां से मोहम्मद फिरोज की हालत नाजुक



देख उसको हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है,हालात नाजुक देख परिवार वाले मोहम्मद फिरोज को उपचार हेतु दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले गए हैं,जहां पर जिन्दी मौत के बीच मृतक मोहम्मद फिरोज ने दुनिया को अलविदा कह दिया ,मृतक अपने पीछे तीन बच्चो को छोड़ दुनिया से चला गया है,मौत की खबर गाँव मे पहुँची तो शौक की लहर दौड़ गई है,मृतक के परिजनों ने नखासा थाना पँहुच अज्ञात बहान चालक के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की माँग की है।

# गुड फ्राइडे 18 अप्रैल को मनाया जाएगा, चर्चों के आसपास सुरक्षा व सफाई व्यवस्था के निर्देश

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अरुण कुमार ने अवगत कराया है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 अप्रैल 2025 को ईसाई समुदाय द्वारा गुड फ्राइडे का पर्व मानाया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि गुड फ्राइडे कि अवसर पर जनपद में स्थित सभी चर्चा व गिरजाघरों में मध्याहन 12.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक विशेष प्रार्थना आयोजित की जायेगी तथा 20 अप्रैल 2025 ईस्टर सन्डे के दिन प्रातः 03.00 बजे से प्रातः 05.00 बजे तक प्रभात फेरियों निकाली जायेंगी। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट व समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट्स को निर्देश दिए हैं कि इस पर्व के दृष्टिगत चर्चों व गिरजाघरों के आस-पास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था तथा साफ-सफाई, पेयजलापूर्ति आदि की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील बिल्सी में होगा संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार 19 अप्रैल शनिवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय की अध्यक्षता में प्रातः 10:00 बजे से तहसील बिल्सी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे व आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

# बिजली निजीकरण के खिलाफ भाकपा कार्यकताओं का कलेक्ट्रेट पर जबरदस्त प्रदर्शन।

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ दैनिक समाज जागरण**




सोनभद्र। वृहस्पतिवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्यव्यापी आवाहन पर जिला कौंसिल सोनभद्र के कार्यकताओं ने बिजली के निजीकरण के खिलाफ जुलूस निकाल कर जिला मुख्यालय पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया और बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाने, सांकेतिक हड़ताल के दौरान हटाये गए संविदा कर्मियों को बहाल करने, उत्पीड़न की कार्यवाही पर रोक लगाने आदि छ मांगों को लेकर पद्रर्शन किया और महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

जहां पार्टी नेताओं ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्यव्यापी आवाहन पर जिला कौंसिल सोनभद्र ,पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के खिलाफ इस धरना / प्रदर्शन के माध्यम से कहना चाहते हैं कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय व्यापक जनहित में एवं बिजली उपभोक्ताओं तथा बिजली कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए वापस लिया जाये।

निजीकरण की दृष्टि से बिजली कर्मियों की रियायती बिजली की सुविधा समाप्त करने हेतु स्मार्ट मीटर लगाने के आदेश को तत्काल वापस लिया जाये।

निजीकरण की दृष्टि से बड़े पैमाने पर संविदा कर्मियों को हटाये जाने का आदेश निरस्त किया जाये। मार्च 2023 में सांकेतिक हड़ताल के दौरान हटाये गये सभी संविदा कर्मियों को उर्जा मंत्री के 19 मार्च 2023 की घोषणा एवं समझौते के पालन में तत्काल काम पर रखा जाये, साथ ही उर्जा मंत्री के 19 मार्च 2023 की घोषणा व समझौते के क्रियान्वयन में बिजली कर्मचारियों पर की गयी समस्त कार्यवाहियां वापस ली जायें।

2.800 मेगावाट क्षमता की ओबरा 'डी' परियोजना एवं 2.800 मेगावाट क्षमता की अनपरा ' ई ' परियोजना का कार्य व्यापक जनहित में उ. प्र. राज्य विद्युत उत्पादन निगम को पूरी तरह सौंपा जाये।

पारेषण में टेरिफ बेस्ड कॉम्पटीटिव बिडिंग के नाम पर कई परियोजनाओं का निजीकरण का निर्णय वापस लिया जाये।

29 जनवरी 2000 के समझौते के अनुरूप उ. प्र. राज्य विद्युत परिषद परिषद के विघटन के फलस्वरूप हुई भारी क्षति को देखते हुए उ. प्र. पावर कारपोरेशन लि. उ.प्र. , जल विद्युत निगम लि. उ. प्र. , राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि. उ. प्र. पारेषण निगम लि. और समस्त विद्युत वितरण निगमों का एकीकरण कर यू. पी. एस. ई. बी. लि. का पुनर्गठन किया जाये आदि मांगों को वक्ताओं ने उठाया।

इस दौरान प्रमुख रूप से पार्टी जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य कामरेड बसावन गुप्ता, कामरेड चंदन प्रसाद, कामरेड रामजतन, कामरेड अमरनाथ सूर्य, कामरेड संजय रावत, सूरज बंसल, ज्योति कुमार, नितेश कुमार मौर्य, ज्ञान प्रकाश, सुजित सिंह, राजेश सिंह, विरेन्द्र सिंह गोंड, राज कुमार, रमेश, लीलाधर विश्वकर्मा, मैनेजर, मुन्ना सिंह खरवार, अमरनाथ अगरिया, पंचू यादव, दूर्योधन व गुलाब धांगर आदि के साथ साथ दर्जनों की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अग्नि मंथन के जरिए प्रज्वलित ज्वाला से हवन कुंड में लगी आग, दी गई आहुति

## विराट रुद्र महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने की यज्ञ मंडप की परिक्रमा

**विनोद कुमार सिंह/ दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। रामगढ़ कसारी स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में चल रहे विराट रुद्र महायज्ञ में वृहस्पतिवार को तीसरे दिन अग्नि मंथन के जरिए निकली ज्वाला से हवन कुंड में लगी आग, दी गई आहुति। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। इस दौरान हर हर महादेव के जयकारे से समूचा यज्ञ स्थल गुंजायमान रहा। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारे में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के आयोजक/ संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि भिखारी बाबा आश्रम परिसर में नौ दिवसीय विराट रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विराट रूद्र महायज्ञ के तीसरे दिन किए गए अग्नि मंथन के जरिए निकली ज्वाला से हवन कुंड में लगी आग में जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। जिससे पर्यावरण प्रदूषण की समस्या से निजात मिल सके। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। इस दौरान हर हर महादेव के जयकारे से समूचा यज्ञ स्थल गुंजायमान हो गया।

यज्ञाचार्य राजेश तिवारी, आचार्य योगेश तिवारी, आचार्य गिरीश पाठक व आचार्य रेवती तिवारी के जरिए विराट रुद्र महायज्ञ का कार्यक्रम तीसरे दिन संपन्न कराया गया। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। नागालैंड से आए संत शिरोमणि कथा व्यास पंडित राजेश तिवारी के जरिए सुनाई गई कथा का भी श्रद्धालुओं ने श्रवण किया।

विराट रुद्र महायज्ञ के यजमान परमानंद मौर्या व उनकी धर्मपत्नी भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की उपाध्यक्ष चिंता मौर्या के साथ ही राजकुमार गुप्ता, रीता देवी, करुणा सिंह, सीता अग्रवाल, सत्या मौर्या, कलावती चौबे, कृष्णावती, विमला देवी, हीरा सिंह, कालो देवी आदि मौजूद रही।

# आमने-सामने बाइक सवारों की टक्कर में एक वृद्ध घायल

**संवाददाता विनोद कुमार सिंह/ दैनिक समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। वाराणसी शक्तिनगर मुख्यमार्ग पर अग्रवाल मार्केट में बाइक का कहर देखने को मिला जहां तेज रफ्तार बाइक चालक ने दूसरे बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिस पर सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया।



घटना के बाद मौके पर हड़कंप की स्थित देखने को मिली और लोगों ने घायल वृद्ध को सड़क के किनारे लाकर लेटाया। इस दौरान एंबुलेंस को फोन पर दुर्घटना में घायल वृद्ध की सूचना दी। लेकिन काफी देर एंबुलेंस आता ना देख लोगों ने निजी साधन से बाइक सवार घायल वृद्ध को सीएचसी चोपन पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद वृद्ध की नाजुक स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना में दूसरे बाइक सवार को भी चोट आई है। घटना के बारे में पुलिस को जानकारी दे दी गईं। जिसके बाद पुलिस ने दोनो क्षतिग्रस्त वाहनों को सुरक्षित रखवा दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार घायल 60 वर्षीय नंदलाल यादव चुनार जिले के रहने वाले है। स्थानीय लोगों ने वृद्ध के पास मिले मोबाइल पर परिजनों को घटना की बाबत सूचना दे दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि घायल बाइक सवार अपनी साइड से बाइक चला कर जा रहा था और अचानक तेजी से आ रही दूसरे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिस वजह से यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि एंबुलेंस का बहुत देर तक इंतजार किया गया कान से खून और आंख व पैर में गंभीर चोट लगने की वजह से घायल वृद्ध को अस्पताल भेजा गया।

# कांग्रेस योजना में भाजपा का सौतेला रवैया: राघवेंद्र नारायण

## मनरेगा मजदूर भुखमरी के कगार पर, तत्काल भुगतान की मांग।

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। एनएसयूआई कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय सचिव राघवेंद्र नारायण ने सोनभद्र जनपद में हजारों मनरेगा मजदूरों के दिसंबर माह से लंबित भुगतान और भुखमरी के कगार पर पहुंचने पर गहरा छोभ व्यक्त किया है। उन्होंने राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा की हजारों मजदूरों का पिछले 150 दिनों से अपनी मजदूरी के लिए तरस रहे हैं। ये हमारे गांवों के गौरव हैं, लेकिन सरकार की बेरुखी ने इन्हें भूख और बेबसी के मुहाने पर ला खड़ा किया है।

राघवेंद्र नारायण ने बताया कि मनरेगा मजदूरी 237 रुपये प्रतिदिन है, और हर परिवार को सालाना 100 दिन काम की गारंटी कांग्रेस शासन काल की योजना है ।मगर 2024-25 में अब तक महज सिर्फ 40% मजदूरों को ही औसतन 50 दिन का काम मिल सका है, वह भी बिना भुगतान के, सोनभद्र जनपद में 32 करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया 5 माह से मजदूरी का भुगतान रुका हुआ है। मजदूरों के घरों में चूल्हे नहीं जल रहे, बच्चे भूख से तड़प रहे हैं, और परिवार कर्ज के जाल में फंसते जा रहे हैं, यह सरकार की संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है ।

उन्होंने सरकार की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि कर्मचारियों और प्रधानों की मजबूरी है एक तरफ सरकार का काम पूरा कराने का दबाव दूसरी तरफ मजदूरों का विरोध इसी के बीच फंस कर वो पीस रहे है। रोजगार सेवक, सेक्रेटरी, तकनीकी सहायक और प्रधानों की भी तकलीफ को उन्होंने बयां किया। और कहा की आवास आवंटन का सर्वे चल रहा है, लेकिन मजदूरी न मिलने से मजदूरों का आक्रोश बढ़ गया है। पिछले 3 माह में 70 से ज्यादा गांवों में काम रुके हुए है। प्रशासन दबाव डाल रहा है, और मजदूर सवाल पूछ रहे हैं ? कर्मचारियों और प्रधानों का गांव में घूमना मोहाल हो गया है गांवों में मजदूर अक्सर घेर ले रहें हैं, और किसी के पास सरकार के नकारेपन का कोई जवाब नहीं है।

'राघवेंद्र नारायण ने खुलासा किया कि 2024-25 में सोनभद्र के लिए 150 से अधिक मनरेगा परियोजनाएं स्वीकृत हुईं, जिनमें राशन दुकानें, आंगनबाड़ी भवन और तालाब जैसे तमाम काम शामिल हैं। "लेकिन भुगतान न होने से 50% से ज्यादे कार्य ठप पड़े हैं। मजदूर कहते हैं, 'पैसा दो, तभी काम करेंगे।' यह हाल सरकार की नाकामी का आईना है।

राघवेंद्र नारायण ने सरकार पर तंज कसा और कहा कि भाजपा का मनरेगा विरोधी, मजदूर विरोधी, और रोजगार विरोधी चेहरा बेनकाब हो गया है ।कांग्रेस ने मनरेगा के तहत 14.28 करोड़ ग्रामीण मजदूरों को रोजगार का हक दिया था। मगर भाजपा इसे खत्म करने पर तुली है। 2023-24 में उत्तर प्रदेश का मनरेगा बजट सिर्फ 3.04% बढ़ा, जो देश में सबसे कम है, जबकि तमिलनाडु में यह 7.89% था। 2022-23 में 5.53 करोड़ जॉब कार्ड हटाए गए, जिसमें गरीबों का हक छीना गया। यह मजदूरों के साथ विश्वासघात है।15 दिन में भुगतान देने की मांग की है , वरना सड़कों पर परिणाम भुगतने को तैयार रहें।

राघवेंद्र ने प्रदेश की योगी सरकार और आयुक्त से मांग की, सोनभद्र के मजदूरों का 32 करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया 15 दिनों में चुकाएं। हमारे मेहनतकश भाई-बहनों और उनके बच्चों का भविष्य खतरे में है। अगर सरकार चुप रही, तो हमारी पार्टी मजदूरों और कर्मचारियों के साथ मिलकर सड़कों पर उतरेगी और इस अन्याय के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी।

# अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला बीट सुदृढ़ीकरण करने हेतु जनपद की समस्त महिला बीट आरक्षियों के साथ की गई मासिक समीक्षा बैठक।

**दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस लाईन चुर्क, सोनभद्र स्थित सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा महिला बीट सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में जनपद की समस्त महिला बीट कर्मियों की मीटिंग की गयी। उक्त मीटिंग के दौरान महिला बीट कर्मियों को बीट क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करते हुये कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकारी योजनाओं जैसे- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बैंकिंग करेस्पोन्डेन्ट सखी, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना, छात्रवृत्ति योजना आदि तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव व रोकथाम, महिला सम्बन्धी कानूनों यथा पोक्सो एक्ट, पोश एक्ट, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही बीट क्षेत्र में होने वाले अवैध कार्यों के सम्बन्ध में अभिसूचना संकलन करने तथा अवैध शराब/मादक पदार्थों/छेड़खानी/ महिला उत्पीड़न में लिप्त अपराधियों व मनचलों/शोहदों के सम्बन्ध में जानकारी एकत्र किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के अतिरिक्त महिला बीट कर्मियों से उनके कार्य के सम्बन्ध में प्रश्नोत्तर करते हुये उनसे बीट क्षेत्र के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी और विभिन्न सरकारी योजनाओं व महिला सम्बन्धी कानूनों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुये उनकी दक्षता में वृद्धि की गयी। साथ ही महिला बीट में प्रभावी कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारीगण से प्राप्त निदेर्शों से अवगत कराते हुये ब्रीफ किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा महिला बीट कर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया तथा प्रकाश में आने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारीगणों को निर्देशित किया गया।

# मधुशाला की आड़ में बिना लाइसेंस की चल रही है चीखना की दुकानें, जहां होती है नशेड़ियों का उत्पात।

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। जिले के स्थानीय थाना क्षेत्र करमा में मधुशाला की दूकान पर बिना रोक टोक धड़ल्ले से चल रहा चीखना का व्यापार जहा नशेड़ियों का होता है उत्तपात, रहन सहन वासी हो रहे हलकान।

प्राप्त सुत्रो के अनुसार थाना क्षेत्र के अधिकतर मधुशाला के साथ चिकना की धड़ल्ले से व्यापार फूल फल रहा है। बता दें तमाम बिना लाइसेंस के चल रही अंडा, मछली, मिट, फास्ट फूड, चीखना की दुकाने आम लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन रही है शाम होते ही झुग्गी झोंपड़ी तिरपाल के अंदर दुकानों के पीछे शराब प्रेमियों की भीड़ और पियक्कड़ो मे विवाद होता रहता है।जिससे ब्यवसायी तथा रहवासी भी परेशान है बताया जाता है की चीखना दुकानों मे बासी और खराब खाद्य सामग्री की बिक्री से शराब सेवन करने वाले शौकीनों से आयेदिन तू तू मै मै आम बात हो गयी है। सूत्रों की बात करें तो इस फुटपाथ की दुकानों का कभी भी न फूड विभाग जांच करते है और नही स्थानीय पुलिस इन पर शिकंजा कसती है। वैसे तो नए थाना प्रभारी निरीक्षक के लिए अफीम, गाजा, हीरोईन बाजो के साथ यह भी एक चुनौती होगी। क्योंकि पूर्व की भांति कुछ मनबढ किस्म के लोग शाम होते ही जगह जगह अड्डों पर शराब पी कर उत्पात मचाना शुरू कर दे रहे हैं। यह भविष्य के गर्भ में है कि नए थाना प्रभारी निरीक्षक लगाम लगा पाते हैं या ढाक के तीन पात वाली कहानी चरितार्थ होगी।

# सोनभद्र जिले में टीबी और सांस के मरीजों की संख्या ज्यादा

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। यूं तो सोनभद्र जिला "भारत का पॉवर हब" और " उद्योग नगरी"*के नाम से मशहूर है। यहां सीमेंट फैक्ट्री, सीमेंट क्रशर, केमिकल फैक्ट्री और बिजली पॉवर प्लांट है। दुखद संयोग यह है कि इस जिले में टीबी और सांस संबंधित मरीज (सिलिकॉटुबरक्लोसिस, दमा, आईएलडी) भी बहुतायत संख्या में हैं। इसका मुख्य वजह इन फैक्ट्रियों से निकलने वाले धूल कण है।

मेडिकल कॉलेज के चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉ नागेन्द्र कुमार ने बताया कि उनके ओपीडी में ज्यादातर मरीज ऑक्यूपेशनल अस्थमा(दमा), टीबी, सीओपीडी, सिलिकॉटुबरक्लोसिस (सिलिका धूल कण से होने वाली टीबी), आईएलडी ( फेफड़े सिकुड़ने की बीमारी) और लंग (फेफड़े) कैंसर के मरीज आते हैं। विगत 6 महीनों में एक दर्जन से अधिक फेफड़ों के फटने का इलाज मुफ़्त में मेडिकल कॉलेज में किया है।

किसी को 2 हफ्ते से अधिक खांसी आना, खांसी में खून का आना, भूख न लगना, बुखार का आना, टीबी के प्रमुख लक्षण है। इसका जांच एवं इलाज भारत सरकार मुफ़्त में करती है तथा मरीज को पोषण के लिए एक हजार रुपए प्रतिमाह देती है।

किसी को बार बार जुकाम होना, सीने में जकड़न, छाती से सीटी जैसे आवाज आना, खांसी आना तथा सांस फूलता है तो दमा हो सकता है। इसका खतरा फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों तथा इसके आसपास क्षेत्र में रहने वाले लोगों को ज्यादा है। अतः इससे बचाव के लिए मास्क का प्रयोग करें तथा गर्म पानी का भाप लें। ऐसे लक्षण होने पर नजदीकी अस्पताल के चिकित्सकों से परामर्श जरूर लें।

# अपना दल एस के जिला मीडिया सचिव की दुर्घटना में मौत

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। अपना दल एस के जिला मीडिया सचिव सोनभद्र महेंद्र पटेल की बुधवार रात्रि में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रात्रि लगभग दस बजे पार्टी कार्यक्रम एवं अन्य वैवाहिक कार्यकम से होकर बाइक से गांव के ही एक रिश्तेदार के साथ अपने घर की तरफ लौट रहे थे कि शाहगंज रोड पर सामने अचानक सियार आ गया जिससे टक्कर होने पर सड़क पर दोनों लोग गिर गए पीछे से आ रही हाइवा ट्रक ने कुचल दिया। जिससे घटना स्थल पर ही दोनों लोग लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही अपना दल एस के सभी कार्यकता पदाधिकारियों में शोक का माहौल हो गया। तत्काल लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। अपना दल एस के जिला मीडिया सचिव पद पर कार्यरत महेंद्र पटेल उम्र 28 वर्ष लगभग निवासी कुसुमहां ग्राम घोरावल के रहने वाले थे। जिनकी एक दो वर्ष की बिटिया है। शोकाकुल परिवार के आवास पर पार्टी जिलाध्यक्ष अंजनी पटेल, अभिषेक चौबे राष्ट्रीय अध्यक्ष विधि मंच, आनन्द पटेल दयालु प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में जनपद के व्यापारी बन्धुओं/बैंक मित्रों के साथ की गयी बैठक।

**शिव प्रताप सिंह/ दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह की अध्यक्षता में आज दिनांक 17.04.2025 को पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र स्थित सभागार कक्ष में व्यापारी सुरक्षा के सम्बन्ध में जनपद के प्रमुख व्यापारियों, उद्यमियो, पेट्रोल पम्प मालिकों व बैंक मित्रों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी में जनपद के प्रमुख व्यापारियों, उद्यमियों, पेट्रोल पम्प मालिकों व बैंक मित्रों के साथ उनकी सुरक्षा एवं आगामी त्यौहार के दृष्टिगत नगर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने-अपने दुकानों/संस्थानों मे सीसीटीवी कैमरे का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने हेतु बताया गया। साथ ही साथ उनकी समस्याओं के विषय मे जानकारी की गयी व उनके निराकरण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा उनको सुरक्षा के सम्बंध मे पुलिस द्वारा हरसम्भव मदद का भरोसा दिलाया गया। इस मौके पर जनपद के व्यापारीगण/पेट्रोल पम्प मालिक/सरार्फा व्यापारी/बैंक मित्र मौजूद रहे।

# पति पत्नि के झगड़े में भाभी की मौत, पुलिस जांच में जुटीं, परिजनों में मचा कोहराम

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। कोन थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम निगाई निवासी सुनील पासवान गुरुवार के सुबह शराब के घर में रखा महुआ लेकर बेचने जा रहा था जिसे पत्नी ने उसे रोकते हुए ऐसा करने से मना किया तो भड़क उठा और लाठी डंडे से उसकी पिटाई करने लगा। देवरानी को पिटता देख भाभी मालवंती देवी उम्र लगभग 45 वर्ष पत्नी गोविंद पासवान दौड़कर वहां पहुंची और बीच-बीच बचाव करने लगी। जिसके क्रम में सुनील मना करने पर उग्र होकर भाभी को पीटने लगा जिसे सिर पर लाठियां से गंभीर चोट आने से मालवंती घायल हो गई। घटना के बाद सुनील मौके से फरार हो गया। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर कोन पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बावत ओबरा पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्ष पांडेय ने बताया कि ग्राम निगाई अंतर्गत सुनील पुत्र रामनरेश का उनके पत्नी से महुआ को बेचने को विवाद हुआ तथा झगड़ा हुआ था।झगड़ा में बीच बचाव करने उनकी भाभी मालवंती घायल हो गई थी जिसे स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित हो गया। परिजनों के दिये गये तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियुक्त पंजीकृत कर गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर दी गई है।

# मिशनशक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान।

**शिव प्रताप सिंह/ दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों, मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# शम्भू नाथ संस्थान में रोजगार मेला हुआ आयोजित।

**संवाददाता विनोद कुमार सिंह/ दैनिक समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। जिला सेवायोजन कार्यालय, सोनभद्र द्वारा शम्भू नाथ निजी औद्योगिक प्रतिक्षण संस्थान परास पानी में परिसर में गुरुवार को सुबह दस बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।

जिसमें मदरसन आटों टिव इलेस्ट्रेशन टेक्नोलॉजी नोएडा 19 ,वी5 ग्लोबल में 12,सीपीपीएल में 13, ओमकार गुड़ पुणे में 4 , यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस वाराणसी में 7 अभ्यर्थियों का कम्पनियों ने प्रतिभाग लेते हुए मेलें में विभिन्न पदों पर कम्पनियों द्वारा कुल 55 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस दौरान शम्भूनाथ निजी औघोगिक प्रतिक्षण संस्थान के प्रबन्धक विपिन तिवारी एवं प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह, राकेश सिंह नीरज कुमार वर्मा सेवायोजन विभाग के सच्चिदानन्द, रोजगार मेला प्रभारी जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव प्रदीप कुमार सिंह, यंग प्रोफेशनल सुरेन्द्र कुमार प्रजापति अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# रामपुर बरकोनिया पुलिस ने शातिर गौ तस्कर को किया गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीना द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी सदर रणधीर कुमार मिश्र के कुशल पर्यवेक्षण मे अवैध शस्त्र/विस्फोटक पदार्थ व मादक पदार्थ की बरामदगी के क्रम में दिनांक 16.04.2025 को



थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि एक व्यक्ति अवैध तमंचा लेकर सिलथम बाजार की तरफ आ रहा है जो थाना रॉबर्ट्सगंज से गोवध के मुकदमें में वांछित भी है और उसकी गिरफ्तारी पर 25,000/- (पच्चीस हजार रुपये) का पुरस्कार भी घोषित है। उक्त सूचना पर थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा सिलथम बाजार से अभियुक्त संजय हरिजन पुत्र रामकुवंर हरिजन निवासी सरईगढ़ टोला खदरा चौकी सरईगढ़ थाना रायपुर जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 35 वर्ष को एक अदद तमंचा (.315 बोर)व 01 अदद जिन्दा कारतूस (.315 बोर) बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना रामपुर बरकोनिया पर मु0अ0सं0 - 31/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

# ट्रेन के चपेट में आने से एक युवक की मौत दूसरा युवक की हालत गंभीर।

**तहसील संवाददाता शिव प्रताप सिंह। दैनिक समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। स्थानीय चोपन थाना क्षेत्र के पनारी ग्राम पंचायत के बगबैसा टोला में गुरुवार की भोर लगभग चार बजे संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव रेलवे पटरी के पास मिला जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल पाया गया। आशंका जताई जा रही है कि दोनों किसी ट्रेन की चपेट में आ गए हैं। दोनों गांव में ही किसी शादी समारोह में आए थे मिली जानकारी के मुताबिक



बुधवार को मोहन लाल यादव पुत्र राम लखन यादव निवासी ग्राम बगवैसा थाना चोपन के लड़की की शादी में बारात ग्राम कोंगा थाना बभनी से आई हुई थी, वहीं बाराती में आए बाराती जिंदलाल खरवार उम्र लगभग 13 वर्ष पुत्र शंकर लाल खरवार व शैलेश खरवार उर्फ सोनू उम्र लगभग 14 वर्ष पुत्र भगवान दास खरवार निवासी कोगा थाना बभनी दोनों युवक गुरुवार को भोर लगभग चार बजे अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे दोनों युवक को गंभीर चोटे लग गई जिसमें से जिंदलाल उपरोक्त की मृत्यु हो गई है घायल शैलेश खरवार उर्फ सोनू को रेफर जिला अस्पताल लोढ़ी किया गया है, वहीं सूचना पाकर चोपन अस्पताल पहुंचे चोपन थाना उप निरीक्षक रविन्द्र पांडेय कांस्टेबल उपेंद्र कुमार ने अग्रीम कार्रवाई करते हुए मृतक जिंदलाल खरवार के शव की पंचायत नामा की कार्यवाही कराई जा रही है और दुसरे घायल का ईलाज जारी है।

# हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत संविधान के प्रति जागरूकता के लिए निकाली प्रभात फेरी, दिया सन्देश

*ब्लाक स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली में बच्चों संग शिक्षकों ने नामांकन की अलख लगाई।

**समाज जागरण**
**अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।** 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम के तहत विकास खंड हरहुआ मुख्यालय से समाज में संविधान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने व स्कूलों में नामांकन के लिए बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा व खण्ड शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार ने हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी रैली निकालीक अभियान में स्कूली बच्चे,



शिक्षक ,ब्लाक कर्मी, प्रधान और गणमान्य लोग शामिल रहे। स्कूली बच्चे 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' के टैग लाइन, झंडा ,स्कूल चलो अभियान बैनर, पोस्टर और नारा लगाते हुए विकास खंड के द्वार से बेलवरिया ,नकछेदपुर ,सुतबलपुर से होते हुए बीआरसी प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात बीआरसी सभागार में' हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' शीर्षक संविधान आधारित बौद्धिक सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ हरहुआ बी0 पी0 वर्मा ने आधुनिक भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ0 आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। भारत रत्न डा0भीम राव अंबेडकर के 134 वी जयंती 14 अप्रैल से 28 अप्रैल के बीच शासन के निर्देश पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा किया।साथ ही सभागार में उपस्थित लोगों को अधिकार के साथ -साथ अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि संविधान में अंकित अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सकारात्मक नजरिया रखकर मान सम्मान ,स्वाभिमान के प्रति संवेदनशील होना होगा। साथ ही बच्चों को परिषदीय स्कूलों में नामांकन के लिए आह्वाहन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लाक के समस्त नोडल प्रभारी अजय कुमार श्रीवास्तव,प्रेम कुमार ,ओमप्रकाश गौतम ,सचिन सिंह, संदीप गौंड, संजय श्रीवास्तव,दिनेश सिंह, अरविंद दीक्षित, मनोज कुमार सिंह,महेश प्रसाद ,गोपाल राम,अंशु सिंह, सैय्यद मोहम्मद आरिफ,सुधा पाठक,शशिबाला सहित संकुल के अध्यापक ,शिक्षा मित्र उपस्थित रहे।

# गेंहू खरीद मे कोई लापरवाही क्षम्य नहीं : विनोद पांडेय

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**
सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक वाराणसी के निर्देश पर स्थानीय विकासखंड अंतर्गत बीपैक्स रौनाकला और चोलापुर मे खुले गेंहू क्रय केन्द्र का निरीक्षण एडीसीओ विनोद पांडेय द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान एडीसीओ तथा प्रभारी एडीओ चोलापुर संगीता वर्मा भी मौजूद रही। रौना कला मे मौके पर केन्द्र प्रभारी चंद्र प्रकाश यादव उपस्थित मिले ।केन्द्र पर अभीतक चार किसानो से 146 कुंटल गेंहू की खरीद हुई है। समिति को बैनर , 2 इलेक्ट्रॉनिक कांटा , पावर डस्टर व 2500 बोरा उपलब्ध कराया गया है। मौके पर पूर्णमासी यादव निवासी ग्राम रौना खुर्द तथा राजेंद्र सिंह ग्राम मुनारी



के लगभग 35 कुंटल गेहू की तौल होने जा रही थी। बीपैक्स चोलापुर मे 541 कुंटल खरीद पाई गई।केन्द्र प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि आगामी दो दिनो मे केन्द्र पर 200 कुंटल गेहू आने की उम्मीद है। निरीक्षण मे पाया गया कि क्रय केन्द्र पर अभी तक हैंडलिंग ठेकेदार द्वारा योगदान ही नही किया गया है। एडीसीओ ने केन्द्र प्रभारी चंद्र प्रकाश यादव तथा जितेन्द्र यादव को निर्देशित किया कि खरीद मे कोई लापरवाही क्षम्य नही होगी ।केन्द्र प्रभारी प्रतिदिन क्षेत्रीय किसानो से संपर्क करके गेंहू खरीद मे गुणात्मक वृद्धि सुनिश्चित करे।

## काशी के लाल डंपी तिवारी बाबा को मिला राष्ट्र गौरव का सम्मान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।**
पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिंह की जयंती गुरुवार को चंद्रशेखर फाउंडेशन द्वारा वाराणसी में मनाई गई। पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि सैयद राजा विधायक सुशील सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वाराणसी जिले में सबसे अधिक समाज सेवा कार्य करने वाले काशी के लाल डंपी तिवारी बाबा अध्यक्ष मिशन समाज



सेवा को राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।इस मौके पर डंपी तिवारी ने कहा आप लोगों को द्वारा सम्मान मिलना हमारे लिए नई ऊर्जा का संचार करने के बराबर होता हैं।गरीब और जरूरतमंद लोगों की सेवा आगे भी पूरी ईमानदारी से करता रहूंगा।आज मिले सम्मान से संगठन के सभी पदाधिकारी में नई ऊर्जा भरने का कार्य हुआ है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों के साथ साथ फाउंडेशन के लोग शामिल रहे।

## शिक्षक शिल्पकार की भूमिका में राष्ट्रीय निर्माण का कार्य कर सम्माननीय बनता है

*शिक्षक सम्मान और सेवानिवृत अध्यापको, एआरपी का हुआ सम्मान।

**समाज जागरण अनिल कुमार**
हरहुआ वाराणसी। शिक्षक शिल्पकार की भूमिका में राष्ट्रीय निर्माण का कार्य जीवन पर्यंत करते हुए सम्माननीय बन जाता है। बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार और कौशल प्रदान करता है। उक्त बातें कंपोजिट विद्यालय बेलवरिया, हरहुआ के प्रांगण में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ वाराणसी के इकाई शाखा हरहुआ के ब्लॉक अध्यक्ष संजीव राय बिल्लू के नेतृत्व में आयोजित शिक्षक सम्मान एवं सेवा निवृत अध्यापकों के सम्मान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अंबरीश सिंह भोला 'मानद सदस्य विकास प्राधिकरण वाराणसी' ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया।
विशिष्ट अतिथि राम प्रकाश सिंह वीरू 'अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा



वाराणसी' , पंकज कुमार खंड शिक्षा अधिकारी हरहुआ ने सम्मान में विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विकास खंड हरहुआ के कुल 65 अध्यापक, 05 पूर्व एआरपी, 03 नवागत एआरपी को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। तथा 31 मार्च को सेवानिवृत हुए चार अध्यापकों का अंगवस्त्र, गीता पुस्तक व अन्य सामग्री देकर सम्मान सहित विदाई किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अरविंद सिंह 'भाई जी',श्याम नारायण, दुर्गा सिंह, अवधेश राय,उमाशंकर शर्मा,अरविंद पांडेय,शिवाजी सिंह ,आनंद प्रकाश,रंजन त्रिपाठी, आनंद गुप्ता, डॉ0 मोहम्मद अखलाक खान,अजय श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, रामसागर राम, आमिय रत्न पाठक, संदीप गौड़ सचिन सिंह, दिनेश सिंह,सुधीर सिंह शाहिद सैकड़ो अध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन संजीव राय बिल्लू (अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा इकाई हरहुआ) द्वारा किया गया। मंच का संचालन आशुतोष पांडेय (सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय राजापुर) ने किया।

# प्रयागराज की घटना को लेकर प्रदेश सरकार को बर्खास्त करने की मांग

**समाज जागरण**
**आशीष कुमार गुप्ता**
बाबतपुर,वाराणासी । जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में गुरुवार को प्रयागराज में विगत दिनों जमुना पार के लोहगपुर में दबंग लोगों द्वारा एक दलित युवक को शराब पिलाकर जलाकर हत्या करने के मामले में एसडीएम को पत्रक दिया । जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष के राजीव कुमार उर्फ राजूराम के नेतृत्व में राष्ट्रपति को सम्बोधित उप जिलाधिकारी पिंडरा को दिए पत्रक में आरोप लगाया कि 13 अप्रैल को सुबह परिवार वालों को जब पता चला तो इसकी सूचना प्रशासन दिया लेकिन प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से नहीं लिया। यही नही आयें दिन प्रदेश में दलित बहन बेटियों की इज्जत



लूटी जा रही है । प्रदेश सरकार को बर्खास्त करने के साथ पीड़ित परिवार को 50 लाख की आर्थिक मदद व मृतक देवी शंकर के पत्नी के नाम से पांच बीघा कृषि आवंटित भूमि व सरकारी नौकरी देने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ राजूराम, श्याम बाबू सिंह, राकेश सिंह रिशु, श्री प्रकाश सिंह, रविंद्र कुमार, राकेश कनौजिया, रामलाल राम, अनिल कुमार, मनीष पाठक ,गोलू राम, सोनू राम, दिना सिंह, रतनलाल सेठ, हीरा सिंह, करिया मिश्रा, आनंद सिंह, बृजेश कुमार जैसल, शिवकुमार , कमलेश कुमार व सावन कुमार रहे।

## किक बॉक्सिंग पदक विजेता खिलाड़ी पूजा का राजेश्वरी बालिका इंटर कालेज हरहुआ में हुआ स्वागत

*राजेश्वरी बालिका इंटर कालेज की पूर्व छात्रा रह चुकी है पूजा पटेल।

**समाज जागरण अनिल कुमार**
हरहुआ वाराणसी। स्थानीय राजेश्वरी बालिका इंटर कालेज बैजलपट्टी,हरहुआ में गुरुवार को आयोजित स्वागत समारोह में प्रबन्धक कौशलेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में थाईलैंड में आयोजित प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 50 किलो भार में किक बॉक्सिंग में रजत पदक विजेता खिलाड़ी पूजा पटेल पर पुष्पवर्षा कर माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र के साथ स्मृति चिन्ह





नगद पांच हजार रुपये भेंट स्वागत कर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया। श्री सिंह ने बताया कि पूजा पटेल हमारे इस विद्यालय की पूर्व छात्रा रह चुकी है देश के साथ विद्यालय का भी नाम रोशन किया है। जिसको लेकर स्कूल के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं गौरवान्वित हैं। सम्मान करने वालों में प्रमुख रूप से समाजसेवी डॉ0 एस0डी0 सिंह, शिक्षिका आशा यादव,मंजू सिंह,स्नेहलता पांडेय, शिक्षक विमल कुमार विश्वकर्मा, सन्तोष कुमार सहित स्कूली छात्राएं शामिल रही।

## पान विक्रेता को गोली मारने वाले बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दो अन्य के तलाश में जुटी पुलिस
घटना में प्रयुक्त बाइक व असलहा बरामद

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल पिंडरा।**

सिंधोरा पुलिस ने एक हफ्ते पूर्व पान दुकानदार को गोली मारने अभियुक्त को अवैध असलहा व कारतूस के साथ घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। वही अभी भी दो आरोपी फरार है। विदित हो कि 6 अप्रैल को सिंधोरा थाना क्षेत्र के मरुई गांव निवासी सुरेन्द्र मौर्या को उनके घर के सामने खुद के पान की दुकान पर रात्रि 8 बजे एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों मे से एक व्यक्ति द्वारा से अवैध असलहा से जान से मारने की नियत से फायर कर दिया था। संयोग से गोली उसके अंगुली में लगी थी। पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर धारा 109 बीएनएस मुकदमा पंजीकृत गया था। इस दुस्साहसिक घटना के पदार्फाश हेतु पुलिस उपायुक्त गोमती जोन द्वारा टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे। उसी क्रम में सिंधोरा पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरो की फुटेज देखते हुए क्षेत्र मे सम्भावित स्थानों पर तलाश कर रही थी कि गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर उक्त छानबीन के दौरान प्रकाश में आये अभियुक्त पवन कुमार सिंह निवासी मरुई को तपस्वी





महाराज इण्टर कालेज राजपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से तलाशी के दौरान उक्त घटना में प्रयुक्त एक देशी तमंचा .32 बोर व एक जिन्दा कारतूस .32 बोर तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल वाहन सुपर स्पेलेंडर काले रंग की बरामद किया गया । घटना में शामिल आरोपित को गिरफ्तार करते हुए धारा 3(5),109(1),352, बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि आरोपित युवक ने पूछताछ के दौरान कहाकि वह 6 अप्रैल को उसके और रवि मौर्या के बीच पैसे के लेन-देन को लेकर मोबाइल पर कहासुनी हो गई थी । आरोपी ने रवि मौर्या को धमकी दी कि यदि उसका बकाया रुपया लेकर नही आया तो उसके पिताजी को गोली मार देगा। जब रवि मौर्या नहीं आया, तो आरोपी अपने दोस्त सत्यम पटेल और शशांक सिंह के साथ अपनी मोटरसाइकिल पर रवि मौर्या के पिता सुरेंद्र मौर्य की पान की दुकान पर पहुंचा और सत्यम पटेल को पिस्टल देकर सुरेंद्र मौर्य को गोली मारने के कहा तो सत्यम ने मोटरसाइकिल से उतरकर सुरेंद्र मौर्य को जान से मारने की नियत से गोली मार दी । इसके बाद तीनों लोग मोटरसाइकिल पर बैठकर बनारस शहर की तरफ भाग गए और पकड़े जाने के डर से पिस्टल को अपनी गाड़ी की डिग्गी में रखा था। गुरुवार को वकील से मिलने जा रहा था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया । जबकि अन्य दो आरोपी फरार है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ चोलापुर थाने में मारपीट व गाली गलौज के तहत मुकदमा पूर्व में दर्ज है। गिरफ्तार करने वाले टीम में उ0नि0 श्वेतान्शु पाण्डेय , उमेश कुमार, मिथिलेश प्रजापति , शशिनन्दन यादव व हे0का 0 रोशन त्रिपाठी उपेन्द्र यादव , सिपाही शिवशंकर सिंह चौहान शामिल रहे।

## दुष्कर्म के आरोपी अभियुक्त को फुलपुर पुलिस ने अशोक पटेल को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण प्रभात कुमार सेठ फुलपुर वाराणसी**

श्रीमान पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा के कुशल नेतृत्व में आज, दिनांक 17.04.2025 को, थाना फूलपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कैथोली मोड़ के पास से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने,





गाली देने, मारपीट और धमकी देने के संबंध में पंजीकृत मु0अ0स0 104/2025 धारा 64(1), 115(2), 352, 351(2), 333 बीएनएस में वांछित अभियुक्त अशोक पटेल, पुत्र काशी पटेल, निवासी ग्राम कठिरांव (जगलपुर), थाना फूलपुर, जिला वाराणसी, उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण 01.प्र0नि0 प्रवीण कुमार सिंह, थाना फूलपुर, कमि0 वाराणसी । 02. हे0का0 अरविन्द यादव थाना फूलपुर कमि0 वाराणसी 03. का0 अमित ब्यास थाना फूलपुर कमि0 वाराणसी

## निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिये करे आवेदन

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
बदायूँ। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत जनपद के दिव्यांगजन को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण यथा- (ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, बैशाखी, स्मार्ट केन, कान की मशीन, एम0आर0किट, लोप्रोसी किट इत्यादि) एवं कृत्रिम अंग (बनावटी हाथ पैर लगवाना, कैलीपर्स, जूता आदि) निःशुल्क प्रदान किये जाते हैं। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन जिन्हे समान प्रयोजन व उपकरण के लिए भारत सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय निकाय से पिछले तीन वर्शों के दौरान लभान्वित नहीं किया गया हो, ऐसे दिव्यांगजन आवेदन करने के पात्र होंगे तथा किसी शैक्षणिक संस्थान के नियमित छात्रों के लिए यह सीमा एक वर्श की होगी। उन्होंने बताया कि पात्र दिव्यांगजन अपना आवेदन ऑनलाइन बेब पोर्टल www.divyan gjanup.upsdc.gov.in पर कर सकते हैं। आवेदन करने हेतु दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण-पत्र (ग्रामीण क्षेत्र हेतु रू0-46080/- एवं शहरी क्षेत्र हेतु रू0-56460/- से अधिक न हो) आधार कार्ड, उपकरण/कृत्रिम अंग हेतु चिकित्साधिकारी की संस्तुति एवं एक रंगीन फोटो होना अनिवार्य है।

## संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव रामजी अंबेडकर ने सामाजिक समरसता की नीव रखी- विद्यासागर सोनकर पूर्व प्रदेश महामंत्री

*क्षेत्रिय कार्यालय पर डॉ भीमराव अंबेडकर रामजी सम्मान गोष्ठी का आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण**
वाराणसी। केसरीपुर स्थित भाजपा क्षेत्र कार्यालय पर गुरुवार को दोपहर में एमएलसी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा की अध्यक्षता में संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव रामजी अंबेडकर सम्मान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यासागर सोनकर पूर्व सांसद व विधान परिषद सदस्य एवं विशिष्ट अतिथि शंकर गिरी प्रदेश मंत्री तथा एमएलसी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ,एमएलसी धर्मेंद्र राय, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ,सेवापुरी विधायक प्रतिनिधि अदिति पटेल, पूर्व विधायक रोहनिया सुरेंद्र नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से



बाबासाहेब भीमराव रामजी अंबेडकर जी के मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। एमएलसी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने गोष्ठी में आए हुए सभी अतिथियों को अंग वस्त्र के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यासागर सोनकर ने भारत के संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए उनके विचारों के बारे में चर्चा किया। इसके अलावा सभी अतिथियों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बारे में विचार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन दिनेश मौर्य तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम ने की। गोष्ठी में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवेश पटेल, राजेश राजभर, हर्षवर्धन सिंह, जयप्रकाश दुबे, संजय सोनकर, अमन सोनकर, संजय राजभर, फौजदार शर्मा, सुधीर वर्मा उर्फ राजू ,अजय विश्वकर्मा, मनीष गौड़ कालरा इत्यादि पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## 09 जून तक प्रभावी रहेगी धारा 163

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अरुण कुमार ने बताया कि अप्रैल से जून 2025 में चन्द्रशेखर जयन्ती, गुड फाईडे, ईस्टर सैटरडे, ईस्टर मण्डे, परशुराम जयन्ती, लोक नायक महाराणा प्रताप जयन्ती, बुद्ध पुर्णिमा, ज्येष्ठ अमावस्या, गंगा दशहरा, ईदुज्जुहा (बकरीद) आदि के त्यौहार मनाये जाने है। नीट-2025 प्रवेश परीक्षा, महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय परीक्षा भी प्रस्तावित है। कतिपय अराजक समाज विरोधी, शरारती, सम्प्रदायिक एवं आपराधिक प्रवृत्ति के तत्व समाज में साम्प्रदायिक, जातिगत, वर्गगत, विद्वेष तथा अफवाहें फैलाकर सामाजिक समरता, सदभाव व कानून एवं शान्ति व्यवस्था बिगाड़ने का सुनियोजित प्रयास कर सकते है। इसके दृष्टिगत सम्पूर्ण जनपद में 16 अप्रैल से 09 जून 2025 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 (पुरानी सी0आर0पी0सी0 1973 की धारा 144) प्रभावी रहेगी। इस आदेश की अवहेलना भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

## सड़क के लिए खून के आंसू रोते पाली वासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

सात दिवस में काम शुरू नहीं हुआ तो व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद कर जतायेंगे विरोध

**दैनिक समाज जागरण**
बिरसिंहपुर पाली--- *पाली नगर का मुख्य सड़क मार्ग में गड्ढे धूल से परेशान व्यापारियों ने आखिरकार थक हार कर आंदोलन का मार्ग अख्तियार कर लिया है । इस बाबत पाली नगर के गणमान्य नागरिकों और व्यापारियों ने मोर्चा खोलते हुए आज तहसीलदार पाली को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौप दिया है । विदित होवे कि पाली नगर से गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग 43 लगभग एक दशक से अपने बदहाली पर आंसू बहा रहा है , और प्रशासन है कि इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा । इसीलिए पाली के नागरिकों ने अपने वाजिब हक के लिए आंदोलन का रास्ता चुना है । पाली नगर के मुख्य मार्ग की खस्ताहाल सड़क ने पाली के वासिंदो का जीवन नरक बनाकर रख दिया है , जिसके नव निर्माण की मांग लम्बे अरसे से स्थानीय नागरिकों के व्दारा की जा रही है लेकिन इसका असर प्रशासन के ऊपर नहीं पड़ रहा , जिससे व्यथित होकर व्यापारियों ने बीते दिवस तहसीलदार पाली को कलेक्टर उमरिया के नाम सौंप दिया गया। पाली नगर का मुख्य मार्ग एन एच-43 जैन पेट्रोल पंप से उत्कृष्ट शासकीय विद्यायल रामपुर से लेकर जैन पेट्रोल तक सड़क मार्ग पूरी तरह से उखड़ गई है,साथ ही पूरी सड़क में गढ्ढे से भरी पड़ी है, उबड़-खाबड़ सड़क और धूल के उड़ते गुब्बारो ने लोगों का जीना दुश्वार हो कर रह गया है। इन सब समस्याओं से पीड़ित नगर के परेशान हो गए हैं । ज्ञापन सौंपने वालों में व्यापार संघ के अध्यक्ष विमल अग्रवाल, कांग्रेस नेता संजीव खण्डेलवाल, पूर्व अध्यक्ष राम लाल लालवानी,कुशलेन्द शर्मा उर्फ धीरू भैया, संजय लालवानी, संजय अग्रवाल, संतोष यादव, प्रदीप सोनकर,श्रीधर राव, राजेश अग्रवाल,शंशाक जैन, प्रमोद उपाध्याय, भोला साहू,रवि मिश्रा, सहित सैकड़ों व्यापारी और नगर के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे । व्यापारी संघ ने ज्ञापन सौंपते हुए जिला प्रशासन से अपेक्षा की है कि सात दिवस के अंदर सड़क डामरीकरण का काम शुरू नहीं किया गया,तो व्यापारिक प्रतिष्ठान अनिश्चितकालीन काल के लिए बंद कर विरोध जताया जायेगा ।

## तेज रफ्तार कार ने ढाबे के आगे बैठे 5 लोगों को रौंदा वृद्ध की मौत, बच्ची समेत 4 घायल

**दैनिक समाज जागरण**
संभल / गुन्नौर। आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गांव रसूलपुर के पास गुरुवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार हुंडई वरना कार ने ढाबे के आगे चारपाई पर बैठे पांच लोगों को रौंद डाला। हादसे में एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नौ साल की बच्ची समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसा शाम करीब छह बजे हुआ, जब दिल्ली नंबर की हुंडई (DL 1C AF 6850) नरोरा की ओर से तेज गति से आ रही थी। गांव ईसमपुर डांडा निवासी हरिओम (65), जो पराग डेरी की देखभाल करते थे, ढाबे के सामने चारपाई



पर बैठे थे। उनके साथ गांव रसूलपुर निवासी तेजराम भी मौजूद थे। वहीं, बुलंदशहर जनपद के बेलोन गांव निवासी जितेंद्र अपनी बेटी वंशिका (9 वर्ष) और दोस्त नागेंद्र उर्फ नीटू के साथ बाइक से बहजोई थाना क्षेत्र के गांव किसौली जा रहे थे और रास्ते में ढाबे पर रुक गए थे।तेज रफ्तार कार ने सभी को रौंद दिया। हादसे में हरिओम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तेजराम, नागेंद्र, जितेंद्र और वंशिका गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए रेफर किया गया है।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पुलिस का कहना है कि हादसे के संबंध में अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# अवैध रूप से रेत चोरी करने वाले माफियाओं पर प्रशासन ने दिखाई सकती, करी बड़ी कार्रवाई

**समाज जागरण**

शहडोल थाना जयसिंहनगर क्षेत्रांतर्गत दिनाँक 14.04.2025 को मुखबिर कि सूचना मिली कि ग्राम ढोलर तरफ से एक ट्रैक्टर अवैध रूप से रेत लोड कर बिक्री करने हेतु जयसिंहनगर तरफ आ रहा है ' मुखबिर की सूचना पर तस्दीकी मे पुलिस टीम द्वारा बंधा बाजार जयसिंहनगर पहुंचे जहां एक ट्रैक्टर मय रेत लोड आते दिखा। जिसे रोककर पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम (आयुष राव पिता स्व० राजेश राव उम्र 21 वर्ष) निवासी जयसिंहनगर जो शेरू राव बर्ड नंबर 13 फूलमती रोड का निवाशी जो बड़े रेत चोर माफिया और हर्षित राव सन ऑफ शेरू राव जो मेरे टैक्टर और अपने अर्थात शेरू राव की ट्रॉली के द्वारा रेत चोरी करने की बात कही जिस पर सूचना अनुसार पुलिस द्वारा रेत संबंधी दस्तावेज मांगने पर चालक ने कोई वैध दस्तावेज नही होना बताया। जिस पर पुलिस द्वारा उक्त ट्रैक्टर को मय रेत लोड जप्त कर आरोपी चालक के विरूद्ध बी.एन.एस., मोटर व्हीकल एक्ट एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जयसिंहनगर के नेतृत्व में सउनि० संतोष कुमार मिश्रा एवं आर० रोहित यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जयसिंह नगर में रेत चोरी का बड़ा कारनामा रेत माफिया शेरू राव, हर्षित राव, मंटू सोनी, माइकल उर्फ मुकेश मिश्रा शैलेन्द्र राव के द्वारा लगातार अवैध रूप से रेत चोरी करने की सूचना आती रही है जिस पर एक बड़े रेत माफिया शेरू राव, हर्षित राव के द्वारा अवैध रूप से रेत चोरी करवा रहे ट्रैक्टर को पकड़ कर जैसीनगर पुलिस थाना द्वारा कार्रवाई की गई '

# यदि पुलिस चाहे तो क्या नहीं कर सकती...

### एक मिसाल बनी सतना पुलिस की तेजतर्रार कार्रवाई

**समाज जागरण**

सतना। जबलपुर से सपनों के कुछ रंग लिए सतना आई एक युवती की ज़िंदगी का सफर जैसे ही स्टेशन पर रुका, उम्मीदों की चमक के साथ उसका चेहरा भी खिला हुआ था। लेकिन कुछ ही पलों में यह मुस्कान चिंता और आंसुओं में बदल गई। जिस ऑटो से वह स्टेशन से बाहर निकली थी, उसी में उसका कीमती बैग रह गया–जिसमें 6 लाख रुपये की ज्वेलरी और कीमती कपड़े थे।घबराई हुई युवती सीधे सिटी कोतवाली पहुंची। आमतौर पर ऐसे मामलों में पुलिस की उदासीनता की खबरें आती हैं, लेकिन यहां कहानी अलग थी। थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत एक टीम गठित की। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, एक-एक फ्रेम को ध्यान से देखा गया और संदिग्ध ऑटो को ट्रेस कर लिया गया। कुछ ही घंटों में वह पल भी आ गया, जब युवती को उसका बैग वापस मिला। कांपते हाथों से बैग को पकड़ते हुए उसकी आंखों से बहते आंसू, चेहरे पर राहत की मुस्कान और जुबां पर सिर्फ एक शब्द– "भगवान का लाख-लाख शुक्र है।" भावनाओं से भरे इस पल में वह युवती बार-बार थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी, प्रधान आरक्षक एम.डी. सिंह, आरक्षक आरती चतुर्वेदी और पूरी पुलिस टीम को धन्यवाद देती रही। यह सिर्फ एक बैग की वापसी नहीं थी, यह था विश्वास का लौट आना। इस घटना ने साबित कर दिया कि यदि पुलिस चाहे, तो क्या नहीं कर सकती। सतना पुलिस ने संवेदनशीलता, सक्रियता और समर्पण की मिसाल पेश की है, जो आज के दौर में किसी प्रेरणा से कम नहीं।

# वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

**समाज जागरण**



रतलाम। अखिल भारतीय वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ का सातवाँ त्रैवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन 15 व16अप्रैल 2025 को बुध्देश्वर सभागार बाजना बस स्टैण्ड में सम्पन्न हुआ। संगठन की रीति नीति के अनुसार कार्य विस्तार, दृढ़िकरण के लिये तीन वर्ष में एक बार महासंघ की कार्यकारिणी का निर्वाचन होता है, इसी क्रम में इस वर्ष की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन सर्व सम्मति से निर्वाचन अधिकारी संजय सिंह प्रदेश अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ द्वारा किया गया। अधिवेशन के उपरांत राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें शरादू सिंह भाँवर (राष्ट्रीय अध्यक्ष, झाबुआ), अर्जुन राम (कार्यकारी अध्यक्ष, जशपुर छत्तीसगढ़), उपाध्यक्ष-राजा राज प्रताप सिंह रायसेन, रघुनाथ झारिया कबीर धाम छत्तीसगढ़, श्री मती रंगा मौरी, कृष्ण कुमार बैगा अनूपपुर ( राष्ट्रीय महामंत्री), प्रकाश बोदड़े (राष्ट्रीय उप महामंत्री) महाराष्ट्र, जितेन्द्र सिंह गुर्जर (राष्ट्रीय संगठन मंत्री) मंत्री- भगवती लाल मीणा, मती सोनिया कुमरे, भैरु लाल खदेड़ा रतलाम, कोषाध्यक्ष भरत पाटीदार, सह कोषाध्यक्षडाँ. विक्रम रघुवंशी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों में शिवराम ढाँडे अमरावती, रामदास जामुनकर, ठाकुर राम मरावी, शांति लाल डिण्डोर, नारायण मरावी,गणेश मर्सकोले, कैलाश निनामा, पंचम लाल ताराम, गणेश लाल मीणा, शांति लाल हठीला इसके साथ ही सभी प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य होंगे। उक्त आशय की जानकारीकृष्ण कुमार बैगा(राष्ट्रीय महामंत्री)अखिल भारतीय वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ द्वारा दी गई है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना का उठाये लाभ, 05 लाख का ब्याज मुक्त मिलेगा ऋण,

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना के अन्तर्गत 5 लाख का ऋण प्रदान किया जाता है। शासन द्वारा जनपद का वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1700 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होने योजना की पात्रता की शर्तो के सम्बन्ध में बताया है कि आवेदक उ0प्र0 का मूल निवासी होना चाहिये एवं उसकी आयु 21 से 40 वर्ष होनी चाहिये। आवेदक न्यूनतम कक्षा 8 उत्तीर्ण होना चाहिये, इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण अथवा समकक्ष को वरीयता दी जायेगी। आवेदक सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनाओं जैसे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद एवं टूलकिट योजना, अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ावर्ग प्रशिक्षण योजना, उ0प्र0 स्किल डेवलपमेन्ट मिशन द्वारा संचालित कौशल उन्नयन आदि में प्रशिक्षित हो अथवा किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय/शैक्षणिक संस्थान में कौशल सम्बन्धी सर्टीफिकेट कोर्स/डिप्लोमा/डिग्री प्राप्त हों। इस योजना में रुपए 5 लाख का 04 वर्ष हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जायेगा। परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अतिरिक्त मार्जिन मनी सब्सिडी देय है। पूर्व में पीएम स्वनिधि योजना के अतिरिक्त राज्य अथवा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित किसी अन्य योजना में ब्याज अथवा पूंजी उपादान का लाभ न प्राप्त किया हो। योजना अन्तर्गत स्वयं का अंशदान कटेगरी वाइस जनरल 15 प्रतिशत, ओबीसी 12.50 प्रतिशत, एससी/एसटी और दिव्यांगता 10 प्रतिशत रहेगा। सीजीटीएमएसई कवरेज हेतु आवश्यक धनराशि का वहन सरकार द्वारा किया जायेगा। यदि आवेदक को आवेदन करने अथवा अन्य कोई समस्या आती है तो समस्या के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों से सम्पर्क कर सकते है। आवेदन वेबसाइट www.diupmsme.upsdc.gov.in अथवा www.msme.up.gov.in पर किया जा सकता है।

# रामनगर ओसीएम में खनन माफिया का राज: दिहाड़ी मजदूरों से गैरकानूनी कोयला छंटवाने और स्टीम कोल की चोरी से उजागर होता भ्रष्टाचार

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर।एसईसीएल के हसदेव क्षेत्र अंतर्गत राजनगर ओपन कास्ट माइंस (ओसीएम) से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ खनन क्षेत्र में न केवल मानवाधिकारों की अनदेखी की जा रही है, बल्कि सरकारी कोयले की चोरी और भ्रष्टाचार का खेल भी खुलेआम खेला जा रहा है। दिहाड़ी मजदूरों से करवाई जा रही खतरनाक छंटाई राजनगर ओसीएम में गैरकानूनी रूप से काम कराए जा रहे दिहाड़ी मजदूरों को भारी खतरों वाले कोयला छंटाई कार्य में झोंका गया है। इन मजदूरों को बिना किसी प्रशिक्षण, सुरक्षा उपकरण या तकनीकी देखरेख के भारी मशीनों के आस-पास खड़ा कर कोयले की छंटाई करवाई जा रही है। यह कार्य खतरनाक परिस्थितियों में होता है, जिसमें जान जोखिम में रहती है, लेकिन प्रबंधन और प्रशासनिक तंत्र मौन है। अगर हो जाए कोई हादसा, तो कौन ज़िम्मेदार? सबसे बड़ा सवाल यही है – अगर किसी मजदूर के साथ कोई दुर्घटना होती है, तो प्रबंधन उसका ज़िम्मेदार कौन होगा? इन मजदूरों को नियुक्त करने या उनसे यह काम करवाने की कोई आधिकारिक अनुमति ही नहीं ली गई है। ऐसे में प्रबंधन ना तो इन्हें अपना कर्मचारी मानेगा, ना ही अधिकृत मजदूर। उल्टा, अगर कोई हादसा होता है तो यही मजदूर कोयला चोर करार दिए जाएँगे, और प्रबंधन सारा दोष उनके सिर मढ़कर अपना पल्ला झाड़ लेगा। यह न केवल अनैतिक है, बल्कि पूरी तरह अमानवीय और गैरकानूनी भी। गैरकानूनी नियुक्ति, गैरकानूनी काम खास बात यह है कि कोल इंडिया के नियमों के अनुसार कोयला छांटने जैसा कोई पद या कार्य आधिकारिक रूप से स्वीकृत ही नहीं है। फिर भी, यह कार्य राजनगर ओसीएम में निरंतर जारी है, जो कि पूरी तरह अवैध और गैरकानूनी है। यह इस बात का संकेत है कि खदान प्रबंधन और कुछ ठेकेदारों के बीच मिलीभगत से नियमों को ताक पर रखकर निजी हित साधे जा रहे हैं। स्टीम कोल की सुनियोजित लूट राजनगर ओसीएम से निकलेROM (Run of Mine) कोयले में अलग-अलग ग्रेड के कोयले का मिश्रण होता है, जिसमें स्टीम कोल यानी कोयले के बड़े बड़े बट्ठे जो की देर तक जलते हैं जो की कीमती और मांग वाले होते है। आरोप है कि रोम से पहले ही अच्छे ग्रेड के स्टीम कोल को छांटकर मनचाहे ठेकेदारों और कंपनियों को बेचा जा रहा है। ये कंपनियाँ सस्ती दरों पर इस कोयले को पाती हैं और कागजों में इसे कम गुणवत्ता वाला दिखा कर मुनाफा बटोरती हैं। सरकारी राजस्व को भारी नुकसान इस पूरी प्रक्रिया में सरकारी खजाने को करोड़ों का नुकसान हो रहा है। पारदर्शिता और निगरानी के अभाव में खदानों से निकला कोयला अवैध रूप से निजी हाथों में पहुंचता है, जबकि आम जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिलता। यह खनन क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियंत्रित व्यवस्था का गंभीर संकेत है। प्रशासनिक चुप्पी और जवाबदेही का अभाव जब इस मामले पर खदान प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन से सवाल किए गए, तो कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। यह चुप्पी कहीं न कहीं मिलीभगत को दर्शाती है, जिससे यह संदेह और गहरा हो जाता है कि यह सारा तंत्र योजनाबद्ध तरीके से खड़ा किया गया है। इनका कहना है मैं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए पहले से ही मना करके रखा था फिर भी अगर यह कार्य हो रहा है तो आप मुझे फोटो उपलब्ध कराये मैं जल्द ही इसपर कार्रवाई करवाता हूं! उमेश शर्मा महाप्रबंधक हसदेव क्षेत्र एसईसीएल

# वन परिक्षेत्र कार्यालय जतारा का जतारा विधायक हरिशंकर खटीक के द्वारा किया गया लोकार्पण

**समाज जागरण**



टीकमगढ़।वन परिक्षेत्र जतारा अन्तर्गत प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख भोपाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक कैंप भोपाल, वन संरक्षक छतरपुर एवं वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के दिशा निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के द्वारा कुशल नेतृत्व क्षमता को दशार्ते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में कैम्पा योजना अंतर्गत 22 लाख की लागत से फूल फैसिलिटी युक्त नवीन वन परिक्षेत्र कार्यालय जतारा का निर्माण कराया गया।।स्टेट रिज्यूम अर्थात रियासत कालीन समय से निर्मित पुरानी जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण हालत में वन परिक्षेत्र कार्यालय का वर्षों से संचालन किया जा रहा था जिसमें वर्षात के दौरान अक्सर पानी भरा रहता था और कीड़े मकोड़े निकलते थे साथ ही पार्किंग एवं अन्य सुविधाओं का अभाव बना रहता था जिसको दृष्टिगत रखते हुए अपनी जिद्द और लगन को कायम रखते हुए एवं अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली को एक बार फिर से जाहिर करते हुए वन सुरक्षा के साथ-साथ वानिकी एवं निर्माण कार्यों पर भी अपनी पकड़ रखने वाले वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार एवं उनकी टीम ने मध्य प्रदेश का सबसे अच्छा एवं अलग स्टाइल में नवीन वन परिक्षेत्र कार्यालय जतारा के साथ-साथ कैंपा और कार्य आयोजना एवं विकास मद से तीन वनरक्षक आवास और लाइन क्वार्टर का गुणबत्ता पूर्ण निर्माण कार्य निर्धारित मात्रा से हटकर अलग एवं अधिक मात्रा में निर्धारित समय पर कराते हुए वन विभाग में वन परिक्षेत्र जतारा की अलग पहचान स्थापित कराई गई। नव निर्मित वन परिक्षेत्र कार्यालय जतारा में सोफा, काउच, एयर कंडीशनर, एवं अन्य नवीन सामग्री के साथ-साथ समस्त ऑफिस स्टॉफ/बाबुओं के कमरों में नए कंप्यूटर स्थापित करते हुए संपूर्ण नवीन वन परिक्षेत्र कार्यालय जतारा को ऑनलाइन किया जाकर समस्त निर्मित नवीन वन रक्षक आवासों और लाइन क्वार्टर में पानी, बिजली और अंडर ग्राउंड वाटर रिचार्ज एवं ड्रेनेज सिस्टम के साथ पूर्ण करते हुए लोकार्पण के लिए तैयार किया गया। जिसका लोकार्पण 11/04/2025 विक्रम संवत 2082 दिन शुक्रवार चैत्र शुक्ल चतुर्दशी को स्थानीय क्षेत्रीय विधायक हरिशंकर खटीक के द्वारा अपने सभी कार्यक्रम को दरकिनार करते हुए प्राथमिकता के आधार पर वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के विशेष अनुरोध पर किया गया, जिसके दौरान विधायक हरिशंकर खटीक के द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा के वन सुरक्षा के कार्यों की सराहना करते हुए उत्कृष्ट निर्माण कार्यों की सराहना की गई। विधायक ने नवीन वन परिक्षेत्र कार्यालय जतारा और नवीन वनरक्षक आवासों के गुणबत्ता पूर्ण निर्माण कार्यों को विधानसभा जतारा की शान बताया गया और ऐसे ही निर्माण कार्यों को कराए जाने के लिए वन विभाग के साथ साथ अन्य विभागों को भी कराए जाने की अपील की गई। वन विभाग जतारा के द्वारा उक्त लोकार्पण कार्यक्रम स्थानीय एवं विधायक जतारा हरिशंकर खटीक एवं अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक निगरानी एवं मूल्यांकन भोपाल , वन संरक्षक छतरपुर, वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के मुख्य आतिथ्य एवं अध्यक्षता में भव्यता के साथ किया गया। वन विभाग के नवीन भवनों एवं नवीन वन परिक्षेत्र कार्यालय जतारा के लोकार्पण कार्यक्रम में टीकमगढ़ जिले एवं जन-जन के चहेते जतारा विधायक हरिशंकर खटीक , मोहन लाल मीणा अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक निगरानी एवं मूल्यांकन भोपाल, नरेश सिंह यादव वन संरक्षक छतरपुर, राजाराम परमार वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़, गौरव जैन वन मंडल अधिकारी अनुसंधान एवं वन विस्तार सागर, मनीषा बघाड़े उपवन मंडल अधिकारी टीकमगढ़, नितिन निगम उपवन मंडल अधिकारी कल्दा, राम किशन सोलंकी उपवन मंडल अधिकारी अनुसंधान एवं विस्तार सागर, नितेश सोनी वन परिक्षेत्र अधिकारी टीकमगढ़, सौरभ जैन वन परिक्षेत्र अधिकारी टीकमगढ़, लक्ष्मी यादव वन परिक्षेत्र अधिकारी अनुसंधान एवं विस्तार टीकमगढ़ ,नगरपालिका उपाध्यक्ष रिंकू पठान,मंडल अध्यक्ष बम्होरी मनोज सिंह कलरा, मुकेश अहिरवार अनुसूचित जाति जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष जतारा रोहित चौरसिया, मंडल उपाध्यक्ष दीपू शर्मा, मंडल महामंत्री राजीव साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सोहित पाल , भजन लाल अहिरवार खरगूपुरा सरपंच, निज सहायक जतारा विधायक एन.आर.घोष, वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार, उत्कृष्ट निर्माण कार्य को कराने वाली टीम अंतर्गत डिप्टी रेंजर ओमप्रकाश रैकवार, शुभम पटेल वनरक्षक, राजेश विक्रम सिंह डिप्टी रेंजर, जालम प्रजापति डिप्टी रेंजर, रियाजउद्दीन काजी डिप्टी रेंजर, अश्वनी मिश्रा डिप्टी रेंजर, सी.पी.सौर डिप्टी रेंजर, एवं वन परिक्षेत्र जतारा के समस्त वनरक्षक, प्रबंधक, स्थाईकर्मी, वन समिति सुरक्षा श्रमिक एवं सैकड़ों की संख्या में अन्य आम जन उपस्थित रहे, जिनके द्वारा लोकार्पण कार्यक्रम उपरांत एक एक पौधा नवीन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर जतारा में रोपित किया गया।

# घोटाले और भ्रष्टाचार का पर्याय नकली गांधी परिवार--दिलीप पाण्डेय

**समाज जागरण उमरिया**

अखबार समाज का आईना होता है ' अखबारों के माध्यम से आम व्यक्ति को देश और समाज में हो रहे घटनाक्रम की जानकारी मिलती है ' जिस अखबार की स्थापना देश की आजादी में लड़ने वाले लोगों की आवाज को मजबूत करने के लिए की गई थी, उसे गांधी परिवार ने निजी व्यवसाय में बदल दिया और अपने लिए एटीएम बना लिया।नेशनल हेराल्ड केस शुद्ध बिजनेस ट्रांजैक्शन का मामला है। तो वो कांग्रेस कैसे कह सकती हैं कि ये एऊ के कार्य क्षेत्र से बाहर है या ये किसी राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है?ये विषय 2012 में उठा, अक्टूबर 2013 में UPA सरकार के शासनकाल में एक जनहित याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश पर ये केस शुरू हुआ था। काग्रेश कोई पार्टी नही बल्कि एक नकली गांधी परिवार की जागीर है। किंतु भारत की संपत्ति उस परिवार की जागीर नही है। इनके एक एक कुकर्म का हिसाब होगा। निवर्तमान जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय जी ने कहा कि सरकारी व प्राइवेट सपोर्ट तो छोड़िये अगर 10% कांग्रेस कार्यकर्ता इस अखबार को खरीदने को तैयार होते तो उसके बंद होने की नौबत नहीं आती। इसका मतलब है कि कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस का संचालन करने वाले लोग चाहते ही नहीं थे कि ये अखबार चले।कांग्रेस बचकानी विरोध-प्रदर्शन करके स्वयं को निर्दोष साबित नही कर सकती। यह देश कांग्रेस की निजी संपत्ति नहीं है, और न ही सोनिया गांधी या राहुल गांधी कानून से ऊपर हैं।यह मामला कोई नया नहीं है। इसकी शुरूआत 1 नवंबर 2012 को उस समय हुई थी जब केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार सत्ता में थी। भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने दिल्ली की एक अदालत में यह शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने नेशनल हेराल्ड अखबार के प्रकाशक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड को धोखाधड़ी से हथियाने की कोशिश की। इसके लिए उन्होंने यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड नाम की एक नई कंपनी बनाई, जिसमें दोनों की बड़ी हिस्सेदारी थी।शिकायत के अनुसार, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अखछ को 90.25 करोड़ रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण दिया। बाद में यह कर्ज केवल ङ्50 लाख में यंग इंडियन को ट्रांसफर कर दिया गया। इस लेन-देन के जरिए अखछ की लगभग 2,000 करोड़ की अचल संपत्ति पर यंग इंडियन का नियंत्रण हो गया, जो मुख्यतः सोनिया और राहुल गांधी के स्वामित्व में थी। यह पूरी प्रक्रिया जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951, और आयकर अधिनियम, 1961, का उल्लंघन था, क्योंकि राजनीतिक पार्टियां व्यावसायिक लेन-देन नहीं कर सकतीं। खैर इस प्रकरण में तो इस्पस्ट झलक रहा है कि यह सौदेबाजी निजीलाभ के लिए की गई है। तब से कांग्रेस ने अपने वकीलों की पूरी फौज के साथ अदालतों–निचली अदालत, उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय–से राहत पाने की कई कोशिशें कीं। लेकिन हर बार उन्हें असफलता ही मिली। ट्रायल कोर्ट समन 26 जून 2014 को ट्रायल कोर्ट ने डॉ. स्वामी की शिकायत के आधार पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य को समन भेजा। आरोपियों ने इस समन को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी।. दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा याचिका खारिज की गई। दिसंबर 2015 को दिल्ली हाई कोर्ट ने सोनिया और राहुल गांधी की वह याचिका खारिज कर दी जिसमें समन रद्द करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कहा कि यंग इंडियन द्वारा अखछ के अधिग्रहण से आपराधिक मंशाह्व स्पष्ट होती है और प्रारंभिक चरण में ही कार्यवाही को रोका नहीं जा सकता।सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही 12 फरवरी 2016 को सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों को व्यक्तिगत पेशी से छूट दी, लेकिन कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया बाधित नहीं की जानी चाहिए और ट्रायल जारी रहेगा।इनकम टैक्स पुनर्मूल्यांकन चुनौती (2018)आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2011-12 के लिए सोनिया और राहुल गांधी के टैक्स असेसमेंट को फिर से खोलने का निर्णय लिया, यह कहते हुए कि अखछ अधिग्रहण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां छुपाई गईं। गांधी परिवार ने दिल्ली हाई कोर्ट में इसे चुनौती दी। 10 सितंबर 2018 को कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी और कहा कि यदि विभाग को लगे कि आय में हेरफेर हुआ है तो वह असेसमेंट फिर से खोल सकता है। प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट अप्रैल 2025 में प्रवर्तन निदेशालय ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम के तहत चार्जशीट दाखिल की। एजेंसी का आरोप है कि आरोपियों ने एक शेल कंपनी बनाकर नेशनल हेराल्ड से जुड़ी लगभग 2,500 करोड़ की संपत्ति अवैध रूप से हथिया ली।यह मामला अब भी अदालतों और जांच एजेंसियों की निगरानी में है। काग्रेशियो को न्यायालयों और जांच एजेंसियों को अपना काम करने देना चाहिये। इन्हें चाहिये कि घोटालेबाजों के हित मे खड़े होना बंद करे। गांधी परिवार ने 90 करोड़ की संपत्ति सिर्फ 50 लाख में खरीद ली। एक अन्य सदस्य ने 3 करोड़ में जमीन खरीदी और बाद में उसका व्यवसायीकरण करके 58 करोड़ में बेच दिया। इसे 'विकास का गांधी मॉडल' कहा जाता है।सोनिया और राहुल गांधी फिलहाल जमानत पर हैं। उन्होंने जांच को खारिज करवाने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे। उन्हें केवल व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दी गई थी। 1937 में 5,000 शेयरधारकों के साथ शुरू हुआ नेशनल हेराल्ड कभी भी नेहरू परिवार की निजी संपत्ति नहीं रहा। वित्तीय घाटे के कारण 2008 में इसका प्रकाशन बंद हो गया। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने हेराल्ड का प्रकाशन करने वाली अखछ को 90 करोड़ रुपए दिए। हालांकि, पार्टी फंड का इस्तेमाल किसी निजी कंपनी के लिए करना प्रतिबंधित है।जब अखछ ऋण चुकाने में विफल रही, तो इसकी मूल्यवान संपत्ति गांधी परिवार को हस्तांतरित करने के लिए एक कॉर्पोरेट साजिश रची गई। जिसका सीधा सीधा उद्देश्य गांधी परिवार को लाभ पहुचाना था। काग्रेश भ्रष्टाचार और घोटालों की पर्याय बन चुकी है। नकली गाँधीयो को बचाने इसके कार्यकर्ता चाहे जितना हो हल्ला करे अन्ततः कोर्ट से भ्रस्टाचारियो को सजा मिलकर ही रहेगी।

# निजी भूमि में मत्स्य पालन करने वाले 62 मत्स्य पालकों को मिलेगा लाभ

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण विकास कुमार दीपांकर ने बताया है कि मत्स्य विभाग में संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं में निजी भूमि में मत्स्य पालन करने वाले इच्छुक आवेदक के लिये विभागीय पोर्टल पर आनलाईन आवेदन करने हेतु 01 फरवरी से 28 फरवरी तक खोला गया था, इस अवधि में कुल 84 आवेदन प्राप्त हुये थे जिसके चयन हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक में कुल प्राप्त 84 आवेदनों में 62 आवेदनों को चयन तथा 22 आवेदनों को मानक के अनुसार अभिलेख विभागीय पोर्टल पर अपलोड न करने एवं कार्यालय में भी उपलब्ध न कराने के कारण अस्वीकृत किया गया। 62 आवेदकों को इस योजना के माध्यम से लाभ प्रदान किया जायेगा जिससे इनके आय में वृद्धि होगी।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत नये आवेदन एवं पूर्व में लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थियों के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य।

**दैनिक समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़ । जनपद के समस्त सम्मानित कृषक बन्धुओं को अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के नवीन आवेदन हेतु फार्मर रजिस्ट्री को अनिवार्य कर दिया गया है। तथा पूर्व में लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थियों के लिए भी आगामी किश्तों का लाभ पाने हेतु फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। अतः जो कृषक बन्धु वरासत के माध्यम से नये कृषक बने हैं अथवा अब तक किन्ही कारणवश पीएम किसान का पंजीकरण नही करा पाये हैं, वह स्वयं अथवा नजदीकी जनसेवा केन्द्र पर सम्पर्क करते हुए शीर्घ फार्मर रजिस्ट्री बनवा लें जिससे आपको पंजीकरण के समय किसी असुविधा न उत्पन्न हो एवं जिन कृषकों को योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है वो भी अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवा लें अन्यथा आप योजना की आगामी किश्तों के लाभ से वंचित हो सकते हैं। उक्त में किसी प्रकार की असुविधा होने पर कृषि विभाग के क्षेत्रीय कार्मिकों का सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।यह जानकारी कृषि उपनिदेशक द्वारा प्रेषित की गयी।

# कानपुर में तड़पती मां ,24 घंटे बाद भी नहीं मिला नहर में डूबा मासूम, तलाश जारी

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**



कानपुर। मौत किसी ना किसी बहाने से संबंधित व्यक्ति को अपने साथ ले ही जाती है। वह चाहे कोई बुजुर्ग हो ,जवान हो या फिर बच्चा। साथ मौत के रूप में किसी से भी बिछुड़ने का गम भी जीवन भर के लिए असह्य पीड़ा के साथ खून के आंसू रुलाने से नहीं चूकता। खास कर मां बेटे के संबंधों में बिछुड़ने की पीड़ा किसी मां के लिए और भी ज्यादा दुखदाई होती है। कुछ इसी तरह की असह्य पीड़ा का शिकार गोविंद नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली रेनू भी है ,जिसकी वजह है। उसके 2 साल के बेटे साहिल का नहर में डूब जाना, जिसकी लाश बहुत प्रयास के बाद अब तक बरामद नहीं की जा सकी है। दादानगर फैक्टरी एरिया में रहने वाले पिता नीलकमल के मुताबिक उनका दो साल का मासूम साहिल बाबा सुरेश के पीछे-पीछे घर आ रहा था। मुरारी गैस प्लांट के पास खारजा नहर पार करने के दौरान साहिल तेज बहाव में बह गया। सूचना देने पर मौके पर पुलिस और गोताखोर पहुंचे थे, लेकिन देर रात के चलते पानी में नहीं उतरे। सुबह गोताखोरों ने तलाशी अभियान शुरू किया है। पिता ने बताया कि पानी का भाव बहुत तेज था, जिसके कारण बच्चा डूब गया और अभी तक नहीं मिला है। बच्चे को बचाने के लिए पत्नी भी नहर में उतर गई थी। लोगों ने कूदकर बचा लिया था, वरना वह भी डूब जाती। आज पानी ढाई फीट कम कर दिया गया है। सुबह देर से पहुंचे गोताखोरों ने तलाश शुरू की है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका शव बरामद नहीं किया जा सका। इस घटना से मां और अन्य परिजनों का रो रो कर बहुत बुरा हाल है। पुलिस ने बताया कि बच्चों की तलाश लगातार की जा रही है।

# सभी भू-स्वामियों को रोजगार दिलाने हम प्रयासरत-राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल

### राज्यमंत्री ने आमाडांड़ में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में 22 लाभार्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**समाज जागरण**

जमुनाकोतमा अनूपपुर 17 अप्रैल 2025/ मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही हैं कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हों। यह हमारा दायित्व है कि जिन लोगों ने विकास के लिए अपनी भूमि दी है, उन्हें उनका समुचित अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की केन्द्र और राज्य सरकार लोगों के कल्याण एवं हित के लिए दिन रात मेहनत कर रही है

तथा मध्य प्रदेश में नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है। राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल आज आमाडांड़ में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने भूमि अधिग्रहण के एवज में 22 भू-स्वामियों के परिजनों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मंत्री श्री जायसवाल ने सभी लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नियुक्ति पत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे। कार्यक्रम में एसईसीएल के महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी वरिष्ठ अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# ट्रकों की चोरी दिखाकर ट्रकों के नंबर प्लेट आदि बनाकर बेचने वाला गैंग में दो ट्रक के साथ 5 गिरफ्तार

## - ट्रक चोरी गैंग पर पुलिस का शिकंजा, कप्तान मानुष पारिक की निगरानी में बड़ी कार्रवाई

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली । ट्रक चोरी करने व ट्रको की नम्बर प्लेट,आरसी कूट रचित तरीके से तैयार करने वाले अभियुक्त और उसके पाच साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।



कैंट थाना क्षेत्र में बरेली व अन्य जनपदो मे ट्रक चोरी करने तथा फाइनेंस से सम्बन्धित ट्रको की चोरों के झूठे मुकदमे कोर्ट से लिखाकर क्लेम लेने वाले गैंग से शाकिर उर्फ भूरा मास्टर पुत्र चाऊ खां निवासी मोहनपुर थाना कैण्ट, आरिफ पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम मजरिया थाना बहेड़ी को थाना आंवला क्षेत्र से चोरी किए गए ट्रक को अभियुक्तो के कब्जे से मय दो अदद फर्जी नम्बर प्लेट के साथ मारिया फैक्ट्री के पास पुराना कमेला से गिरफ्तार किया।

अभियुक्त शाकिर उर्फ भूरा की निशादेही पर ट्रांस पोर्ट नगर बरेली मे अभियुक्त सोहेल की दुकान पर खड़े ट्रक में चेसिस व इन्जन को गिलण्डर से घिसकर नष्ट करते हुए मौके से सोहेल पुत्र इरफान अली निवासी पदार्थपुर थाना बिथरी चैनपुर, सैफउद्दीन पुत्र अनीसउद्दीन निवासी रोहिली टोला थाना बारादरी, ईशाक अली पुत्र सूखा शाह निवासी पचदोरा दोरिया थाना भोजीपुरा के साथ गिरफ्तार किया ईशाक अली की जामा तलाशी से दाहिनी जेब से थाना कैण्ट मैं दर्ज ट्रक चोरी से सम्बन्धित मुकदमे की छाया प्रति बरामद हुयी तथा उसके बायें हाथ में पकड़े मोबाइल खुलवाकर चेक किया गया तो उसके वॉटसएप में थाना फतेहगंज पूर्वी व अलीगंज,थाना सिकन्द्राऊ जनपद हाथरस कई अन्य थाने से संबंधित मुकदमा के प्रपत्र मिले चेक करने पर दो अदद ट्रक की नम्बर प्लेट भी मिली जानकारी करने पर थाना सुभाषनगर व सिरौली जो कि अभियुक्त इशाक द्वारा कोर्ट से सेटिंग करके लिखाना बताया अभियुक्तों ईशाक , सोहेल , सैफउद्दीन द्वारा एक स्वर बताया गया कि वह लोग ईशाक , सोहेल , सैफउद्दीन , शाकिर उर्फ पूरा मास्टर , आरिफ , बाबू , अदनान , व अनीसउद्दीन काफी बर्षों से ट्रकों को चोरी करने तथा फाइनेंस के ट्रक खरीदकर कोर्ट से उनकी चोरी की झूठी सूचना देकर मुकदमे लिखबाकर फाइनेंस कम्पनीयों से सेटिंग कर के उनसे क्लेम लेने तथा आरटीओ में सेटिंग करके ट्रकों के फर्जी रजिस्ट्रेशन नम्बर प्राप्त कर उनकी आरसी, इन्सोरेन्स आदि कम्पलीट फाइल तैयार कराकर चोरी हुये ट्रकों के इंजन व चेसिस नम्बर आदि बदलबाकर फर्जी तैयार करायी हुयी नम्बर प्लेट लगाकर अच्छे दामों में बेच देते हैं ।

गिरफ्तार अभियुक्तो ने बताया गया कि हमारा पूरा गैंग काफी समय से ट्रक चोरी करने तथा जो ट्रक मालिक लोन की किस्ते नही दे पाते है उन्हें पैसों का लालच देकर या तो ट्रक मालिक की तरफ से या किसी जानने वाले व्यक्ति को ट्रक ड्राइवर बनाकर उससे ट्रक चोरी की झूठी सूचना कोर्ट में दिलबाकर मुकदमे लिखवाकर फाइनेंस कम्पनीयों से सेटिंग करके क्लेम लेकर हम पूरा गैंग व ट्रक मालिक आधा आधा बांट लेते हैं चोरी किये जो ट्रक पुरानी हालत में होते है उन्हे हम अन्य जनपदों में बड़े कबाड़ीयों को कटबा देते हैं तथा चोरी किये या लोन वाले जो ट्रक नये व अच्छी हालत में होते हैं। उनसे एक तरफ तो हम ट्रक चोरी की झूठी सूचना कोर्ट में दिलबाकर मुकदमे लिखबाकर फाइनेंस कम्पनी से सेटिंग करके क्लेम ले लेते हैं तथा दूसरी तरफ आरटीओ से सेटिंग करके नये नम्बर की फर्जी फाइ तैयार कराकर उन ट्रकों पर वह नयी नम्बर की प्लेट व फाइल ग्राहकों को दिखाकर ट्रक बेच कर दोहरा मुनाफा कमाते है हम लोगों में प्रत्येक का अलग अलग काम होता है गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा।

# जिलाधिकारी द्वारा मंडी समिति बरेली में अन्नदाता किसानो के लिए शबरी कैंटीन का किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली । मंडी स्थल में आए अन्नदाता किसान जो अपनी उपज का विक्रय करने आते हैं उनको शबरी कैंटीन के माध्यम से शुद्ध एवं पोस्ट भोजन 25 रुपए प्लेट उपलब्ध कराया जाएग।



जिलाधिकारी ने आज मंडी समिति में शबरी कैंटीन का उद्घाटन किया जिसके अंतर्गत मंडी समिति में आए सभी किसान जो अपनी उपज का विक्रय करने मंडी आते हैं उनके लिए शबरी कैंटीन के माध्यम से शुद्ध एवं पौष्टिक भोजन 25 रुपए प्लेट उपलब्ध कराया जाएगा साथ ही जिलाधिकारी महोदय द्वारा मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अंतर्गत जो कृषक कृषि उपज का विक्रय करने मंडी स्थल आते हैं या सरकारी क्रिय केंद्रो पर आते हैं उनको प्रवेश पर्ची पत्र 6 के आधार पर कृषकों 5000 रुपए मूल का विक्रय करने पर एक इनामी कूपन निर्गत किया जाता है। मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अंतर्गत मंडी समिति में चयनित है।मंडी स्थल बरेली में आए सभी अन्नदाता किसानों ने मंडी सचिव संतोष कुमार की खूब जमकर तारीफ करते हुए कहा कि मंडी में जो भी किसान अपना अनाज बेचने आते हैं उनके साथ अच्छा व्यवहार करते हैं। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार द्वारा दो किसानों को निशुल्क ट्रैक्टर वितरण किया गया।पहला किसान रघुवीर पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम ढका पोस्ट अखा जिला बरेली।दूसरा किसान शिवकुमार पुत्र नारायण लाल निवासी ग्राम हरेला तहसील फरीदपुर जिला बरेली को जिलाधिकारी महोदय रविंद्र कुमार ने आज निशुल्क ट्रैक्टर वितरण किये गये है साथ में मौके पर उपस्थित राजीव शुक्ला नगर मजिस्ट्रेट, विश्वेंद्र कुमार उपनिदेशक , संतोष कुमार सचिव मंडी समिति बरेली , कमलेश पांडे क्षेत्रीय अधिकारी ,शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक आफ इंडिया व अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

साथ ही जिलाधिकारी बरेली ने नवीन मंडी परिषद बरेली में यूनियन बैंक आफ इंडिया की नई शाखा उद्घाटन किया जिसमें मंडी परिषद में आए किसान व आढतियों के लेनदेन की सुविधा सुगम बनाई जा सके। मंडी समिति बरेली परिसर में स्थापित गेहूं क्रय केंद्र मंडी परिषद बरेली भारतीय खाद्य निगम एवं खाद्य एवं रसद विभाग के स्थापित क्रय केंद्रो का भौतिक निरीक्षण भी किया गया तथा सभी क्रय केंद्रो को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य की सत प्रतिशत पूर्ति करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष अधिक खरीद करते हुए किसानों को उचित समय से भुगतान करने के भी निर्देश दिए गए।

# मानसिक शांति एवं आत्मिक उन्नति हेतु मेडिटेशन जरूरीः डॉ धर्मेंद्र कुमार

## शांति, ऊर्जा एवं आंतरिक संतुलन हेतु लोगों ने लिया ध्यान सत्र में हिस्सा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। व्यस्तता भरे माहौल में आज प्रत्येक व्यक्ति की दिनचर्या ने मानव जीवन को अशांति पूर्ण, उबाऊ, ऊर्जा रहित, एवं मानसिक रूप से विक्षिप्त बना दिया है। ऐसे समय में मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करने में मेडिटेशन (ध्यान) का एक विशेष महत्व रहा है। उसी कड़ी में बीइंग स्पिरिचुअल फाउंडेशन के संस्थापक व आध्यात्मिक गुरु डॉ धर्मेंद्र कुमार ने ग्रीन पार्क, हरुनगला रोड स्थित बीइंग स्पिरिचुअल फाउंडेशन हॉल में ध्यान सत्र का आयोजन किया एवं मेडिटेशन द्वारा उपस्थित लोगों को शांति, ऊर्जा एवं आंतरिक संतुलन की अनुभूति से अवगत कराया। ध्यान सत्र में उपस्थित लोगों ने सेशन के पश्चात मिले लाभ के अपने बिचार भी आध्यात्मिक गुरु धर्मेंद्र कुमार से साझा किए एवं मेडिटेशन सेशन के द्वारा अपने अंदर पाए बदलाव को भी महसूस किया।



आपको बता दें कि आध्यात्मिक गुरु धर्मेंद्र कुमार को हाल ही में किर्गिस्तान देश ने ध्यान, योग शिक्षा और आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देने में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए अवार्ड देकर सम्मानित भी किया है। बीइंग स्प्रिचुअल फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी आशीष जौहरी ने बताया कि यदि आप अपने जीवन में सच्चे मानसिक सुकून की तलाश में हैं,एवं मानसिक शांति और आत्मिक उन्नति की खोज में हैं तो यह अवसर आपके लिए है, प्रत्येक रविवार को आध्यात्मिक गुरु धर्मेंद्र कुमार द्वारा " ध्यान सत्र " ग्रीन पार्क, हरुनगला रोड स्थित बीइंग स्पिरिचुअल फाउंडेशन हॉल में पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। यही नहीं आध्यात्मिक गुरु धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में यह " ध्यान सत्र " आपको तनावमुक्त जीवन की ओर ले जाएगा, जहाँ शांति, ऊर्जा और आंतरिक संतुलन की अनुभूति होगी। ध्यान सत्र में रजिस्ट्रेशन बीइंग स्पिरिचुअल फाउंडेशन कार्यालय में आकर कराया जा सकता है। ध्यान सत्र के इस अवसर पर श्रीमती सुमन रानी, आभाश्री, कु0 नेहा, कु0 राखी, शिवम यादव, संजीव कुमार त्यागी, सुरजीत सिंह, सौरभ सिंह चौहान, अभय गुप्ता, डीके श्रीवास्तव, त्रिलोकी नाथ शर्मा एवं मृगेंन्द्र सिंह आदि उपस्थिति रहे।

# आग जब-तक नियन्त्रण में है तभी तक उपयोगी, नहीं तो घातक : प्रमोद डागर

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली । नागरिक सुरक्षा के उपनियंत्रक राकेश मिश्र के निदेर्शानुसार डिप्टी चीफ वार्डन रंजीत बशिष्ठ व सहायक उपनियंत्रक प्रमोद डागर के संयुक्त तत्वावधान में अलखनाथ प्रभाग पोस्ट त्रिबटीनाथ द्वारा मन्दिर वाले पार्क, कालोनी नहेरू पार्क पर अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में सहायक उपनियंत्रक प्रमोद डागर द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। माल्यार्पण के पश्चात अग्नि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम किया गया जिसमें सहायक उपनियंत्रक प्रमोद डागर द्वारा स्थानीय निवासियों एवं सरस्वती शिशु मंदिर वृजलोक के छात्रों को बताया कि घर के सिलेंडर में यदि आग लग जाती है तो सर्वू हमें अपना मनोबल बनाए रखना चाहिए व गैस सिलेंडर के रैग्युलेटर के बटन को बंद कर देना चाहिए। कंबल को गीला करके सिलेंडर पर लपेटकर आग को आसानी से बुझाया जा सकता है। तदुपरांन्त सहायक उपनियंत्रक ने कंबल से आग बुझाकर भी दिखाया। स्टाफ आफिसर फायर हरीश भल्ला ने आग के प्रकार व आग को बुझाने के मैथड विद्यालय के छात्रों को बताए।

कार्यक्रम में सहायक उपनियंत्रक प्रमोद डागर डिप्टी डिवीजनल वार्डन अन्जय कुमार अग्रवाल स्टाफ आफिसर टू डी. डब्ल्यू गीता शर्मा, स्टाफ आफिसर फायर हरीश भल्ला आई. सी. ओ. कंवलजीत सिंह, पोस्ट वार्डन सुनील वर्मा पोस्ट वार्डन आर. पवन कालरा, सैक्टर वार्डन संजीव कुमार गर्ग, विभूति शर्मा, लवनीश भटनागर, विनय गर्ग, सुधांशु उपाध्याय प्रस्तावित सैक्टर वार्डन शंकर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में डिप्टी डिवीजनल वार्डन अन्जय अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, पदाधिकारियों व वार्डनों को धन्यवाद दिया। साथ ही कार्यक्रम के आयोजन करने लिए विशेष धन्यवाद प्रदान किया।

# तुलसी मठ मंदिर के मंहत नीरज नयन दास ने किया नाथ नगरी दर्पण 2025 पत्रिका का विमोचन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली । हिन्दू नववर्ष के अवसर पर नाथ नगरी बरेली जलाभिषेक समिति द्वारा प्रकाशित नाथ नगरी दर्पण 2025 पत्रिका का विमोचन प्रातः 9.30 बजे तुलसी मठ मंदिर के मंहत नीरज नयन दास द्वारा किया गया, विमोचन के अवसर पर महंत ने कहा कि नाथ नगरी बरेली घाम की आध्यात्मिक विशेषता से जनमानस को अवगत कराने के साथ 2 हिन्दु समाज को जागृत करने के जो प्रयास संस्था द्वारा किये जा रहे है वे अनुकरणीय है, नाथ नगरी दर्पण पत्रिका का प्रकाशन इस ओर किये जा रहे प्रयासो की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, वर्तमान में हिन्दु स्वाभिमान का प्रतीक बन चुकी इस पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु समिति के सभी सदस्य प्रशंसा एवं साधुवाद के पात्र है।



पत्रिका के विषय में जानकारी देते हुए संस्था के उपाध्यक्ष धर्मेश अग्रवाल ने बताया कि विविध जातिवर्ग में बंटे हिन्दु समाज को एक सूत्र में बाँधने जैसे महत्वपूर्ण एवं सभी विषयों पर प्रकाश डालने का प्रयास किया। मीडिया सूची व्रत त्यौहार, विवाह तिथियों अति आवश्यक जन सेवाओं, महत्वपूर्ण प्रशासनिक मो० नं० सूची, इत्यादि को सम्मलित किया गया है ताकि आवश्यकता पड़ने पर पात्रिका सहयोगी की भूमिका निभाये।

विमोचन के अवसर पर संस्था के अध्यक्ष ब्रजवासी लाल अग्रवाल आशुतोष अग्रवाल, मनोज देवल, अनुप अग्रवाल, धर्मेश अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, संजय अग्रवाल, कपिल गुप्ता, तुषार गुप्ता, शोभित अग्रवाल, रामसनेही शर्मा, प्रवीन अग्रवाल, तीरथ राम, पंकज देवल, अतिन दण्डन आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# पति-पत्नी के बीच हंगामा, प्रेम विवाह के बाद टकराव और मारपीट

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली । बरेली की कचहरी में उस वक्त हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जब पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद ने तूल पकड़ लिया। मामला प्रेम विवाह के 8 साल बाद रिश्तों में आई कड़वाहट का है, जहां दोनों पक्ष एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। पति मोहम्मद फहीम खान और पत्नी शाहीन के बीच कोर्ट परिसर में गाली-गलौज और मारपीट तक की नौबत आ गई। यह विवाद उस समय सामने आया, जब दोनों एक कोर्ट सुनवाई के लिए कचहरी पहुंचे थे।



मोहम्मद फहीम, जो सिलाई का काम करता है और देहरादून-दिल्ली में रहता है, ने बताया कि 8 साल पहले उसने उत्तराखंड के किच्छा निवासी शाहीन से प्रेम विवाह किया था। उनके 7 साल का एक बेटा भी है। फहीम का आरोप है कि उसकी अनुपस्थिति में रिश्ते के मामा इरफान ने शाहीन को पैसों का लालच देकर अपने प्रेम जाल में फंसाया और शादी का वादा किया। लेकिन जब इरफान ने शादी नहीं की तो शाहीन ने उस पर मुकदमा कर दिया। फहीम का कहना है कि शाहीन और उसके कथित प्रेमी ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया। उसने यह भी दावा किया कि पिछले 4 साल से उसका शाहीन के साथ कोई संबंध नहीं है। कचहरी में शाहीन ने उससे मारपीट और गाली-गलौज की, जिसके बाद वह अब साथ रहने को तैयार नहीं है।

वहीं, शाहीन ने फहीम के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। उसका कहना है कि फहीम किसी और के प्रे जाल में फंस गया है, जिसके चलते उसने शाहीन और उसके बेटे को मायके में छोड़ दिया। शाहीन का दावा है कि फहीम की मां, बहन और बहनोई ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। उसने फतेहगंज पश्चिमी थाने में शिकायत भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। शाहीन ने बताया कि कचहरी में फहीम ने उसके बेटे को छीनने की कोशिश की और उसे थप्पड़ मारा।

फहीम ने बताया कि मैं सिलाई का काम करता हूं, बाहर रहता हूं। मेरी पत्नी को मेरे मामा इरफान ने पैसों का लालच देकर फंसाया। अब ये लोग मुझे परेशान कर रहे हैं। कचहरी में भी मेरे साथ मारपीट की। मैं इसके साथ नहीं रहना चाहता।

वहीं शाहीन का कहना है कि फहीम किसी और के चक्कर में है। मुझे और मेरे बेटे को मायके छोड़ दिया। उसकी मां-बहन ने मुझे मारा। आज कचहरी में मेरा बेटा छीनने की कोशिश की और मुझे थप्पड़ मारा।

यह मामला अब कोर्ट में है, जहां दोनों पक्षों के बीच सुनवाई चल रही है। पुलिस और प्रशासन इस घटना की जांच में जुट गए हैं। बरेली कचहरी में हुए इस हंगामे ने एक बार फिर रिश्तों की नाजुक डोर को उजागर किया है।

# भात पहनाकर आ रहे भाइयों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर एक की मौत,दो घायल

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली । बहन के घर से भात पहनाकर घर लौट रहे भाइयों को अज्ञात वाहन ने टक्कर टक्कर मार दी जिसमें तीनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को मझगवा सीएचसी 108 एंबुलेंस के द्वारा पहुंचया गया डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया दो का इलाज चल रहा है।



परिजनों ने बताया थाना सीबीगंज क्षेत्र गांव तल्फी सराय निवासी 40 वर्षीय ओमकार यादव पुत्र सिपट्टर यादव उसका चचेरा भाई दिनेश यादव और सुरेश शर्मा नगर निवासी मोती पुत्र मूलचंद यादव तीनो लोग गांव राजपुर कला अपनी बहन कुसमा देवी के घर गए थे कुसमा देवी के बेटे की शादी है ।बुधवार की शाम को भात पहनाने के बाद ओमकार यादव, दिनेश यादव और मोती यादव मोटरसाइकिल के द्वारा रात में घर वापस आ रहे थे रास्ता में अलीगंज के पास अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिसमें ओमकार यादव, दिनेश यादव और मोती यादव तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को मझगवा सरकारी अस्पताल पहुंचाया डॉक्टर ने ओमकार यादव को मृत घोषित कर दिया दिनेश यादव और मोती यादव घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया दोनों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है ओमकार यादव की पत्नी सोमवती और तीन लड़के हैं परिवार में सभी का रो-रोकर बुरा हाल है पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा।

# वास्तव में हीमोफीलिया रोग एक गंभीर बीमारी है : जिलाधिकारी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। जीवन रेखा हीमोफीलिया जन कल्याण समिति के तत्वाधान में , विश्व हीमोफीलिया दिवस पर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में एक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ, कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी बरेली रविंद्र कुमार ने जागरूकता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वास्तव में हीमोफीलिया रोग एक गंभीर बीमारी है जो लोग इस बीमारी से पीड़ित है उनके लिए और उनके परिवार के लिए सरकार की समस्त योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास करूंगा जैसे अंत्योदय राशन कार्ड, सरकारी आवास, आयुष्मान कार्ड, युवा बेरोजगारों को ऋण आदि, के लिए प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा।



संस्था के संरक्षक महेश पंडित ने बताया कि यह समिति हीमोफीलिया रोगियों के कल्याण के लिए काम करती है।वरिष्ठ समाजसेवी नदीम शम्सी ने बताया कि हमारी समिति के प्रमुख कार्य जैसे रोगियों के लिए जिला अस्पताल में फैक्टर उपलब्ध कराना, आपातकालीन स्थिति में बेड दिलवाना एवं भर्ती करवाना, गंभीर मरीजों को हायर सेंटर लखनऊ, दिल्ली रेफर करवाना आदि कार्य सहित विकलांगों के प्रमाण पत्र बनवाना स्किल आई डी बनवाना एवं यातायात कंसेशन कार्ड बनवाना शामिल है हैं।

अध्यक्ष सम्मेलन की अध्यक्षता कर रही डॉ आस्था अग्रवाल ने बताया कि हीमोफीलिया एक वंशानुगत रक्तस्राव विकार है, जिसका अर्थ है कि यह जन्म देने वाले माता-पिता से उनके बच्चों में पारित हो सकता है। जिला अस्पताल की मंडलीय अपर स्वास्थ्य निदेशक डॉक्टर अलका शर्मा ने बताया कि अगर आपके बच्चे के होठों, मसूड़ों या जीभ से खून बह रहा है, तो दबाव डालें और बर्फ की पट्टियाँ रखें। अगर खून बहना बंद नहीं होता है, तो हीमोफीलिया टीम को बुलाएँ। उसे चूसने या चूसने वाली चीज खाने न दें। जब तक आपके बच्चे का इलाज न हो जाए या खून बहना बंद न हो जाए, तब तक कट पर बर्फ की पट्टियाँ रखना जारी रखें।

समिति की ओर से गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी पांच वरिष्ठ समाजसेवियों को मोमेंटो एवं शाल उड़ाकर सम्मानित किया गया, लावारिस लाशों का दाह संस्कार करने वाले समाजसेवी अजय अग्रवाल, प्रतिदिन रोगियों की देखरेख एवं सेवा करने वाले समाज सेवी नदीम शमसी, धार्मिक कार्यों के लिए जनपद में प्रसिद्ध एवं दीन दुखियों की मदद करने वाले पंडित हरिओम गौतम जी,जिला अस्पताल के स्किल आईडी ऑपरेटर वंश शर्मा, समिति की विधि सलाहकार अनीता शर्मा आदि को सम्मानित किया गया, कार्यक्रम समिति की समस्त जानकारी का बुरा अध्यक्ष रेखा रानी ने प्रस्तुत किया एवं आभार व्यक्त किया सचिन राजेश रस्तोगी ने सभी अतिथियों का माला पहनकर अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से, जिला अस्पताल के जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सक डॉक्टर अजय मोहन अग्रवाल, डॉ आशीष, समाज सेविका शहीन खान, डॉ विनय , ममता पंडित,रुचि पंडित कपिल मिश्रा,सलमान खान, मानस रस्तोगी आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# पटाखे दागने वाले साइलेंसर को लेकर एसपी सिटी ने लिया बड़ा एक्शन, ढाई लाख के 123 मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त,ऑटोमोबाइल दुकानों पर छापेमारी

## इस्लामिया मार्केट में चली चेकिंग अभियान की बड़ी कार्रवाई

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। मॉडिफाई साइलेंसर के जरिए शहर में पटाखा दागकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ एसपी सिटी मानुष पारीक ने कड़ा एक्शन लिया है। शहर की ऑटोमोबाइल दुकानों से पटाखे छोड़ने वाले 123 मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किए हैं। इन साइलेंसरों की कुल कीमत लगभग 2.50 लाख रुपये है।



कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित इस्लामिया मार्केट, जीआईसी कॉलेज रोड स्थित ऑटोमोबाइल दुकानों पर पुलिस ने छापेमारी करते हुए यह कार्रवाई की। चेकिंग अभियान के दौरान आर.बी. बुलट एसेसरीज के स्वामी नईम कुरैशी, एम.एस. एसेसरीज के स्वामी जीशान, एम.एम. मोटर्स के संचालक शाहिल खान, एम-3 मोटर्स और मद्रास मोटर्स के मालिक राहिल खान की दुकानों से ये साइलेंसर बरामद किए गए।

एसपी सिटी ने बताया कि दुकानदार कंपनी द्वारा लगाए गए सामान्य साइलेंसरों को हटाकर पटाखे छोड़ने वाले व अन्य मॉडिफाइड साइलेंसर मोटरसाइकिलों में फिट कर रहे थे, जिससे ध्वनि प्रदूषण के साथ-साथ पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचाया जा रहा था। सभी साइलेंसर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 182अ(3) के अंतर्गत अवैध माने गए हैं।

### बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ हुई कार्रवाई

थाना कोतवाली पुलिस टीम ने सभी 123 साइलेंसरों को जब्त करते हुए संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध एम.वी. एक्ट की धारा 182अ(3) के तहत वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। पुलिस का कहना है कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### पुलिस टीम का नेतृत्व

एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर एसपी सिटी मानुष पारीक और सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अमित पांडेय की अगुवाई में थाना कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा किया गया।

# दरगाह पर तहरीक-ए-तहफ़्फ़ुज-ए-सुन्नियत की अहम बैठक

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। दरगाह-ए-आला हजरत के सज्जादानशीन व तहरीक-ए-तहफ़्फ़ुज-ए-सुन्नियत (टी.टी.एस) के कुलहिन्द सदर हजरत मुफ़्ती मुहम्मद अहसन रजा खाँ कादरी(अहसन मियां) की सरपरस्ती में टी.टी.एस के ज़िम्मेदारान की एक अहम-बैठक हुई। इस मौके पर मुफ्ती अहसन मियां ने अपनी इल्मी सलाहियत के साथ हाजरीन से मुखातिब होते हुए फरमाया मौजूदा वक़्त के फित्नों और चालाकियों के पेशे-ए-नजर हम सब पर जरूरी है कि अकीदा-ए-हक, मसलक-ए-आला हजरत पर एक राय होकर,एक मुट्ठी की तरह,फिक्र-ए-रजा को अपनी पहचान बनाते हुए दीन की खिदमत और तब्लीग(प्रचार) का फरीजा अदा करते रहे। जब बंदा अल्लाह और उसके रसूल के बताये हुए रास्तों पर चले,तो अल्लाह तआला अपनी मदद से नवाजता है। मगर इस मदद को हासिल करने के लिए हमे अपनी ज़िंदगी को शरीअत के मुताबिक ढालना होगा, सख़्ती से शरीअत की पाबंदी करनी होगी और इत्तिहाद के साथ उम्मत-ए-मुस्लिमा की भलाई के लिए काम करना होगा। आगे कहा कि आज के इस पुर-फित्न दौर में हमे अपनी इबादतगाहों,मदारिस,और औलिया-ए-कामिलीन के मुबारक आस्तानों की हिफाजत के लिए अल्लाह की बारगाह में ज्यादा से ज्यादा इबादत करनी होगी। मसाजिद को आबाद करना होगा और दिल से तौबा करते हुए अपने आमाल की इस्लाह करनी होगी। इंशा'अल्लाह, जब हम सच्चे दिल से अल्लाह की तरफ रुजू करेंगे,तो उस पाक जात की तरफ से मदद जरूर नाज़िल होगी। इस बैठक में मुल्क के दूसरे शहरों से उलमा-ए-किराम,मुफ़्ती, कारी और मोहिब्बान-ए-आला हजरत शामिल हुए जिनमें खास तौर पर बदायूं से मौलाना मंजर हसन,रामपुर से मुफ़्ती गुल्फाम,मुरादाबाद से कारी इकबाल,कारी यूसुफ रजा संभली, शिकोहाबाद से मौलाना सलीम,आगरा से मौलाना मसरूर,मौलाना ज़िक्रुल्लाह, मौलाना जाहिद रजा,मौलाना बशीर अल-कादरी, सलाहुद्दीन अय्यूबी,परवेज नूरी,अजमल नूरी, नासिर कुरैशी, शाहिद नूरी,औरंगजेब नूरी, ताहिर अल्वी, मंजूर रजा, हाजी शारिक नूरी, डॉ. माजिद खान,साजिद नूरी,नईम नूरी,इशरत नूरी,आले नबी,सय्यद नाजिब,सय्यद ऐजाज,जोएब, शबलू अल्वी,आरिफ रजा,मुजाहिद बेग,काशिफ सुब्हानी,सोहेल रजा, रूमान रजा,आकि ब रजा,जीशान कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

# नौवें गुरुजी के प्रकाशोत्सव के अवसर पर श्री अकाल तख्त साहिब से नगर कीर्तन का आयोजन

## आज गुरुद्वारा गुरु के महल से नौवें गुरु के 350वें शताब्दी समारोह की शुरूआत होगी

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो, 17 अप्रैल : नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के प्रकाश पर्व के अवसर पर श्री अकाल तख्त साहिब से गुरु साहिब के जन्मस्थान गुरु के महल तक नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के मुख्य ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी रघबीर सिंह, तख्त श्री केसगढ़ साहिब के जत्थेदार और श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गडगज्ज, शिरोमणि कमेटी के पदाधिकारियों और सोसायटियों के प्रतिनिधियों समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और गुरु साहिब को श्रद्धासुमन अर्पित किए।



नगर कीर्तन के दौरान गतका पार्टियों ने सिख युद्ध कला का प्रदर्शन किया तथा बैण्ड पार्टियों ने सुन्दर धुनों से नगर कीर्तन की शोभा बढ़ाई।

श्री अकाल तख्त से शुरू हुआ नगर कीर्तन शहर के विभिन्न बाजारों से होता हुआ गुरुद्वारा गुरु के महल में संपन्न हुआ। इस बीच, एसजीपीसी सचिव एस. प्रताप सिंह ने कहा कि नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के प्रकाश अवसर पर 18 अप्रैल को गुरुद्वारा गुरु के महल में गुरमत समागम आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में कल गुरुद्वारा गुरु के महल में श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ किया गया, जिसके भोग 18 अप्रैल 2025 को होंगे। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी पर्व और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 350वें गुरुगद्दी दिवस के समारोह भी आरंभ करेगी, जो नवंबर 2025 में मनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन समागमों में एसजीपीसी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, सिंह साहिबान और प्रमुख शख्सियतें शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि नौवें गुरु के प्रकाश पर्व के अवसर पर सचखंड श्री हरमंदिर साहिब, श्री अकाल तख्त साहिब और गुरुद्वारा बाबा अटल राय साहिब में भी सुंदर सजावट की जाएगी। इस अवसर पर श्री अकाल तख्त साहिब के हेड ग्रंथी ज्ञानी मलकीत सिंह, शिरोमणि कमेटी के सचिव प्रताप सिंह, अतिरिक्त सचिव. गुरिंदर सिंह मथरेवाल, उप सचिव प्रोफेसर सुखदेव सिंह, जसविंदर सिंह जस्सी, श्री दरबार साहिब के मैनेजर हरभजन सिंह वक्ता,भगवंत सिंह धंगेडा, सुपरिंटेंडेंट निशान सिंह व मलकीत सिंह बेहरवाल, एडिशनल मैनेजर स. राजिंदर सिंह रूबी, जसपाल सिंह ढड्डे, युवराज सिंह सहित श्रद्धालु उपस्थित थे। नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की जयंती के अवसर पर श्री अकाल तख्त साहिब से नगर कीर्तन परेड का एक दृश्य।

## कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने परीक्षा केंद्र राजकीय महिला महाविद्यालय में ही बनाने की कि मांग

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 17 अप्रैल। कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने परीक्षा केंद्र राजकीय महिला महाविद्यालय में बनाने की मांग की है और परीक्षा केंद्र अन्यत्र बनाने की स्थिति में आंदोलन का अल्टिमेटम दिया है और इसके लिए एक ज्ञापन पत्र चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को पत्र भेजा है। छात्राओं ने यह पत्र महाविद्यालय के प्राचार्य के मार्फत प्रेषित किया है और पत्र में बताया गया है कि पिछले दो-तीन वर्षों से महाविद्यालय की छात्राओं को पेपर देने के लिए कस्बे से दूर एक निजी संस्थान में जाना पड़ता है। मई महीने में परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं और इस दौरान यहां पर गर्मी प्रचंड रूप में होती है। परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए किसी प्रकार के कोई संसाधन नहीं होने की वजह से उनको बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया है कि वह उनका निजी कालेज से परीक्षा केंद्र राजकीय महिला महाविद्यालय में बनाने की अनुमति दे। वरना महाविद्यालय की छात्राएं धरना देने पर मजबूर होंगी और उसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन जिम्मेदार होगा। कालेज में परीक्षा केंद्र ने बनाए जाने को लेकर अभिभावक भी आंदोलन का हिस्सा बनेंगे और जनप्रतिनिधियों को शामिल किया

## विद्यालय प्रवेश हेल्प डेस्क के माध्यम से दिया जा रहा प्रवेश जागरूकता संदेश

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालांवाली में उपायुक्त सिरसा के दिशा-निदेर्शानुसार शहर के पंजाब बस स्टैंड पर प्रवेशोत्सव-2025 के अंतर्गत मॉडल संस्कृति विद्यालय में प्रवेश बढ़ोतरी के लिए शिक्षण हेल्प-डेस्क लगाकर विद्यार्थियों, अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है विद्यालय प्राचार्य श्री जगदेव सिंह गिल ने बताया कि इस शिक्षण हेल्प डेस्क के माध्यम से खंड ओढ़ा के एकमात्र सीबीएसई मान्यता प्राप्त राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में कला, चिकित्सा, गैर चिकत्सा, वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए दाखिले आरम्भ हो चुके



हैविद्यालय में अत्याधुनिक प्रयोगशाला सुसज्जित हैं शिक्षण कक्ष स्मार्ट बोर्ड आधारित है खुला खेल मैदान, राष्ट्रीय कौशल विकास योजना द्वारा संचालित रोजगार निशुल्क व्यवसायिक शिक्षा का विद्यार्थी लाभ उठा रहे है सुचना प्रोधौगिकी, सिक्योरिटी के माध्यम से विद्यार्थियों में कौशलात्मक विकास किया जा रहा हैंनिजि विद्यालयों के तुलनात्मक इस विद्यालय में फीस भी बहुत कम है आर्थिक दृष्टि से कमजोर परिवार भी विद्यार्थियों को सीबीएसई शिक्षा दिलाने में सक्षम हो रहे हैंखंड मीडिया प्रभारी मनोहर खनगवाल ने बताया कि अप्रैल का पूरा माह शिक्षण हेल्प डेस्क के माध्यम से विद्यालय प्रवेश जागरूकता अभियान का संचालन किया जायेगो प्रतिदिन विषय आधारित शिक्षक लोगो को मॉडल संस्कृति विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित व जागरूक कर रहे हैंइस अवसर पर गुरदीप सिंह, अंजू रानी, गगन डीपीई जगसीर सिंह,देवेंद्र सिंह,गुरलाल सिंह,गुलाब दीप सिद्धू, सरूप शर्मा मौजूद रहे

# इटली में प्रवासी भारतीय मुख्यातिथि बजरंग खन्ना बहल वासी के कर कमलों से नारियल फोड़कर किया गया पार्क का निर्माण

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 17 अप्रैल। किसी भी संस्थान में खुले व हरितमा से परिपूर्ण पार्क वहां के लोगों को वास्तविक प्रकृति की सौगातों से जोड़ते हैं और मन को सगुन व प्रफुल्लित करके एकाग्रता को बढ़ाने और पर्यावरण को संरक्षण प्रदान करते हैं। प्रकृति को सीखने के लिए एक अद्वितीय और सुखद अनुभव प्रदान कर सकते हैं। ये उन्हें प्रकृति से जुड़ने और नए अनुभवों का आनंद लेने का अवसर देते हैं। ऐसे में सेठ मेघराज जिन्दल राजकीय महाविद्यालय प्रांगण को साज सज्जा प्रदान करने और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 12 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में पार्क विकसित करवाया गया है। पार्क के निर्माण पर करीब सवा दो लाख रुपए की लागत आई है और वीरवार को इसका उद्घाटन प्राचार्य डा.सतपाल सिंह की अध्यक्षता में इटली में प्रवासी भारतीय मुख्यातिथि बजरंग भीमराज खन्ना बहल वासी के कर कमलों से नारियल फोड़कर किया गया। पार्क का निर्माण उन्होंने ने अपने स्व. पिता भीमराज खन्ना की स्मृति में कालेज प्रशासन के आग्रह पर बनवाया है। फील हाल कालेज के अनोपयोगी प्रांगण सजावटी पौधे व हरि घास का लान व फुटपाथ का निर्माण करवाया है और भविष्य में बैठने को बैंच व कुर्सियों की व्यवस्था का प्रस्ताव विचाराधीन रखा गया है। इस पार्क में



विद्यार्थियों और आमजन के लिए बैठने की उचित व्यवस्था, हरियाली के लिए अनेक प्रकार के पौधे, और स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की गई है। पार्क के निर्माण से कालेज परिसर में न केवल सौंदर्य बढ़ा है, बल्कि विद्यार्थियों को शांति और सुकून का वातावरण भी मिलेगा है। इसके साथ ही बजरंग खन्ना ने बेजुबान पक्षियों की सुरक्षा और उनका ध्यान रखते हुए पेड़ों पर लकड़ी के सुंदर और सुरक्षित घोंसलों का निर्माण भी करवाकर सौंपें हैं। इन घोंसलों में पक्षियों के लिए दाना-पानी की भी व्यवस्था की गई है, जिससे गर्मी के मौसम में उन्हें राहत मिल सकेगी। इस अवसर पर प्राचार्य डा. सतपाल सिंह ने मुख्यातिथि सहित आंगतुक अतिथियों का स्वागत किया और मुख्यातिथि बजरंग भीमराज खन्ना के सामाजिक कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खंड पंचायत समिति सदस्य योगेश शर्मा उर्फ योगी शर्मा ने मुख्यातिथि के समाजसेवी कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पार्क छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा होगी, जो उन्हें सीखने, आनंद लेने और विकास करने का एक बेहतर माहौल प्रदान करेगा। ऐसे पार्कों के निर्माण से बच्चों को सीखने में मदद मिलेगी और उन्हें एक आनंददायक वातावरण भी मिलेगा। ऐसे उद्यान छात्रों के लिए सीखने के लिए एक महत्वपूर्ण साधन होते हैं। जो गहन जुड़ाव प्रदान करते हैं। पार्क के उपयोगी लोगों की उनकी समझ को बढ़ाते हैं और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देते हैं। कालेज प्रशासन और विद्यार्थियों ने इस पुनीत कार्य के लिए बजरंग लाल खन्ना बहल का हृदय से धन्यवाद किया और कहा कि ऐसे समाजसेवी ही समाज को सच्चे मायनों में आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। इस मौके पर उनके साथ सतीश बुंदेला तारानगर, डा.राजकुमार, डा.रंजीत, डा. कार्तिक, प्रोफेसर विनोद खन्ना सुरेश, योगी शर्मा बहल, रामवीर मेचू, अनिल चावला, सुशील श्योराण आदि उपस्थित रहे।

# भिवानी में स्वच्छ पर्यावरण, जल संरक्षण एवं नशा मुक्त भारत को लेकर चला जागरूकता अभियान

**: हर घर के आंगन में हो तुलसी का पौधा,जो स्वास्थ्य लाभ देता है: विधायक**

**: युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए विधायक घनश्याम सर्राफ ने किया प्रेरित**

दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल

बहल-भिवानी, 17 अप्रैल। भिवानी की सामाजिक संस्थाएं नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति द्वारा जारी स्वच्छ पर्यावरण, जल संरक्षण, सड़क सुरक्षा और नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों की कड़ी में आज एक महत्वपूर्ण पहल की गई। संस्था के पदाधिकारियों ने भिवानी के विधायक श्री घनश्याम सर्राफ के आवास पर पहुँचकर उन्हें तुलसी का पौधा भेंट किया और उनके आंगन में तुलसी का पौधा रोपित किया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज तथा शिक्षाविद सावित्री यादव ने विधायक घनश्याम सर्राफ एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता सर्राफ को तुलसी का पौधा भेंट करते हुए स्वच्छ पर्यावरण, जल संरक्षण, अच्छे



स्वास्थ्य और नशा मुक्त समाज की दिशा में जागरूकता फैलाने की अपील की। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना, जल की बचत करना और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है।

विधायक घनश्याम सर्राफ व उनकी धर्मपत्नी प्रेमलता सर्राफ ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जल बचत आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि तुलसी का पौधा न केवल वातावरण को शुद्ध करता है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे ऐसे अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं और समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाएं। उनकी धर्मपत्नी प्रेमलता सर्राफ ने भी इस मुहिम की प्रशंसा करते हुए इसे घर-घर तक पहुँचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तुलसी हमारे वातावरण और प्रकृति के लिए काफी लाभदायक है , तुलसी स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है।

विधायक घनश्याम सर्राफ व उनकी धर्मपत्नी प्रेमलता सर्राफ ने कहा कि उपरोक्त संस्था के पदाधिकारियों के द्वारा लंबे समय से जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अनूठी पहल की साथ काम किया जा रहा है यह सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि "पॉट एंड प्लांट ड्रॉप वॉटर सेव मिशन 2025", "कैच द रेन", "जल जीवन मिशन" व "एक पौधा मां के नाम" जैसे संयुक्त अभियानों का उद्देश्य प्रकृति और जल संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करना है। ये पहलें हर नागरिक को जल बचाने, वर्षा जल संग्रहण को बढ़ावा देने और पर्यावरण की रक्षा हेतु पौधारोपण को प्रेरित करती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वाहन पर एक पौधा मां के नाम लगाकर हम न केवल पर्यावरण का संरक्षण करते हैं, बल्कि मातृत्व को भी सम्मान देते हैं। हम मिलकर जल और जीवन की रक्षा करें और भावी पीढ़ी को एक स्वच्छ, सुरक्षित भविष्य दें।

एक पौधा मां के नाम मिशन 2025 से जुड़ी शिक्षा विद सावित्री यादव व संस्था के अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि आने वाले दिनों में इस अभियान के तहत और भी सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण, सेमीनार, चेतना रैली, जनसंवाद और नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे जनमानस में जागरूकता बढ़े और समाज में स्थायी बदलाव संभव हो सके। इस अवसर पर निदेशक सावित्री यादव,भाजपा नेता अनिल सोनी ,आनंद कुमार , एसपी जैन, सुमित खेमका सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## ब्रम्हाकुमारी संस्था ने अपने त्याग, तपस्या और तेज से दुनियाभर में सादगी, संयम और सहयोग का एक अद्भुत वातावरण खड़ा किया है: अमित शाह

# ब्रम्हाकुमारी संस्था पूरे विश्व में शांति और संवाद का संदेश लेकर भारत की संस्कृति की राजदूत बनकर कार्य कर रही है

**पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो, 17 अप्रैल ;केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज राजस्थान में सुरक्षाबल कर्मियों के लिए "आंतरिक जागृति के माध्यम से आत्म सशक्तिकरण ' विषय पर राष्ट्रीय संवाद का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि ब्रह्मकुमारी, योग और ध्यान के माध्यम से पूरे विश्व में हर मानव के अंदर शांति और साधना का एक दीप प्रज्वलित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनेक वर्षों से हर व्यक्ति के अंदर की सद्वृत्ति को जागृत करने का यहां प्रयास हो रहा है और उसी तपोबल से एक अद्भुत शांति का वातावरण यहां महसूस किया जा सकता है।श्री अमित शाह ने कहा कि व्यक्तिगत जीवन में जब गुरु मिल जाता है तब लोगों का जीवन सन्मार्ग पर प्रशस्त हो जाता है और इसके बहुत सारे उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऐसा काम कर जाते हैं जो हर व्यक्ति की आत्मा को एक दीप बनाकर प्रकाशमय मार्ग पर चलने के लिए प्रशस्त करते हैं। उन्होंने कहा कि लेखराज कृपलानी जी ने ब्रह्मकुमारी की स्थापना कर हर व्यक्ति की आत्मा को दीप बनाकर उसके प्रकाश में आगे बढ़ने का बहुत बड़ा आह्वान किया जिसका आज समाज पर बहुत बड़ा असर दिख रहा है।केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ब्रह्मकुमारी ने अपने त्याग, तपस्या और तेज से दुनियाभर में सादगी, संयम और सहयोग का एक अद्भुत वातावरण खड़ा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज यहां दो कार्यक्रम एक साथ हुए हैं - पहला, ब्रह्मकुमारी संस्था की वर्ष 2025-26 की थीम ह्यविश्व एकता और विश्व विश्वास हेतु ध्यानह्न का लोकार्पण, और, दूसरा, सुरक्षाबल कर्मियों की आंतरिक जागृति के माध्यम से आत्मसशक्तिकरण के राष्ट्रीय संवाद का उद्घाटन।श्री अमित शाह ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद हमारा देश बहुत बड़ी यात्रा तय कर विश्व में पांचवे नंबर का अर्थतंत्र बना है और कुछ ही सालों में हम तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र




मोदी जी के नेतृत्व में हम 2047 में आजादी की शताब्दी के समय विश्व में हर क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराओं, जिनमें विश्व बंधुत्व की ओर ले जाने की क्षमता, हर मानव के अंदर की आत्मा को परमात्मा के साथ जोड़ने औड़ हर जीवन को सदवृति के मार्ग पर चलाने की शक्ति है, को भी आगे ले जाना भारत का लक्ष्य होना चाहिए और ब्रह्मकुमारी जैसी संस्थाएं इस दिशा में अच्छे से काम कर रही हैं।केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हमारे सुरक्षाबलों के त्याग, तप और बलिदान के कारण आज हम सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सुरक्षाबलकर्मी हर प्रकार के कठिन वातावरण और परिस्थितियों में देश की सीमाओं की सुरक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि आंतरिक सुरक्षा में सेना, सीएपीएफ एस और राज्यों के पुलिस बल कानून और व्यवस्था को संभालकर हर निर्बल को संरक्षण देने का काम करते हैं और ये काम कई प्रकार के तनाव पैदा करने वाला होता है। श्री शाह ने कहा कि इस तनाव से हमारे सुरक्षाकर्मियों को बाहर लाकर उनके मन, आत्मा और शरीर को शांति के मार्ग पर प्रशस्त करने का प्रयास करना अपने आप में बहुत बड़ा काम है। उन्होंने कहा कि 25 साल से हर सुरक्षाबल में जाकर कर्मियों के तनाव को कम कर आत्मा को शांति की ले जाना और शांत मन और स्वस्थ शरीर के साथ देश की सुरक्षा को और अच्छे से सुनिश्चित करने की दिशा में ब्रह्मकुमारी के प्रयास प्रशंसनीय हैं।श्री अमित शाह ने कहा कि योग और आध्यात्म से मन, शरीर, बुद्धि और आत्मा को एकरूप कर ज्ञान से प्रगति के रास्ते पर जाने और चिंतन से समस्याओं के निवारण के लिए नीतियों का सृजन करना भारत की बहुत पुरानी परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि हम इस परंपरा को आज भी पूरे विश्व में पहुंचे के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने सबसे पहले वसुधैव कुटुंबकम की भावना विश्व को दी और पूरा विश्व मेरा परिवार है, इस भावना के साथ हमारे उपनिषदों ने पूरे विश्व को हमारा परिवार बनाया। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिन मनाकर हमारी वैदिक परंपरा को पूरे विश्व को देने का काम किया। उन्होंने कहा कि आज विश्व में करोड़ों लोग योग, ध्यान और आध्यात्म के रास्ते पर अपने जीवन को चलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये रास्ता ही आने वाले दिनों में विश्व शांति का रास्ता बनने वाला है।केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पूज्यनीय लेखराज कृपलानी जी ने आत्मा, परमात्मा और सृष्टिचक्र का जो ज्ञान प्राप्त किया उसी को ब्रह्मा कहा गया है और उसी के प्रचार के लिए ब्रह्मकुमारी की स्थापना की गई थी। उन्होंने कहा कि वर्षों से हम मां के अंदर देवी का वास देखते आ रहे हैं और वर्षों से इस संस्था को चलाने में मातृशक्ति का अहम रोल रहा है। उन्होंने कहा कि स्वपरिवर्तन से विश्व में परिवर्तन और व्यक्ति बदलता है तो ही विश्व को बदलने का कारण बन सकता है, इस थीम पर कई प्रकार के सदविचार ब्रह्मकुमारी ने विश्वभर में पहुंचाए हैं। गृह मंत्री ने कहा कि ब्रह्मचर्य का पालन, शाकाहार, नशामुक्ति, सादगीपूर्ण जीवन, ध्यान और इसके माध्यम से आत्मा का परमात्मा से मिलन और आत्मज्ञान की प्राप्ति से शुद्ध, शांत और अमर आत्मा के अंश की अनुभूति करने जैसी सारी चीजों को ब्रह्मकुमारी ने सरल और सहज तरीके से लोगों तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति के माध्यम से ब्रह्मकुमारी पूरे विश्व में शांति और संवाद का संदेश लेकर भारत की संस्कृति के राजदूत बनकर काम कर रहे हैं।

## लोहारू में वीरवार तक 56642 किवंटल सरसों आई, 40000 किवंटल सरसों की हुई खरीद

### ढिगावा मंडी में 273489 क्विंटल सरसों आई और 157046 किवंटल सरसों की हुई खरीद: एसडीएम मनोज दलाल

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-लोहारू, 17अप्रैल। एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि लोहारू की अनाज मंडी में वीरवार तक 56642 किवंटल सरसों की आवक हुई है। जबकि 40000 किवंटल सरसों की खरीद की गई है और 12000 क्विंटल का उठान हुआ। ढिगावा मंडी में 273489 क्विंटल सरसों की आवक हुई और 157046 किवंटल सरसों की खरीद की गई। 100000 क्विंटल सरसों का उठान हुआ।

एसडीएम ने कहा कि सरसों खरीद का कार्य पूर्ण पारदर्शिता से किया जाए। किसान को अपनी फसल बेचने में कोई भी असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने खरीद के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी आदेशों की पालना सुनिश्चित करें।

एसडीएम ने निर्देश दिए कि मंडी में किसान को फसल बिक्री में कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। एसडीएम ने खरीद एजेन्सी के अधिकारीयों को निर्देश देते हुए कहा कि जो सरसों की ढेरी साफ सूथरी हो उसकी तुरंत बोली लगाकर खरीद करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में बिजली और पानी की व्यवस्थाओं के साथ साथ किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। पानी और बिजली के पुख्ता इंतजाम होने चाहिएं। बिजली और पानी , उठान सहित सभी व्यवस्था बेहतर हों।

उन्होंने किसानों से अपील करते हुए उन्होंने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि वे सरसों को सुखाकर, साफ सुथरा करके मंडी में लाएं। ताकि खरीद एजेंसियों को कोई परेशानी न हो। खरीद कार्य के साथ-साथ उठान का कार्य भी सुचारू किया जाए ताकि मंडी में खरीद कार्य निर्बाध रूप से चलता रहे।

मार्केट कमेटी के सचिव अनिल कुमार ने बताया कि वीरवार तक लोहारू की अनाज मंडी में 56642 किवंटल सरसों की आवक हुई है। जबकि 40000 किवंटल सरसों की खरीद की गई है और 12000 क्विंटल का उठान हुआ। ढिगावा मंडी में 273489 क्विंटल सरसों की आवक हुई और 157046 किवंटल सरसों की खरीद की गई। 100000 क्विंटल सरसों का उठान हुआ। उन्होंने आगे बताया कि सरकार द्वारा 5950 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी सरकारी रेट से खरीद की जा रही है।

मार्केट कमेटी के सचिव अनिल कुमार ने बताया कि लोहारू की अनाज मंडी में 31984 क्विंटल गेहूं की आवक हुई जबकि 27034 क्विंटल गेहूं की बिडिंग की गई। ढिगावा की अनाज मंडी में वीरवार को 23431 क्विंटल गेहूं की आवक हुई जबकि 14389 क्विंटल गेहूं की बिडिंग की गई। उन्होंने बताया कि मंडी क्षेत्र का कोई भी किसान अपनी फसल सरकारी रेट पर मंडी में भेज सकता है बशर्ते की उसने अपनी फसल का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाया गया हो।

## बंगाल: बेरोजगार 'बेदाग' शिक्षक सुप्रीम कोर्ट के आदेश से असंतुष्ट

पश्चिम बंगाल में सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के 'बेदाग' शिक्षकों - जिनकी सेवाओं को सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अस्थायी रूप से बढ़ा दिया था - ने इस बात पर असंतोष व्यक्त किया कि उन्होंने इसे महज "अल्पकालिक राहत" बताया, जबकि शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने उनसे चिंता न करने का आग्रह किया और चल रही कानूनी लड़ाई में राज्य के समर्थन की पुष्टि की।

# गुजरात में "आप" की सफलता देख भाजपा बौखलाई, सह प्रभारी दुर्गेश पाठक के घर भेजी सीबीआई- संजय सिंह

**मुख्य संवाददाता**

*नई दिल्ली, 17 अप्रैल गुजरात में आम आदमी पार्टी की सफलता को देखकर भाजपा बौखला गई है। इसलिए मोदी जी और भाजपा ने गुजरात के सह प्रभारी दुर्गेश पाठक को डराने के लिए उनके घर गुरुवार को सीबीआई भेज दी। जब से दुर्गेश पाठक को गुजरात का सह प्रभारी बनाया गया है और वह संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं, तब से मोदी काफी परेशान हैं। गुजरात में भाजपा की हालत बहुत पतली है और उसकी स-रकार से वहां की जनता परेशान है। इसलिए मोदी जी को अपने गढ़ में करारी हार का डर सता रहा है। गुजरात की जनता को आम आदमी पार्टी से बहुत उम्मीदें है। दुर्गेश पाठक इस उम्मीद को और मजबूत करने का काम कर रहे हैं। भाजपा ने पहले फर्जी मुकदमें करके ह्यह्यआपह्नह्न के तमाम नेताओं को जेल में डाला। इसके बाद भी हम लड़ते रहे और आगे भी लड़ते रहेंगे।

गुरुवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा और मोदी सरकार का गंदा खेल फिर शुरू हो गया है। पहले भी आम आदमी पार्टी को खत्म करने के हर प्रयास प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा ने करके देख लिया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को जेल में डाला, पार्टी के तमाम शीर्ष नेताओं को जेल में डाला, विधायकों व सांसदों पर फर्जी मुकदमे किए, पंजाब और दिल्ली में छापे मरवाए। इसके बावजूद हर हाल में आम आदमी पार्टी लड़ती रही है और लड़ती रहेगी।

संजय सिंह ने कहा कि आज फिर उसी तरह की एक नापाक, गंदी, घटिया कोशिश भाजपा द्वारा की गई है। पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी के पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) सदस्य और गुजरात के सह-प्रभारी दुर्गेश पाठक को धमकाने के लिए उनके घर सीबीआई को भेज दिया। इसके पीछे सिर्फ एक वजह है कि आम आदमी पार्टी ने दुर्गेश पाठक को गुजरात की जिम्मेदारी दे दी है। क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने दुर्गेश पाठक से गुजरात में जाकर संगठन को मजबूत करने को कहा। पिछले गुजरात विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को करीब 14 फीसद वोट मिले थे और पांच विधायक आम आदमी पार्टी के हैं।

उन्होंने कहा कि गुजरात जाकर जैसे ही दुर्गेश पाठक ह्यह्यआपह्नह्न संगठन की बैठक करते हैं, कार्यकताओं के साथ चर्चा करते हैं, गांव-गांव में संगठन को मजबूत करने की कोशिश करते हैं, वैसे ही मोदी जी ने उनको धमकाने के लिए सीबीआई भेज दी। क्या यही इनका राजनीति करने का तरीका है? यह इनकी लोकतंत्र में एक राजनीतिक दल को खत्म करने की कोशिश है। ऐसे ये लोग देश को चलाना चाहते हैं। गुजरात में भाजपा की हालत पतली है। गुजरात की जनता भाजपा की सरकार से असंतुष्ट है। वहां की जनता को एक ऐसी नई पार्टी से उम्मीद है, जो इस देश में बदलाव की राजनीति की बात करती है। उस आम आदमी पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए दुर्गेश पाठक को जिम्मेदारी दी गई है और इन्होंने धमकाने के लिए सीबीआई भेज दी।

संजय सिंह ने कहा कि दुर्गेश पाठक के घर सीबीआई भेजना पीएम मोदी की बौखलाहट को दशार्ता है। यह दशार्ता है कि मोदी का गढ़ गुजरात सुरक्षित नहीं है। वहां उन्हें भाजपा की हार की संभावना दिख रही है। पीएम मोदी ने पहले भी बहुत कोशिशें कर लीं, आगे भी जितना दम लगाना है, लगाएं। जितनी यातनाएं देनी हैं, दें। जितने फर्जी मुकदमे बनाना है, बनाएं। जितने मनगढ़ंत मामले गढ़ना है, गढ़ें। आम आदमी पार्टी न झुकी है, न झुकेगी। आम आदमी पार्टी लड़ती रही हं, लड़ती रहेगी। हम न रुकने वाले हैं, न थमने वाले हैं। भाजपा के खिलाफ मजबूती से अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि दुर्गेश पाठक के खिलाफ यह मामला राजनीति और दुर्भावना से प्रेरित है। यह पूरा मामला झूठा और मनगढ़ंत है। इसका एकमात्र कारण उन्हें गुजरात का सह-प्रभारी बनाया जाना है। आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती से दुर्गेश पाठक और उनके परिवार के साथ खड़ी है। हमने भाजपा के हर जुल्म और अत्याचार का सामना किया है, आगे भी करते रहेंगे।

# पालीगंज में पारिवारिक कलह से परेशान महिला ने की आत्महत्या

**समाज जागरण पटना**
**जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज में एक महिला ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि महिला को पति के साथ हमेशा विवाद होता था। बुधवार की रात भी दंपती के बीच में झगड़ा हुआ था। मृतक की पहचान बालापर मोहल्ला में 34 वर्षीय पूजा देवी के रूप में हुई है। पूजा की शादी लगभग 15 साल पहले लालू चौहान से हुई थी। दंपती के दो बच्चे भी हैं। सुबह आसपास के लोगों को पूजा की मौत की खबर मिली। घटना के बाद से पति सहित पूरा ससुराल पक्ष फरार हो गया है। पड़ोसियों ने महिला के मायके वालों को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंचे मायकेवालों ने पालीगंज पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पटना में मनाई गई पूर्व पीएम चंद्रशेखर की जयंती

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार की राजधानी पटना में गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती पर राजकीय सम्मान के साथ एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वर्गीय चंद्रशेखर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री के साथ राज्य के कई वरिष्ठ नेता और गणमान्य व्यक्ति इस समारोह में उपस्थित रहे और सभी ने चंद्रशेखर के जीवन और उनके सिद्धांतों को याद किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री को याद करते हुए कहा कि चंद्रशेखर का जीवन समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर जैसे नेता विरले ही होते हैं, जिनकी सोच और कार्यशैली आज भी प्रेरणा देती है। मुख्यमंत्री ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी दोहराया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी चंद्रशेखर को याद करते हुए कहा कि वे एक सच्चे समाजवादी नेता थे। उनका जीवन समाज के हर वर्ग के लिए समर्पित था। सम्राट चौधरी ने कहा कि चंद्रशेखर की विचारधारा में आज भी समाज के लिए काम करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उन्हीं के आदर्शों पर चलते हुए राज्य के सर्वांगीण विकास में जुटे हुए हैं। समारोह में बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, पूर्व मंत्री श्याम रजक, अरविंद कुमार, शिवशंकर निषाद सहित कई अन्य राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर सूचना एवं जन संपर्क विभाग की ओर से आरती, भजन-कीर्तन और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति भी की गई, जिससे समारोह का माहौल और अधिक भावनात्मक हो गया। इन प्रस्तुतियों ने चंद्रशेखर की देशभक्ति और समाज सेवा की भावना को सजीव रूप में उपस्थित जनसमूह के सामने रखा। चंद्रशेखर का राजनीतिक जीवन संघर्ष, ईमानदारी और सामाजिक न्याय के लिए पहचाना जाता है। उन्होंने हमेशा ही गरीब, मजदूर, किसान और पिछड़े वर्ग के हितों की बात की। समाजवादी आंदोलन में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उनका मानना था कि राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज को न्यायपूर्ण दिशा देना है। इस राजकीय समारोह के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश की गई कि आज के समय में जब राजनीति में मूल्यों का संकट नजर आता है, तब चंद्रशेखर जैसे नेताओं की सोच और उनके कार्य हमें सही दिशा दिखा सकते हैं। समारोह में उपस्थित लोगों ने उनके विचारों को आगे बढ़ाने और उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया। इस तरह, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती एक बार फिर उनके जीवन और सिद्धांतों को याद करने का अवसर बना, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा ली।

# सीएम के कार्यक्रम का स्थानीय लोगो ने किया विरोध

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ के कंकड़बाग क्षेत्र स्थित बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी में गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम के दौरान अप्रत्याशित स्थिति उत्पन्न हो गई। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने विरोध प्रदर्शन की कोशिश की, जिसे पुलिस ने समय रहते रोक लिया। विरोध का मुख्य कारण चंद्रशेखर पार्क की जमीन को एक निजी शिक्षण संस्थान को आवंटित किया जाना था, जिसे लोग जनहित के खिलाफ बता रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि चंद्रशेखर पार्क वर्षों से उनके लिए मनोरंजन, व्यायाम और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र रहा है। यह जगह बुजुर्गों के टहलने, बच्चों के खेलने और युवाओं के खेल अभ्यास के लिए एकमात्र विकल्प थी। अब इस जमीन को निजी स्कूल को सौंप देने के फैसले से वे बेहद नाराज हैं। उनका कहना है कि यह निर्णय आम जनता की जरूरतों को नजरअंदाज कर लिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी में कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे, तब कई स्थानीय लोग वहां अपना विरोध जताने के उद्देश्य से एकत्र हुए। हालांकि पुलिस ने उन्हें कार्यक्रम स्थल के पास जाने से रोक दिया और भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुख्यमंत्री का कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इसके बाद जैसे ही मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल से रवाना हुए, लोगों ने अपनी नाराजगी जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह के समक्ष जाहिर की। विरोध को देखते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि चंद्रशेखर पार्क की जमीन को पटना हाईकोर्ट के आदेश के बाद एक निजी शैक्षणिक संस्थान को सौंपा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि पहले इसी जमीन को लेकर स्थानीय लोगों ने अदालत में याचिका दाखिल की थी, जिसमें पार्क के निर्माण की मांग की गई थी। लेकिन अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद यह निर्णय लिया कि उक्त भूमि शैक्षणिक उपयोग के लिए दी जा सकती है। इसलिए प्रशासन ने कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए यह कदम उठाया है। विरोध कर रहे लोगों ने प्रशासन से जमीन के आवंटन को रद्द करने की मांग की और इसे जनविरोधी बताया। उनका कहना है कि सरकार को लोगों की जरूरतों को प्राथमिकता देनी चाहिए, न कि निजी संस्थानों को लाभ पहुंचाना चाहिए। इस पर जिलाधिकारी ने उन्हें सुझाव दिया कि यदि उन्हें अदालत के फैसले से आपत्ति है, तो वे पुनः न्यायालय में याचिका दाखिल कर सकते हैं। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि शहरीकरण और निजी संस्थानों के विस्तार के बीच आम नागरिकों की सार्वजनिक सुविधाएं कहां खोती जा रही हैं। चंद्रशेखर पार्क केवल एक खाली जमीन नहीं थी, बल्कि स्थानीय लोगों के जीवन का हिस्सा थी। ऐसे में प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यदि उस स्थान को किसी अन्य प्रयोजन के लिए उपयोग किया जा रहा है, तो उसके विकल्प के रूप में लोगों को अन्यत्र समान सुविधाएं प्रदान की जाएं। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद की आवश्यकता को भी उजागर किया है। पारदर्शी प्रक्रिया, जनसुनवाई और वैकल्पिक व्यवस्था ही ऐसे विवादों को शांतिपूर्वक सुलझाने का रास्ता हो सकता है।

# पटना में घर मे घुसकर अपराधियों ने भाई बहन को मारी गोली

**समाज जसगर्न पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार की राजधानी पटना में बुधवार रात को एक सनसनीखेज वारदात ने इलाके में दहशत फैला दी। जानीपुर थाना क्षेत्र के हुलास चक इलाके में कुछ अज्ञात अपराधियों ने घर में घुसकर एक भाई और बहन को गोली मार दी। इस हमले के बाद पूरा मोहल्ला सहम गया और मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया। यह घटना देर रात को उस समय हुई जब अधिकतर लोग अपने घरों में आराम कर रहे थे। उसी वक्त कुछ अपराधी एक मकान में घुस गए और वहां मौजूद भाई और बहन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोली चलाने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना में घायल हुए लोगों की पहचान हुलास चक निवासी अनीश कुमार उर्फ दिलीप कुमार और उनकी बहन एबी कुमारी के रूप में हुई है। एबी नालंदा मेडिकल कॉलेज में कार्यरत हैं। उनके हाथ और सीने में गोली लगी है, जबकि उनके भाई अनीश के पैर में गोली मारी गई है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें इलाज के लिए तुरंत पटना एम्स में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही जानीपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। थानाध्यक्ष बलवीर प्रसाद के अनुसार यह मामला अभी तक संदिग्ध नजर आ रहा है। पुलिस को पीड़ितों के परिजनों की तरफ से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। परिजन सदमे में हैं और कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं हैं। जांच को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम को मौके पर बुलाया है। साथ ही डॉग स्क्वायड की भी मदद ली गई है ताकि अपराधियों तक पहुंचा जा सके। घर के अंदर और आसपास के इलाकों की गहनता से छानबीन की जा रही है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। अधिकारियों का कहना है कि फुटेज से यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि अपराधी किस दिशा से आए और घटना को अंजाम देकर कहां गए। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही कोई ठोस सुराग हाथ लग सकता है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। लोग दहशत में हैं और रात के समय घर से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अफवाह न फैलाने की अपील की है और आश्वासन दिया है कि जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा। यह वारदात न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती है, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ाती है। अब देखना यह है कि पुलिस इस मामले को कितनी तेजी और पारदर्शता से सुलझा पाती है।

# पटना में विवाहिता की संदिग्ध अवस्था मे हुई मौत

## मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**समाज जागरण पटना**
**जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ पटना में दहेज को लेकर एक और दर्दनाक घटना सामने आई है जहां शादी के महज छह महीने बाद एक नवविवाहिता की मौत हो गई है। मायके वालों का आरोप है कि दहेज के लिए विवाहिता की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। इस घटना ने एक बार फिर से समाज को झकझोर कर रख दिया है कि दहेज की आग में बेटियाँ आज भी झुलस रही हैं। परिजनों की मांग है कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि कोई और आरती यूँ चुपचाप न चली जाए। मृतका की पहचान 22 वर्षीय आरती कुमारी के रूप में हुई है जो पटना के विद्युत कॉलोनी की रहने वाली थी। उसकी शादी छह माह पहले बेऊर थाना क्षेत्र के बरहमपुर निवासी विवेकानंद कुमार के साथ हुई थी। आरती के परिवारवालों का कहना है कि शादी के कुछ दिनों बाद से ही उसके पति विवेकानंद, सास और देवर उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे थे। आरती कई बार मायके आकर अपनी पीड़ा और डर जाहिर कर चुकी थी। वह चाहती थी कि उसका घर बचे, रिश्ता बचे लेकिन हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते चले गए। बुधवार को मायके वालों को अचानक सूचना मिली कि आरती की तबीयत खराब है। जब वे ससुराल पहुंचे तो बताया गया कि आरती ने फांसी लगाकर जान दे दी। घरवालों को विश्वास नहीं हो रहा था कि हमेशा मुस्कराने वाली और सहने वाली उनकी बेटी अब इस दुनिया में नहीं रही। मां बार-बार एक ही बात कहती रही, "मेरी बेटी ने तो सब कुछ सहा, फिर भी दहेज के लोभियों ने लालचियों ने उसकी जान ले लि और हम उसे नहीं बचा सके। इस मामले में बेऊर थाना अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि मृतका के मायके वालों की शिकायत पर उसके पति, सास और देवर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। महिला की डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है।

# पटना में महिला बैंककर्मी के साथ रेप की कोशिश

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ राजधानी पटना के श्रीकृष्णापुरी थाना क्षेत्र से एक शर्मनाक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक निजी बैंक में कार्यरत महिला कर्मी ने अपने ब्रांच हेड पर रेप की कोशिश का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी है, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच शुरू हो चुकी है। पीड़िता ने बताया कि यह घटना बुधवार दोपहर की है। दोपहर तीन बजे ब्रांच हेड रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने महिला को कॉल किया और बैंक के कामकाज की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने किसी इमरजेंसी मेडिकल एडवाइस के बहाने महिला को एक गर्ल्स हॉस्टल बुलाया, जहां वह अपने दोस्त के पास गई। महिला का दावा है कि जब वह वहां पहुंची, तो रजनीश पहले से ही शराब के नशे में मौजूद थे। महिला कर्मी के अनुसार, रजनीश ने पहले शराब पीने का दबाव बनाया। जब उसने इनकार किया तो आरोपी ने जबरन उसका हाथ पकड़ लिया और उसे बिठा लिया। इसके बाद वह महिला से अश्लील बातें करने लगे और कथित रूप से उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। महिला ने बताया कि जब वह कमरे से बाहर निकलने की कोशिश कर रही थी, तभी रजनीश के दोस्त दिव्यांशु ने बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। कमरे में बंद होने के बाद महिला ने जोर-जोर से चिल्लाना शुरू किया। किसी तरह किसी ने दरवाजा खोला, तब वह वहां से भागकर थाने पहुंची। श्रीकृष्णापुरी थानाध्यक्ष ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना स्थल की जानकारी जुटाई जा रही है और आरोपी की गतिविधियों को खंगाला जा रहा है। इस घटना ने कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस व्यक्ति पर प्रमोशन और करियर से जुड़ी जिम्मेदारियां थीं, उसी पर महिला कर्मचारी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। इस तरह की घटनाएं यह दिखाती हैं कि महिला कर्मचारी आज भी कार्यस्थलों पर पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। ऐसे मामलों में त्वरित और कड़ी कार्रवाई न केवल पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए जरूरी है, बल्कि यह दूसरों के लिए भी चेतावनी बनती है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी की गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है। पीड़िता का बयान और अन्य सबूतों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह मामला न सिर्फ न्यायिक प्रक्रिया की परीक्षा है, बल्कि कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा के प्रति समाज की जिम्मेदारी का भी एक गंभीर संकेत है।

# सेल्फी लेने के दौरान दो छात्र गंगा में डूबे, एक कि मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जेपी गंगा पथ पर एक दुखद हादसा हुआ, जिसने एक बार फिर सेल्फी की लत और असावधानी की गंभीरता को उजागर कर दिया है। गांधी घाट के पास स्थित पिलर नंबर 59 के नीचे दो छात्र नहाने गए थे, जहां सेल्फी लेने के चक्कर में वे गंगा की तेज धार में बह गए। इस घटना में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि दूसरे को समय रहते बचा लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों छात्र पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र से गांधी घाट पर नहाने आए थे। वे गंगा नदी में नहाते हुए सेल्फी भी ले रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों बार-बार मोबाइल से तस्वीरें खींच रहे थे और नदी की गहराई की अनदेखी कर रहे थे। सेल्फी लेते वक्त अचानक एक छात्र गहरे पानी की ओर बढ़ गया। उसे अंदाजा नहीं था कि पानी कितना गहरा है और बहाव कितना तेज है। जैसे ही वह डूबने लगा, उसका साथी उसे बचाने के लिए नदी में कूद पड़ा। लेकिन तेज बहाव के कारण वह भी डूबने लगा। घटना के समय घाट पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सौभाग्य से, वहां खड़ा पर्यटन विभाग का एक जहाज घाट पर तैनात था। जहाज पर मौजूद कर्मचारी ने स्थिति को भांपते हुए तुरंत पानी में लाइफ जैकेट फेंका। एक छात्र उस जैकेट को पकड़ने में सफल रहा और उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद दूसरे छात्र का शव पानी से निकाला गया। इस हादसे से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। इस दर्दनाक घटना ने यह साफ कर दिया है कि सेल्फी के प्रति बढ़ती दीवानगी जानलेवा भी साबित हो सकती है। नदी, पहाड़, रेल ट्रैक या अन्य जोखिम भरे स्थानों पर फोटो खींचना कई बार जान गंवाने का कारण बन जाता है। प्रशासन की ओर से लगातार अपील की जाती है कि गंगा या अन्य नदियों में नहाते समय सावधानी बरती जाए और जोखिम भरे स्थानों पर फोटो या वीडियो न बनाए जाएं। इस घटना के बाद एक बार फिर स्थानीय प्रशासन ने लोगों से संयम बरतने और जलस्थलों पर सतर्कता से व्यवहार करने की अपील की है। पटना में हुई इस घटना ने न सिर्फ एक युवा की जान ले ली, बल्कि एक परिवार को गहरे शोक में भी डुबो दिया। यह हादसा सभी के लिए एक सीख है कि रोमांच के नाम पर अपनी जान जोखिम में न डालें और सार्वजनिक स्थलों पर सावधानी ही सुरक्षा की पहली शर्त होती है।

# कटकमसांडी पुलिस ने बहिमर चौक व नवादा में झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक पर किया रेड

## एक गिरफ्तार व एक फरार, स्वास्थ्य सचिव के निर्गत पत्र पर हुई कार्रवाई

**अरविंद कुमार यादव**
**संवाददाता दैनिक समाज जागरण कटकमसांडी।**



कटकमसांडी (हजारीबाग) स्वास्थ्य सचिव के आदेश पर सस्वास्थ्य टीम व कटकमसांडी पुलिस नै बहिमर चौक व नवादा मे झोला छाप क्लिनिक पर छापामारी कर एक डॉक्टर बी. विश्वास को हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही है। जबकि दूसरा बहिमर चौक पर स्थित क्लिनिक का संचालन कर रहे ए. विश्वास पुलिस को देखते हुए फरार हो गया। इसके पूर्व चिकित्सा प्रभारी शशि भूषन राणा अपने टीम द्वारा बहिमर चौक में चांदनी दवाखाना का जांच के लिए गए थे। उस समय भी ए. विश्वास क्लिनिक छोड़ भाग गए थे। बताया गया कि ए. विश्वास के पास किसी प्रकार का कोई भी इस विभाग से संबंधित डिग्री प्राप्त नहीं है। वह अपने क्लीनिक पर लोगों को ट्रीटमेंट करते थे एवं इंग्लिश दवा भी बेचते थे इस क्लीनिक के विषय में बरगड्डा निवासी नीतीश कुमार यादव ने हजारीबाग उपायुक्त को लिखित शिकायत भी किया था। मगर कार्रवाई सिफर रहने के बाद नितीश कुमार यादव ने राज्य के स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिखकर उक्त झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। बता दें कि ए. विश्वास और बी. विश्वास दोनों साला बहनोई हैं। प्रभारी चिकित्सक डा. भूषण राणा ने बताया कि दोनों झोला छाप चिकित्सको के पास प्रैक्टिस का कोई सर्टिफिकेट नही है। उन्होने यह भी बताया कि कटकमसांडी व कटकमदाग प्रखंड में सैकड़ों झोलाछाप चिकित्सक प्रैक्टिस कर रहे हैं, जिनकी सर्टिफिकेट की जांच की जाएगी और अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए विभाग को लिखा जाएगा।

# दो नाबालिग किशोर, किशोरी की शादी चाइल्ड हेल्प लाइन की मदद से रुकी।

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**



विष्णुगढ़ ।प्रखंड के गांव में एक और नाबालिग किशोरी की शादी रोकी गई।इसके अलावा एक नाबालिग किशोर की भी शादी रोकी गई।किशोरी की शादी 19 अप्रैल को होनी वाली थी।जिसकी जानकारी चाइल्ड हेल्प लाइन के परियोजना समवयक को मिली।उनके पहल पर नाबालिग किशोरी की शादी पर स्थानीय प्रशानिक एवं पुलिस पदाधिकारी की सक्रियता से रोक लगी। किशोरी गांव स्थित स्कूल में पढ़ती है।स्कूल में दर्ज जन्मतिथि के मुताबिक उसकी उम्र 15 बर्ष है।इसके बाद भी उसकी शादी तय कर दी गई थी।शादी इसी माह की 19 तारीख को होनी थी।पर ऐनवक्त पर चाइल्ड हेल्प लाइन के परियोजना समवयक ने शादी रोकवाने को ले प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र भेजा।जिस पर सक्रिय हुए स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन महकमा ने शादी रोकवाने में सफल हो गए।मौके पर पहुंचे सरकारी महकमा के कर्मियो ने 18 बर्ष पूरे होने के पुर्व लङकी की शादी नहीं करने के तय कायदें का हवाला देकर किशोरी की शादी करने से मना किया।जिस पर लङकी के परिजन सहमत हो गए। किशोरी के पिता से बेटी की शादी उसके 18 बर्ष पूरे होने पर करने का शपथ पत्र लिया गया।

इसके अलावा एक 17 बर्षीय किशोर की शादी रोकी गई।किशोर की शादी 20 अप्रैल को होनी थी।जिसकी जानकारी मिलने पर चाइल्ड हेल्प लाइन के पहल पर शादी रोकी गई।किशोर के दादा से पोते के 21 बर्ष पूरे होने पर शादी करने का शपथ लिया गया है।

# विगत 17 दिनों से पूरे झारखण्ड के सैनिकों का लिकर कैंटीन बन्द, पूर्व सैनिकों मे असंतोष

**दैनिक समाज जागरण 17.04.2025 जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर भारतीय सेना की कैंटीन सुविधा में ग्रोसरी एवं लिकर सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों को सस्ते दर पर उपलब्ध कराया जाता है। लिकर कैंटीन का हर राज्य में वित्तीय वार्षिक रिन्यूवल होता है। इस वर्ष भी झारखंड में स्थित सेना की यूनिटों की तरफ से लाइसेंस एवं वेट में छूट का पत्र एक्साइज डिपार्टमेंट को 31 मार्च के पहले ही भेजा गया था। जिसमें लाइसेंस रिन्यूअल का काम तो पूरा हो चुका मगर वैट में छूट का पत्र अभी तक साइन नहीं होने की वजह से पूरे झारखंड राज्य में सैनिकों के कैंटिनो में लिकर का बिक्री बंद है। जिसकी वजह से झारखंड में रह रहे सैनिक एवं पूर्व सैनिक लिकर की सुविधा से वंचित है। आज पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम की एक आकस्मिक बैठक मानगो गांधीघाट स्थित पार्क में हुई। जिसमें उपस्थित सैनिकों ने एक्साइज डिपार्टमेंट के संबंधित अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए यह मीटिंग बुलाई एवं सबका कहना था कि जो काम वर्षों से होता चला रहा है और पूरे देश में हो रहा है। इसमें कोई नई परंपरा की शुरूआत नहीं है। फिर उस पत्र पर समय रहते सिग्नेचर क्यों नहीं होता..?? सिग्नेचर नही होने के कारण कई बार सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों को महीनों लिकर से वंचित रह जाना पड़ता है। आज के मीटिंग में उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों का संबंधित विभाग के सीनियर अधिकारियों से आग्रह है कि सेना की कैंटीन में बिकने वाला लिकर पर लगने वाले वैट में छूट वाले पत्र पर यथाशीघ्र अपना हस्ताक्षर कर, पूरे राज्य में सैनिकों के कैंटीन को खुलवाने में अपना यशस्वी सहयोग प्रदान करने की कृपा करें। जिससे झारखंड में निवास करने वाले सैनिक एवं पूर्व सैनिकों का हौसला बना रहे। आज के मीटिंग में मुख्य रूप से पूर्व सैनिक सुशील कुमार सिंह दिनेश सिंह अभय सिंह राजीव रंजन सतनाम सिंह अशोक श्रीवास्तव हरेंदु शर्मा उपेंद्र प्रसाद सिंह बृज किशोर सिंह अनिल झा नरेंद्र कुमार राजेश कुमार विजय त्रिपाठी देवेंद्र कुमार आदि सैनिक शामिल थे।

# पत्थर खनिज का अवैध खनन एवं भंडारण को लेकर संलिप्त व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज, 1 भारी वाहन (हाईड्रोलिक एक्सकेवेटर) जब्त

**दैनिक समाज जागरण 17.04.2025 जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार पूर्वी सिंहभूम जिला में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है । इसी क्रम में पटमदा अंचल के विभिन्न क्षेत्रों में खनन विभाग, सीओ, डीएसपी एवं थाना प्रभारी द्वारा संयुक्त छापेमारी की गई। इस कार्रवाई के दौरान मौजा सिसदा में अवैध




रूप से पत्थर खनिज का अवैध खनन एवं भंडारण पाया गया। मौके से 50 हजार सीएफटी पत्थर बोल्डर तथा टाटा हिटाची हाईड्रोलिक एक्सकेवेटर मशीन भी जब्त किया गया है। उक्त मामले में संलिप्त व्यक्ति सुभाष शाही, जब्त वाहन के मालिक के विरूद्ध झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004, The jharkhand minerals (prevention of illegal mining, transportation, storage) rules 2017, खान एवं खनिज विकास एवं विनिमय 1957 एवं अन्य सुसंगत धाराओं में खान निरीक्षक अरविंद उरांव द्वारा पटमदा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है । विदित हो कि कोई भी व्यक्ति बिना खनन पट्टा या अनुज्ञप्ति धारण किए खनिज का उत्खनन एवं भंडारण नहीं कर सकता है, ऐसा करते पाये जाने पर सुसंगत धाराओं में विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# ईचागढ़ से गुरुचरण, चारुचांद, काबलु व सुधीर को मिली झामुमो केंद्रीय सदस्य की जिम्मेदारी

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ः झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 13वें महाधिवेशन के बाद सर्व सम्मति से शिबू सोरेन को केंद्रीय संस्थापक संरक्षक व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके पश्चात पार्टी ने नई केंद्रीय कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमे ईचागढ़ विधानसभा से गुरुचरण किस्कु, चारुचांद किस्कु, काबलु महतो व सुधीर किस्कु को केंद्रीय सदस्य बनाया गया है। साधारण कार्यकर्ता से केंद्रीय समिति तक का सफर नियुक्ति के बाद काबलु महतो ने कहा कि झामुमो एक कार्यकर्ता-आधारित पार्टी है, जहां जमीनी कार्यकताओं को भी शीर्ष स्तर पर अवसर मिलता है। उन्होंने कहा मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता को केंद्रीय सदस्य बनाकर पार्टी ने जो सम्मान दिया है, वह मेरे लिए गर्व की बात है। मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी की सेवा करता रहूंगा। उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया।

# उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोसाई बलिया में बाल संसद का किया गया गठन

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव : उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोसाई बलिया में बाल संसद का गठन किया गया। विद्यालय के प्रभारी सलीमुल्लाह और शिक्षकों मजाज अल्वी, मोतीलाल गिरी, जितेंद्र प्रसाद दांगी, परमेश्वर गिरी, रेणु कुमारी और कुमारी सुमन की उपस्थिति में यह प्रक्रिया संपन्न हुई। सर्वसम्मति से आरव कुमार वर्मा को बाल संसद का अध्यक्ष चुना गया। अन्य महत्वपूर्ण पदों पर




भी छात्रों का चयन हुआ। उज्जवल कुमार को प्रधानमंत्री, अंजली कुमारी को शिक्षा मंत्री, माही कुमारी को स्वच्छता मंत्री, समीक्षा कुमारी को पर्यावरण मंत्री, मानवी कुमारी को स्वास्थ्य मंत्री और राशि कुमारी को पोषण मंत्री चुना गया। इसके अतिरिक्त, सदानंद कुमार को खेलकूद एवं सांस्कृतिक मंत्री, विशाल कुमार को सुरक्षा मंत्री, रोहित कुमार को कौशल विकास मंत्री और प्रीति कुमारी को छात्रवृत्ति मंत्री के रूप में चुना गया। मौके पर विद्यालय परिवार ने सभी नव-निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# टीपीसी के नाम से पोस्टर साटकर मांगी गई दो लाख की लेवी चाहरदीवारी निर्माण कार्य बंद

**कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव प्रखंड संसाधन केंद्र के तलसवार संकुल अंतर्गत के प्राथमिक विद्यालय सोहादी में भोला महतो कंस्ट्रक्शन के द्वारा चारदीवारी का कार्य किया जा रहा है। विद्यालय का चार दीवारी का कार्य कॉन्ट्रैक्ट के माध्यम से करवाया जा रहा है। कॉन्ट्रेक्टर ने बताया कि चार दीवारी का कार्य की लागत




लगभग 14 लाख की लागत से कराया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के टीपीसी के नाम से दीवार में पोस्टर चिपकाकर दो लाख की लेवी की मांग की गई है। जिससे ठेकेदार एवं कार्य में लगे मजदूर दहशत में है जिसको लेकर चार दीवारी का कार्य को बंद कर दिया गया। पोस्टर में लिखा हुआ है कि कुआं के पास घड़ा है जिसमें लेवी की दो लाख की राशि रख दे अन्यथा अंजाम भुगतने को तैयार रहें। बताया गया कि चारदीवारी की कुछ फीट दीवार सबल के माध्यम से गिरा दिया गया है और एक ड्राम को छेदा कर दिया गया है।

# डाड़ी प्रखंड कार्यालय में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

**गुलचंद महतो संवादाता दैनिक समाज जागरण डाड़ी।**

प्रखंड डाड़ी में पोषण पखवारा के तहत पंचायत स्तर से चयनित सहायिका द्वारा प्रखण्ड स्तर पे प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें 14 पंचायत से चयनित सहायिका ने भाग लिया। सीडीपीओ के के वर्मा द्वारा एक ज्यूरी बनाया जिसमें अंचल के प्रधान सहायक अनिल मेहता, सहायक पप्पू कुमार, पंचायत सचिव निशा सिंह, सहायक विशाल कुमार, राजस्व उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह को शामिल किया। इन लोगों द्वारा सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि सभी सहायिका का पोषाहार द्वारा निर्मित खाद्य पदार्थ स्वादिष्ट है जिसमें सबसे बेहतर सविता देवी tongi 1की आंगनवाड़ी केंद्र की सहायिका है। उन्हें चयनित करते हुए डाडी प्रखंड से जिला मे नेतृत्व हेतु चयनित किया गया। इस अवसर पे निम्नांकित आंगनवाड़ी सेविका एवं प्रतियोगी सहायिका उपस्थित हुए।




# कबड्डी संघ के पदाधिकारी ने झारखंड ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव बनाए जाने पर संजय झा को क्या सम्मानित

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

रांची : झारखंड राज्य कबड्डी संघ के मान्यता प्राप्त रांची जिला कबड्डी संघ के द्वारा झारखंड राज्य कबड्डी संघ के अभिभावक स्वरूप संजय कुमार झा को झारखंड ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव एवं मीडिया कमेटी के सदस्य बनाए जाने पर सभी सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर श्री झा ने कहा कि शुरू से ही खेल के पति पूरी तरह समर्पित है। कबड्डी खेल अंग अंग में भरा हुआ है। राज्य में कबड्डी खिलाड़ियों को थोड़ी परेशानी जरूर है परंतु समय के अनुसार सारी परेशानी समाप्त हो जाएगी। हम भी अपने स्तर से पहले भी और आज भी प्रयास में लगे हुए हैं झारखंड राज्य में कबड्डी का



एक मंच हो जिससे खिलाड़ियों को सही दिशा निर्देश के साथ आगे बढ़ाने में सहायक /सिद्ध हो सके। इसके लिए हम अपने स्तर से झारखंड ओलंपिक संघ के तमाम पदाधिकारी से इस संदर्भ में अपना विचार रखेंगे और इसे निदान करने का प्रयास करेंगे। मौके पर झारखंड राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तपन रावत, कोषाध्यक्ष हरीश कुमार, प्रशिक्षक शिवकुमार, प्रदीप तिर्की, रामप्रसाद, शमी सिंह, विक्की शर्मा, कुणाल कुशवाहा सहित सभी कबड्डी खिलाड़ी उपस्थित होकर श्री झा को सम्मानित किया।

# दो मोटरसाइकिल आपस में टकराए तीन युवक घायल हजारीबाग रेफर

**हेलमेट नहीं पहनने के कारण तीनों युवक को लगी माथे में चोट एक की हालत नाजुक**

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित आईडीबीआई बैंक के पास दो मोटरसाइकिल की आपस में जोरदार टक्कर में तीन युवक बुरी तरह घायल हो गए।यह घटना बुधवार देर शाम को हुई। तीनों घायलों को ग्रामीणों एवं पुलिस के सहयोग से अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक इलाज कर हजारीबाग रेफर कर दिया गया घायलों की पहचान गुड़न राणा,पिता सहदेव राणा ,राहुल राणा पिता स्वर्गीय शिवनाथ राणा एवं शमशेर आलम के रूप में पहचान की गई। गुड़न राणा एवं राहुल राणा दोनों चाचा भतीजा हैं,जो बड़कागांव के ग्राम आराहरा का रहने वाले हैं।ये दोनों फिलहाल टीपी 5 के पास रहते हैं।जबकि शमशेर आलम हजारीबाग के पेलावल का रहने वाला है। घायल राहुल राणा की माता ने बताया कि यह दोनों शादी समारोह केरेडारी से लौट रहे थे।जबकि पेलावल निवासी शमशेर आलम बड़कागांव चौक से हजारीबाग की ओर जा रहे थे। इसी बीच दोनों मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों मोटरसाइकिल सवार तेज गति में चल रहे थे। तीनों युवक हेलमेट नहीं पहने हुए थे। एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों पर सवार युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों युवक का चोट माथे में लगी है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तुरंत सभी घायलों को बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम,विकास रंजन, पंकज कुमार समेत अन्य ग्रामीण मुख्य भूमिका निभाई।



# उपायुक्त ने 15 सामुदायिक वनाधिकार पट्टा का किया वितरण।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण।**

समाहरणालय सभागार में गुरूवार को वनाधिकार पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर उपायुक्त नैन्सी सहाय ने चौपारण अंचल के बसरिया, भगहर, ताजपुर व जबनपुर क्षेत्रान्तर्गत कुल 15 गांव के ग्राम वनाधिकार समिति के अध्यक्ष एवं सचिव, को कुल 1491.66 एकड़ का सामुदायिक वनाधिकार पट्टा वितरण किया। मौके पर उपायुक्त ने पट्टा प्राप्त करने वाले समुदाय को बधाई देते हुए कहा कि वनोपज पर निर्भर रहने वाले ग्रामीणों को वनाधिकार पट्टा मिलने से उनके जीविकापार्जन में सहूलियत होगी। कहा कि जिन लोगों का आवंटन बचा है उन्हें शीघ्र ही पट्टा निर्गत कर दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारी को त्वरित कार्रवाई करते हुए लंबित मामलों के निस्तारण का निर्देश दिया। इस अवसर पर पट्टा प्राप्त करने वालों ने उपायुक्त को धन्यवाद दिया। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी सुधीर कुमार, संबंधित क्षेत्र के ग्राम वनाधिकार समिति के अध्यक्ष एवं सचिव सहित अन्य मौजूद थे।



# 109 गर्भवती महिलाओं ने निशुल्क शिविर का उठाया लाभ

**विशेषज्ञ चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी गर्भवती महिलाओं की सेवा में जुटे मातृशक्ति के लिए समर्पित निशुल्क शिविर का मुख्य उद्देश्य मां और बच्चा दोनों रहे स्वस्थ - डॉ प्रवीण श्रीनिवास**




**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण।**

हजारीबाग रविन्द्र पथ बिजली ऑफिस के विपरीत स्थित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में आयोजित दो दिवसीय जननी स्वास्थ्य मेला के तहत गर्भवती महिलाओं के विशेष निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ। इसमें गर्भवती महिलाओं को निशुल्क डॉक्टर परामर्श, मुफ़्त दवा, शुगर एवं हीमोग्लोबिन जांच, बी.पी. जांच, दंत जांच, न्यूरोलॉजिस्ट परामर्थ, कैंसर स्क्रीनिंग, नेत्र जांच एवं एक समय का भोजन मुफ्त प्रदान किया गया। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड व अन्य जांच पर भारी डिस्काउंट दिया गया। जिसमें 109 गर्भवती महिलाओं ने निशुल्क शिविर का लाभ उठाया। अनुभवी व विशेषज्ञ चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी गर्भवती महिलाओं की सेवा में जुटे रहें। श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष एवं संत मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि जननी स्वास्थ्य मेला के तहत मातृशक्ति की उत्तम देखभाल प्रदान करने हेतु विशेष निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मातृशक्ति के लिए समर्पित निशुल्क शिविर का मुख्य उद्देश्य बुनियादी जांच एवं उपचार करवाकर मां और बच्चा दोनों स्वस्थ रहे। मौके पर मिशन होस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पूजा बैरवा, डॉ शिखा खंडेलवाल, डॉ मिताली सोरेन, डॉ एएन सिंह, डॉ अभिमन्यु सिंह, डॉ फोरम कटारा, डॉ वैष्णवी पांडे एवं डॉ आदर्श खंडेलवाल सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने देर रात्रि शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचकर किया औचक निरीक्षण

**जनसेवा मेरी प्राथमिकता है, संकट की घड़ी में जनता के साथ खड़ा रहना मेरा कर्तव्य है - प्रदीप प्रसाद**

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



जनप्रतिनिधि की भूमिका को कर्मशीलता और संवेदनशीलता से निभाते हुए हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने बुधवार की देर रात शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। विधायक क्षेत्र के वैवाहिक समारोह में सम्मिलित थे, परंतु जैसे ही उन्हें अस्पताल में भर्ती मरीजों की स्थिति की जानकारी प्राप्त हुई, वे तुरंत समारोह से निकलकर स्वयं वाहन चलाते हुए सीधे अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुंचने के बाद श्री प्रसाद ने विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया और मरीजों से सीधे संवाद स्थापित किया। उन्होंने प्रत्येक मरीज की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से उनके इलाज की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि क्षेत्र के एक युवक को सांप ने काट लिया है और उसकी स्थिति चिंताजनक है। विधायक ने तत्काल संबंधित डॉक्टरों से बात कर मरीज के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। वे स्वयं मरीज के पास पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की जनता की सेवा और सुरक्षा ही मेरी प्राथमिकता है। किसी भी संकट की घड़ी में मैं सदैव आमजन के साथ खड़ा हूं। उन्होंने यह भी कहा कि शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को और अधिक सशक्त बनाने हेतु वे निरंतर प्रयासरत हैं। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि मरीजों को समय पर समुचित इलाज, दवाएं सहित अन्य सामग्री उपलब्ध कराया जाए। साफ-सफाई, बिजली, पानी आदि बुनियादी सुविधाओं में कोई कोताही न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। प्रदीप प्रसाद ने ईश्वर से सभी मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और विश्वास दिलाया कि वे आमजन के स्वास्थ्य एवं हित में हर आवश्यक कदम उठाते रहेंगे।

# घर का जर्जर छत का प्लास्टर टूट कर गिरने से दो बच्चे जख्मी।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण कटकमदाग।**

प्रखंड के पसई पंचायत के देवार टोला निवासी नागेश्वर राम के घर का जर्जर छत का प्लास्टर टूट कर गिरने से दो बच्चे जख्मी हो गये। जख्मी हुए बच्चों में नागेश्वर राम की 10 वर्षीय पुत्री पूजा कुमारी व उसके घर आए रिश्तेदार के लड़का 9 वर्षीय कार्तिक कुमार है। कार्तिक को सिर में चोट लगी जबकि पूजा को पैर में चोट लगी है। दोनों बच्चों को स्थानीय ईलाज कराया गया। बताया गया कि दोनों बच्चे सुबह में सोए हुए थे इसी दौरान जर्जर प्लास्टर टूट कर नीचे गिर गया। घटना की खबर होते ही पसई पंचायत समिति सदस्य मनीष कुमार ने जायजा लिया। उन्होंने बताया कि गरीब परिवार का काफी पुराना घर बना हुआ है। जो छत अत्यंत ही जर्जर हो चुका है। कभी भी बड़ी हादसा हो सकता है। उन्होंने बताया कि इस परिवार को सरकारी आवास की जरूरत है।



# एनटीपीसी पकरीबरवाडीह ने चेपाकला प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बीच स्वास्थ्य किट उपलब्ध कराया।

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव : बच्चे स्वस्थ रहे और अपने जीवन में स्वस्थ जीवन शैली का आचरण करें, इस सोच के साथ एनटीपीसी पकरी बरवाडीह ने प्राथमिक विद्यालय चेपाकला में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया। एन टी पी सी पकरी बरवाडीह की सीएस आर टीम से आए अधिकारियों ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बच्चों को साफ सुथरा रहने के फायदे बताए। रविवार को नाखून काटना, साफ कपड़े पहनना, बाल और शरीर को साफ रखना, शौच का इस्तेमाल करने के बाद और खाना खाने के पहले और बाद में हाथ धोना यादि जानकारियां दी। कुछ बच्चों ने अपनी रोज की अच्छी आदतों को भी कार्यक्रम में साझा किया। कक्षा तीसरी में पढ़ रही रितिका कुमारी ने बताया कि वह रोज रात में भी अपने दांत साफ करती है। कार्यक्रम में विद्यालय के कुल 148 बच्चे, शिक्षक गण और प्रधान शिक्षक भी मौजूद रहे। अंत में बच्चों को एक स्वास्थ्य किट दिया गया जिसमें टूथ पेस्ट, ब्रश, जीभी, डेटॉल साबुन और नेल कटर दिया गया। बच्चे किट पाकर बहुत उत्साहित दिखे और साथ ही यह संकल्प लिया कि हमेशा अच्छी आदतों को अपना कर स्वस्थ रहेंगे। इस मौके पर एनटीपीसी की ओर से सीएसआर विभाग के वरिष्ठ प्रबन्धक कमलाराम रजक और अन्य अधिकरी मौजद रहे। स्कूल के प्रध्नाध्यापक दीनेश्वर महतो और शिक्षक सुनिलाल महतो मौजूद रहे।



# गोन्दुलपारा कोयला खनन परियोजना के विस्थापितों को लेकर पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन समिति की बैठक सम्पन्न।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में गुरूवार को समाहरणालय सभागार में गोन्दुलपारा कोयल खनन परियोजना के प्रभावितों को लेकर पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन समिति की बैठक आहुत की गई। जिसमें सांसद मनीष जायसवाल, प्रभावित क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि, कम्पनी के प्रतिनिधि, जिला व प्रखण्ड स्तरीय अधिकारी सहित रैयत प्रतिनिधि शामिल हुए। मौके पर बड़कागांव अंचल अन्तर्गत अडानी इन्टरप्राईजेज लि., गोन्दुलपारा कोयला खनन परियोजना में सन्निहित रैयती भूमि के अर्जन से होने वाले विस्थापितों एवं प्रभावित होने वाले परिवारों को बेहतर पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थान लाभ/सुविधाएं प्रदान करने, सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से प्रभावित परिवारों का सशक्तिकरण, क्षेत्रीय विकास के साथ-साथ पर्यावरणीय और संस्कृति संरक्षण, भूमि अधिग्रहण से उत्पन्न समस्याओं के समाधान तथा प्रभावितों के परिवारों के विकासात्मक अवसर करने संबंधी महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर गहरी विमर्श की गई। बैठक में बताया गया कि इस परियोजना के क्रियान्वयन में भूमि अधिग्रहण के कारण प्रभावित परिवारों के गैर स्वैच्छिक विस्थापन होने की संभावना के मद्देनजर परियोजना के समीप पुनर्वास कॉलोनी निर्माण के लिए ग्राम चदैरान, थाना नं. 129, थाना बड़कागांव अन्तर्गत कुल 162.56 एकड़ रैयती भूमि अर्जनाधीन है जिसकी अधिसूचना प्रकाशित कर दी गई है। इस क्रम में निहित प्रावधानों के अन्तर्ग शारदा एजेंसी के माध्यम से प्रभावित क्षेत्र में विस्तृत सर्वेक्षण एवं जनगणना कराते हुए प्रस्तावित परियोजना के लिए भू-अर्जन से प्रभावित परिवारों से विचार विमर्शोपरांत पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थान योजना प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त ने कहा कि गोन्दुलपारा कोयला खनन परियोजना पुनर्वास कॉलोनी निर्माण हेतु भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थान में ह्यउचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013; के तहत पुनर्वास कॉलोनी निर्माण हेतु भूमि के अधिग्रहण के कारण प्रभावित होने वाले परिवारों को नियम के अधीन पुर्नव्यवस्थापन एवं पुनस्थापन लाभ/सुविधाएं सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। बैठक में क्षेत्रीय सांसद मनीष जायसवाल ने प्रभावितों के नियम के तहत उचित मुआवजा राशि, रोजगार से जोड़ने अथवा पेंशन देने बात रखी। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उचित मुआवजा प्रदान करने की बात कही। बैठक में सांसद मनीष जायसवाल, बड़कागांव विधानयक अपर समाहर्ता हजारीबाग, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबन्धक, गोन्दलपुरा प्रभावित प्रतिनिधि, अध्यक्ष गाली ग्राम वन सुरक्षा एवं वन प्रबन्धक समिति, अध्यक्ष प्रेरणा रूरल डेवलपमेन्ट सोसाईटी हरली, मुखिया चन्दौल, सिनियर वाईस प्रेसिडेन्ट अडानी इन्टरप्राईजेज लि. सहित कई प्रभावित रैयत मौजूद थे।




# काली बड़ी रोड में घंटों सड़क पर पड़ी रही घायल महिला

**सांसद के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि रंजन चौधरी और मुक्तिधाम सेवा संस्थान के नीरज कुमार एम्बुलेंस लेकर पहुंचे, अस्पताल में कराया भर्ती**

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

गुरुवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने मुक्तिधाम सेवा संस्थान के सचिव नीरज कुमार ने मानवीय पहल करते हुए हजारीबाग शहर के कालीबाड़ी रोड़ में सड़क किनारे बेसुध अवस्था में पड़ी एक घायल महिला को सदर थाना की पुलिस को सूचना देकर एम्बुलेंस से उठाकर हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कई घंटे से यहां महिला पड़ी थी और आसपास के लोग इकट्ठा हो होकर सिर्फ.मूकदर्शक बने हुए थे। जिसके बाद स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता सह अधिवक्ता विवेक कुमार सिंह और स्थानीय मां अम्बे हॉस्पिटल के संचालक राहुल ठाकुर ने इसकी सूचना हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को दी। जिसके बाद सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी और मुक्तिधाम सेवा संस्थान के सचिव नीरज कुमार तत्काल एम्बुलेंस लेकर यहां पहुंचे और महिला को एम्बुलेंस के सहारे उठाकर अस्पताल पहुंचाया और प्राथमिक चिकित्सीय उपचार और इलाज के बाद यहां भर्ती कराया एवं पानी भोजन की व्यवस्था भी कराई। घायल महिला का नाम, पता का जानकारी नहीं हो पाया है स्पष्ट कुछ बोल नहीं पा रही है। महिला के सर में चोट भी है।



# लेखक बिपिन कुमार ने उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों की बीच किया बैग एवं कॉपी का वितरण

**स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन के सौजन्य से प्रश्नोत्तरी एवं करियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन।**

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

कटकमदागः शिक्षा के प्रति समर्पित स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन के संस्थापक एवं निदेशक बड़कागाँव के सांढ़ निवासी युवा लेखक एवं शिक्षाविद बिपिन कुमार ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय कटकमदाग में प्रश्नोत्तरी एवं करियर काउंसलिंग का आयोजन किया। प्रश्नोत्तरी में अव्वल दर्जनों से अधिक छात्र-छात्रों के बीच निःशुल्क बैग एवं कॉपी बांटे।कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक पवन कुमार ने किया।बैग एवं कॉपी पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे वही उपस्थित स्कूल के शिक्षकों ने फाउंडेशन के इस शैक्षणिक कल्याणकारी कार्य के प्रति आभार जताया।फाउंडेशन के संस्थापक एवं निदेशक लेखक बिपिन कुमार ने छात्र/छात्रों को पढ़ाई से संबंधित टिप्स देते हुवे कहा कि अच्छे परिणाम के लिए एक अच्छा टाइम टेबल बनाना जरूरी हो जाता है।अपने दिन को अच्छे से प्रबंधित करने के लिए हर विषय के लिए निर्धारित समय तय करें। इस समय में बिना किसी रुकावट के पढ़ाई करें।उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को शिक्षित करने का उद्देश्य तब पूरा होगा,जब सबसे निचले पायदान पर खड़े समाज का एक-एक बच्चा शिक्षित होगा।बैग एवं कॉपी पाने वालों में सोनी ,डोली,सना राज,मिथलेश,आरती,पूनम,अभिमन्यु, कामती, आसिया ,पम्मी एवं अन्य का नाम शामिल है।कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक वासिफ जहीर,पंकज कुमार,अंकित कुमार,सुमित कुमार एवं आदर्श कुमार शामिल थे। ज्ञात हो कि फाउंडेशन ने पिछले वर्ष अम्बेडकर जयंती के अवसर पर हजारीबाग जिला में ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित कर कूद निवासी रोहित कुमार मिस्त्री की बेटी आराध्या कुमारी को टैब प्रदान किया गया।इस दौरान पंद्रह सौ से अधिक अव्वल प्रतिभागियों के बीच लैपटॉप,टैब, एंड्राइड मोबाइल, डिजिटल वॉच,बैग एवं मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

# महिला ने बेटी के अपहरण व शोषण का मामला दर्ज कराया।

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ ।मुस्लिम समुदाय की एक महिला ने अपनी 17 साल की बेटी के अपहरण और यौन शोषण का मामला बगोदर थाना में दर्ज कराया है।महिला विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है।उसने थाना को दिए आवेदन में कहा है कि 10 अप्रैल को उसकी बेटी डुमरी थाना क्षेत्र के एक गांव में मामा के घर से लौट रही थी। दोपहर में वह बगोदर बस स्टैंड पहुंची। तभी विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के अलपीटो गांव के भीखन रविदास और उसके भांजे अशोक रविदास उसे जबरन अपने साथ ले गए।महिला ने आरोप लगाया कि दोनों ने मिलकर बेटी का अपहरण किया और फिर उसका यौन शोषण किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। नाबालिग को बरामद कर लिया गया है। बुधवार को उसे मेडिकल जांच के लिए गिरिडीह भेजा गया। एसआई अंजन कुमार के अनुसार मामले की जांच चल रही है। महिला ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।इधर, आरोपी भीखन रविदास ने कहा कि उसके भांजे अशोक और नाबालिग के बीच प्रेम संबंध था। युवती उसके भांजे के साथ दिल्ली चली गई थी। भीखन ने कहा कि मुझ पर राजनीतिक साजिश के तहत रेप का आरोप लगाया गया है। भीखन रविदास अलपीटो पंचायत का पंचायत समिति सदस्य है। विष्णुगढ बीडीओ अखिलेश कुमार के खिलाफ हजारीबाग के न्यायालय में मुकद्दमा दर्ज कराने के मामले में सुर्खियों में रहा है।

# रामचरित मानस में राष्ट्रीय चेतना विषयक संवाद संपन्न

**श्रीराम भारतीय राष्ट्रवाद के प्रतीक, उनके आदर्शों पर चलकर ही राष्ट्र का कल्याण संभव : प्रो. रंजय प्रताप सिंह**

**समाज जागरण**
**मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा ।**



ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के तत्वावधान में बी.एन. मंडल विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् (कढफ), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित "रामचरित मानस में राष्ट्रीय चेतना" विषयक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्वानों और प्राध्यापकों ने श्रीराम के आदर्शों, राष्ट्र के प्रति उनकी दृष्टि और रामचरित मानस में निहित राष्ट्रवाद की अवधारणाओं पर विस्तार से विमर्श किया। रामचरित मानस केवल ग्रंथ नहीं, राष्ट्र की आत्मा है : प्रो. रंजय प्रताप सिंह कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. रंजय प्रताप सिंह, विभागाध्यक्ष दर्शनशास्त्र, डी.ए.वी. कॉलेज, कानपुर एवं संयोजक, विद्या परिषद्, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य में कहा कि रामचरित मानस भारत की सांस्कृतिक चेतना का धुरी है। उन्होंने श्रीराम को भारतीय राष्ट्रवाद का आदर्श बताया और कहा, "श्रीराम मयार्दा, न्याय, त्याग और परोपकार की मूर्त अभिव्यक्ति हैं। उनके जीवन से हम राष्ट्रहित में व्यक्तिगत स्वार्थों का त्याग करना सीखते हैं।" उन्होंने 'राम' शब्द का विश्लेषण करते हुए कहा, ह्रा का अर्थ है राष्ट्र और म का अर्थ है मंगल; अतः राम वह व्यक्तित्व हैं जो राष्ट्र का मंगल करते हैं। वे एक ऐसे राष्ट्रनायक हैं, जिन्होंने भारत को सांस्कृतिक सूत्र में बांधने का कार्य किया। श्रीराम का वनवास एक राष्ट्र-यात्रा था प्रो. सिंह ने कहा कि श्रीराम ने युवराज पद का परित्याग कर वनवास को अपनाया, जो केवल एक पारिवारिक निर्णय नहीं बल्कि राष्ट्र को आत्मसात करने की जनयात्रा थी। उन्होंने अयोध्या से लेकर रामेश्वरम तक की पदयात्रा के माध्यम से जन-जीवन को जाना और सम्पूर्ण भारत को जोड़ा। यह उनका राष्ट्र को एकसूत्र में पिरोने का प्रयास था। सामाजिक समरसता और आतंकवाद विरोध का आदर्श प्रस्तुत किया प्रो. सिंह ने कहा कि श्रीराम ने अहिल्या उद्धार, निषादराज से मित्रता, शबरी के झूठे बेर खाने जैसी घटनाओं के माध्यम से सामाजिक समरसता की नींव रखी। साथ ही ताड़का, खर, दूषण, सुबाहु और अंततः रावण जैसे आतंकी प्रवृत्तियों का अंत कर समाज में भयमुक्त वातावरण की स्थापना की। जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी : प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) ज्ञानंजय द्विवेदी ने कहा कि रामचरित मानस में राष्ट्रनिर्माण के सभी आवश्यक तत्व मौजूद हैं। श्रीराम ने जन्मभूमि को स्वर्ग से महान बताया और इस भावना को आत्मसात कर ही सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना की जा सकती है। शिक्षा में शामिल हो रामचरित मानस : प्रो. कैलाश प्रसाद यादव सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने रामचरित मानस को भारतीय चरित्र-निर्माण का आधार बताया और सुझाव दिया कि इस ग्रंथ को विद्यालयी पाठ्यक्रम का अनिवार्य भाग बनाया जाए। राम ने भारत को सूत्र में पिरोया : प्रो. राजीव कुमार मल्लिक मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार मल्लिक ने कहा कि श्रीराम ने भारत को एकता के सूत्र में बांधने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनकी नीतियाँ आज के संदर्भ में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। मूल्य आधारित जीवन की आवश्यकता : डॉ. मो. एहसान उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. मो. एहसान ने कहा कि रामचरित मानस केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। आज आवश्यकता है कि हम उसके मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करें। अध्यक्षता, संचालन और सम्मान कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. देव प्रसाद मिश्र (विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग) ने की। संचालन डॉ. सुधांशु शेखर (असिस्टेंट प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय) ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रत्यक्षा राज (असिस्टेंट प्रोफेसर, रमेश झा महिला महाविद्यालय, सहरसा) ने प्रस्तुत किया। दीप प्रज्वलन एवं पुस्तक भेंट से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रो. रंजय प्रताप सिंह को "गांधी-विमर्श" एवं "सामाजिक न्याय : अंबेडकर-विचार और आधुनिक संदर्भ" पुस्तकें स्मृति-चिह्नस्वरूप भेंट की गईं। उपस्थिति इस संवाद में डॉ. कुमार ऋषभ, असिस्टेंट प्रोफेसर धीरेंद्र कुमार, शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान, सुशील कुमार मिश्रा, शशिकांत कुमार, चंदन कुमार, नूतन कुमारी, राजीव कुमार, प्रकाश चंद्र कुमार, दिनेश कुमार यादव, शक्ति सागर, सुरेन्द्र कुमार सुमन, बरुण कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अररिया में भाजपा ने अंबेडकर सम्मान सभा से भरी चुनावी हुंकार

**"डॉ. अंबेडकर को भुलाने वाली कांग्रेस, अब उनके नाम पर कर रही है राजनीति" — सांसद प्रदीप कुमार सिंह**

**समाज जागरण**
**अररिया /डा. रूद्र किंकर वर्मा।**



विधानसभा चुनाव 2025 की आहट के बीच भारतीय जनता पार्टी ने अररिया ज़िले में डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा का आयोजन कर स्पष्ट कर दिया है कि वह अब सीमांचल में राजनीतिक विमर्श को सामाजिक न्याय के इर्द-गिर्द केंद्रित करने की दिशा में तेजी से बढ़ रही है। यह आयोजन भाजपा के लिए केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि राजनीतिक संदेश और संगठनात्मक शक्ति प्रदर्शन का मंच साबित हुआ। भाजपा की वैचारिक प्रतिबद्धता बनाम कांग्रेस का अवसरवाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा, डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निमार्ता नहीं, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। भाजपा ने उन्हें नमन हीं नहीं, नीतिगत सम्मान दिया है। वहीं कांग्रेस ने दशकों तक उन्हें दरकिनार कर केवल प्रतीकों तक सीमित रखा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. अंबेडकर को न केवल वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित किया, बल्कि दलित समाज को सशक्तिकरण के वास्तविक अवसर भी दिए। यह बयान कांग्रेस के उस लंबे शासनकाल पर सीधा हमला था, जहां दलित मुद्दे अक्सर वोट बैंक की राजनीति तक सीमित रह गए। मोदी की सभा को लेकर संगठन में जोश, सीमांचल में शक्ति प्रदर्शन की तैयारी सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि 24 अप्रैल को मधुबनी में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में अररिया से ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज की जाए। उन्होंने कहा, यह सभा केवल भाषण नहीं, सीमांचल के राजनीतिक भविष्य की दिशा तय करेगी। हम सबको यह दिखाना है कि सीमांचल अब विकास और आत्मगौरव के साथ खड़ा है। स्थानीय नेतृत्व की एकजुटता, संगठन की मजबूती का संकेत सभा में नरपतगंज विधायक जय प्रकाश यादव, पूर्व विधायक परमानंद ऋषिदेव, देवयंती यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष सुराणा, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष गंगा ऋषिदेव, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण कुमारी, जिला महामंत्री आकाश राज, पूर्व महामंत्री अनंत लाल सादा, कनकलता झा, चांदनी सिंह, चंद्रकला रॉय, आलोक साह, सुधीर सिंह, मनोज सिंह सहित जिले के 24 मंडल अध्यक्षों की उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि पार्टी बूथ से लेकर ब्लॉक तक संगठित और सक्रिय है। राजनीति का नया विमर्श : वोट नहीं, विचार पर आधारित जनसंपर्क इस आयोजन ने यह संकेत दिया कि भाजपा सीमांचल में वर्गीय समीकरण से आगे बढ़कर वैचारिक जनसंवाद की ओर बढ़ रही है। डॉ. अंबेडकर की विचारधारा को आत्मसात कर, पार्टी उन्हें राजनीतिक प्रतीक नहीं, नीति-निर्माण का स्रोत मानकर आगे बढ़ रही है। यह बदलाव कांग्रेस के उस नैरेटिव को सीधी चुनौती देता है, जो वर्षों से दलित हितैषी राजनीति का दावा करता रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण की प्रक्रिया में पिछड़ गया। कार्यक्रम का समापन, लेकिन संदेश दूरगामी कार्यक्रम का संचालन गरिमामय रहा और धन्यवाद ज्ञापन भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नवीन यादव ने किया। उन्होंने कहा, ह्रआज का आयोजन केवल श्रद्धांजलि नहीं, यह संकल्प है – कि हम डॉ. अंबेडकर की सोच को गाँव-गाँव, युवा-युवा तक पहुँचाएंगे और सीमांचल को नए भारत की मुख्यधारा से जोड़ेंगे। सीमांचल में भाजपा की रणनीति का अगला चरण शुरू अररिया में अंबेडकर सम्मान सभा ने यह साबित कर दिया कि भाजपा अब सीमांचल को केवल चुनावी गणित नहीं, राजनीतिक चेतना के क्षेत्र के रूप में देख रही है। जहाँ एक ओर पार्टी दलित, महिला और पिछड़े वर्ग के सशक्तिकरण की बातें जमीनी स्तर पर कर रही है, वहीं दूसरी ओर विपक्षी दलों को वैचारिक चुनौती देने में भी पीछे नहीं है। यह आयोजन भाजपा के लिए सामाजिक न्याय, संगठन की ताकत और मोदी नेतृत्व के प्रति जनविश्वास का एक साथ प्रदर्शन बन गया।

# अररिया टाउन हॉल में अंबेडकर जयंती-सह-एससी/एसटी कर्मचारी संघ का जिला सम्मेलन आज

**समाज जागरण अररिया**

अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ, बिहार - जिला इकाई अररिया द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर एक दिवसीय सम्मान समारोह-सह-जिला सम्मेलन का आयोजन कल, 18 अप्रैल 2025 को टाउन हॉल, अररिया में किया जाएगा। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित होगा। प्रथम सत्र सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिदेशक (विशेष सशस्त्र बल) एवं राज्याध्यक्ष श्री अमरेन्द्र कुमार अंबेडकर शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि होंगे जिला पदाधिकारी श्री अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी कुमार। द्वितीय सत्र अपराह्न 2:15 बजे से शुरू होगा, जिसमें प्रखंड स्तरीय नव-निर्वाचित अध्यक्षों/सचिवों का सम्मान एवं गायक रविराज बौद्ध (सिवान) द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति प्रमुख आकर्षण होंगे। पूर्व सांसद सुकदेव पासवान एवं संघ के पूर्व राज्याध्यक्ष भागवत वैश्यंत्री भी समारोह को संबोधित करेंगे। संघ के जिलाध्यक्ष श्री विजय कुमार रजक और जिला सचिव श्री सुबोध कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं और जिलेभर से कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने आमंत्रित अतिथियों, कर्मियों व जागरूक नागरिकों से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# बदलते मौसम से बढ़ी बीमारियां, अस्पतालों की ओपीडी में 30% तक इजाफा

**समाज जागरण अररिया**



बदलते मौसम का असर लोगों की सेहत पर साफ देखा जा रहा है। विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को बुखार, डायरिया, डिहाइड्रेशन, उल्टी, सिरदर्द और थकान जैसी समस्याएं अधिक हो रही हैं। जिले के सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में 25-30% तक की वृद्धि दर्ज की गई है। सदर अस्पताल के प्रबंधक विकास आनंद के अनुसार, अप्रैल की शुरूआत में जहाँ प्रतिदिन ओपीडी में 600-700 मरीज आते थे, अब यह संख्या बढ़कर 900-1000 तक पहुँच गई है। इनमें से 35% मरीज मौसमी बीमारियों से प्रभावित हैं। अस्पताल में सभी जरूरी दवाओं और सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। प्रभारी अधीक्षक डॉ. आकाश कुमार राय ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि तेज धूप, अचानक बारिश और दिन-रात के तापमान में उतार-चढ़ाव से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। दूषित भोजन व पानी से बचाव और ओआरएस, नींबू पानी जैसे तरल पदार्थों के सेवन को लाभकारी बताया। सिविल सर्जन डॉ. केके कश्यप ने कहा कि सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट किया गया है। आवश्यक दवाओं, ओआरएस की आपूर्ति पूरी है। आशा और एएनएम कार्यकताओं के माध्यम से गांवों में जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। उन्होंने अपील की कि बीमारी के लक्षण नजरअंदाज न करें और समय पर चिकित्सीय परामर्श लें।

# जोकीहाट में AIMIM का संगठन विस्तार, मिशन परिवर्तन 2025 की तैयारी तेज: मुर्शीद आलम

**समाज जागरण जोकीहाट**



आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) ने जोकीहाट में अपनी राजनीतिक गतिविधियों को धार देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं जोकीहाट विधानसभा सीट से भावी प्रत्याशी जनाब मुर्शीद आलम की अगुवाई में हरवाचौक स्थित पार्टी कार्यालय सह आवास पर दभड़ा पंचायत के पंचायत अध्यक्ष, युवा पंचायत अध्यक्ष समेत पूर्ण संगठनात्मक इकाई का गठन किया गया। इस अवसर पर जनाब मुर्शीद आलम ने कहा कि AIMIM का उद्देश्य जनता की आवाज को मजबूत करना और सामाजिक-राजनीतिक बदलाव लाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से "मिशन परिवर्तन 2025" को सफल बनाने के लिए ग्राम स्तर तक संगठन को सक्रिय करने का आह्वान किया। पार्टी द्वारा पंचायत स्तर पर संगठन विस्तार को आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

# सिकटी विधानसभा को शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात, तीन प्रखंडों में खुलेंगे भव्य सरकारी डिग्री कॉलेज : मंत्री विजय कुमार मंडल

**समाज जागरण**
**बटराहा /डा. रूद्र किंकर वर्मा।**



सीमांचल के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए अब अपने घर से दूर नहीं जाना होगा, क्योंकि बिहार सरकार ने सिकटी विधानसभा के कुसाकांटा, सिकटी और पलासी प्रखंडों में भव्य सरकारी डिग्री कॉलेज स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी बिहार सरकार के मंत्री एवं सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल ने दी। मंत्री मंडल ने बताया कि यह फैसला वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट अभिभाषण में की गई घोषणा के तहत लिया गया है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाने और युवाओं को स्वावलंबी बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा, "यह कॉलेज न सिर्फ स्थानीय युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगा, बल्कि सिकटी विधानसभा को शैक्षणिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएगा।" शिक्षा विभाग ने जिलों को भेजा निर्देश शिक्षा विभाग के सचिव अजय यादव द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि जिन प्रखंडों में अब तक कोई अंगीभूत डिग्री कॉलेज नहीं है, वहां चरणबद्ध ढंग से कॉलेज खोले जाएंगे। इसके लिए सरकारी या शैक्षणिक संस्थानों की न्यूनतम 5 एकड़ भूमि (ग्रामीण क्षेत्र में) चिन्हित करने का निर्देश सभी जिलाधिकारियों को दिया गया है। जिसमें भूमि चयन के लिए शर्तें भी रखी गई हैं । एनडीए सरकार की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता मंत्री विजय कुमार मंडल ने कहा कि एनडीए की सरकार शिक्षा को बदलाव और विकास का आधार मानती है। सीमांचल जैसे पिछड़े इलाके में कॉलेज की स्थापना से स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा और पलायन रुकेगा। उन्होंने इसे मिशन्शिक्षासशक्तिकरण का हिस्सा बताते हुए क्षेत्रवासियों से इस पहल को सहयोग देने की अपील की।

# सीटों को लेकर तेज हुई सियासत : सांसद पप्पू यादव बोले - कांग्रेस को मिलनी चाहिए 100 सीटें

**महागठबंधन की बैठक से पहले पूर्णिया सांसद का बड़ा बयान, सीमांचल की सीटें कांग्रेस को देने की वकालत**

**समाज जागरण**
**पूर्णिया /डा. रूद्र किंकर वर्मा।**



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर महागठबंधन के भीतर सीटों की सियासत अब खुलकर सामने आने लगी है। पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कांग्रेस को लेकर एक बड़ी मांग करते हुए कहा है कि पार्टी को बिहार में कम से कम 100 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सीमांचल क्षेत्र की सीटें भी कांग्रेस के खाते में जानी चाहिए। पटना में महागठबंधन की बैठक से ठीक पहले पूर्णिया में पत्रकारों से बात करते हुए पप्पू यादव ने कहा,कांग्रेस न तो सौदेबाजी करती है, न ही सीटों के लिए गिड़गिड़ाती है। लेकिन यह बात अब खुलकर कहनी चाहिए कि 70 सीटें नहीं, 100 सीटें चाहिए। हारने वाली सीटें स्वीकार न करे कांग्रेस पप्पू यादव ने कांग्रेस को सलाह देते हुए कहा कि उन्हें वैसी सीटें स्वीकार नहीं करनी चाहिए, जहां उनका कोई जनाधार नहीं है या जहां वे लंबे समय से हारते आ रहे हैं। उनका इशारा सीधे तौर पर आरजेडी और अन्य दलों द्वारा सीट बंटवारे में कांग्रेस को कमजोर सीटें देने की प्रवृत्ति की ओर था। मुख्यमंत्री पर भी बयान, कहा–चुनाव बाद हो फैसला उन्होंने यह भी दोहराया कि मुख्यमंत्री का चेहरा चुनाव परिणाम आने के बाद तय होना चाहिए। यह बयान तेजस्वी यादव को लेकर कांग्रेस की ओर से बार-बार उठाए जा रहे रुख का समर्थन करता है। कांग्रेस को बताया वैचारिक पार्टी पप्पू यादव ने कहा कि कांग्रेस बिहार की एकमात्र ऐसी पार्टी है जो धर्म और जाति से ऊपर उठकर राजनीति करती है। उन्होंने कांग्रेस की विचारधारा को विकास और सामाजिक न्याय आधारित बताया और कहा कि महागठबंधन को अगर जनता का विश्वास जीतना है तो उसे कांग्रेस को उसकी राजनीतिक हैसियत के अनुसार सम्मान देना होगा। राजनीतिक हलचल तेज, बयान के मायने गहरे महागठबंधन की बैठक से पहले पप्पू यादव का यह बयान न केवल सीट बंटवारे पर दबाव की रणनीति माना जा रहा है, बल्कि यह भी संकेत है कि सीमांचल की राजनीति में कांग्रेस अपने जनाधार को लेकर मुखर हो रही है। अब देखना यह होगा कि आरजेडी सहित अन्य दल इस मांग पर क्या रुख अपनाते हैं।

# जननायक चन्द्रशेखर व्यक्ति नहीं विचारधारा थे, उनके व्यक्तित्व से राष्ट्र प्रेम और स्पष्टता की मिलती हैं प्रेरणा : डॉ. शैलेश

**युवाओं के लिए प्रेरणा के प्रतिबिम्ब थे चंद्रशेखर : डॉ. रिंकू सिंह**
**चन्द्रशेखर के विचार प्रासंगिक थे, प्रासंगिक हैं और प्रासंगिक रहेंगे : प्रकाश प्रियांशु**
**जननायक चन्द्रशेखर के 98वी जंयती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन**

**समाज जागरण दरभंगा।**



भारत के पूर्व प्रधानमन्त्री, जननायक चन्द्रशेखर जी की 98वीं जयंती के अवसर पर रामनरेश सिंह एजुकेशनल फाउंडेशन, दरभंगा चैप्टर व अखिल भारतीय प्रबंध विकास परिषद के संयुक्त तत्वाधान में सशक्त भारत के निर्माण में चन्द्रशेखर की भूमिका विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय, बिलासपुर के युवा शिक्षाविद् प्रकाश प्रियांशु ने चन्द्रशेखर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, चन्द्रशेखर के विचार प्रासंगिक थे, प्रासंगिक हैं और प्रासंगिक रहेंगे। इलाहाबाद डिग्री कॉलेज, प्रयागराज की युवा शिक्षाविद् डॉ. रिंकू सिंह ने प्रतिभागियों को उद्बोधित करते हुए कहा कि, चंद्रशेखर जी युवाओं के लिए प्रेरणा के प्रतिबिम्ब रहे, उन्होने युवाओं को जगाने का भरपूर प्रयास किया। उनका मानना था, युवा को शक्ति मानने वाला ही, देश को एक स्वस्थ्य प्रगति की तरफ बढ़ाता है, क्यूंकि उसमें स्वहित के बजाय राष्ट्र के कल्याण का भाव होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महासचिव डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि, चन्द्रशेखर व्यक्ति नहीं विचारधारा थे, उनकी भाषा शैली अनुपम एवम तीव्र थी। उनमे इतनी सच्चाई और दृढता थी कि कोई उनकी बात काट नहीं सकता था। पक्ष हो या विपक्ष वो सभी के लिए सम्मानीय एवम सभी को मार्गदर्शन देते थे क्यूंकि इनमें निजी स्वार्थ का भाव था ही नहीं। उनके आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। डॉ. जमील हसन अंसारी ने समस्त प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि, चन्द्रशेखर की भाषाशैली अनुपम एवम तीव्र थी, उनमें राष्ट्रवाद और देश प्रेम कूट कूट कर भरा था, राष्ट्रवाद और विचारों में स्पष्टता के कारण उन्होंने अपने प्रधानमन्त्री के पद से त्यागपत्र दे दिया। संगोष्ठी में इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय से विवेकानंद पाठक, डॉ रूपम मिश्रा, डॉ शिवजी वर्मा, ग्लोकल विश्विद्यालय, सहारनपुर से डॉ आनन्द कुमार, डॉ प्रियंका सिंह सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने वर्चुअली प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन सयोंजक डॉ. मो जमील हसन अंसारी ने किया। इस दौरान डॉ शैलेश कुमार सिंह, डॉ जमील हसन अंसारी व डॉ मुनेश्वर यादव की पुस्तक समाजवाद के प्रखर स्तंभ चंद्रशेखर का विमोचन भी किया गया। संगोष्ठी में मुख्य रूप से डॉ. प्रकाश प्रियांशु, डॉ शैलेश कुमार सिंह, डॉ मो मिन्हाजुद्दीन, पुनम कुमारी, सोनी कुमारी, कृष्ण कुमार ठाकुर, मेधा कुमारी, पिंकी कुमारी, कृष्णा यादव सहित दर्जनों प्रतिभागी उपास्थित रहें।

# 24 दिव्यांगजनों को बैट्रीचलित ट्राइसाइकिल किया गया वितरित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण**
**ब्यूरो किशनगंज।**



17 अप्रैल को किशनगंज प्रखंड परिसर अवस्थित बुनियाद केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी विशाल राज द्वारा 24 दिव्यागजनों के बीच "मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना अंतर्गत बैट्रीचलित ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, रविशंकर तिवारी द्वारा पुष्पगुच्छ देकर जिलाधिकारी का स्वागत किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि 2 लाख से कम वार्षिक आय वाले 60% या अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों को रोजगार स्थल अथवा शैक्षणिक संस्थान जाने के लिए यह बैट्रीचलित ट्राइसाइकिल दी जाती है। इसके लिए उनके नेत्र, श्रवणशक्ति एवं हाथों का सही होना आवश्यक है ताकि वे इसे आसानी से चला सकें। इस अवसर पर जिलाधिकारी विशाल राज ने सभी लाभान्वित दिव्यागजनों को बधाई देते हुए अनुरोध किया कि इस योजना से और भी दिव्यागजनों को लाभान्वित कराएं, साथ ही अगर किसी भी दिव्यांगजन को सामान्य ट्राइसाइकिल, बैसाखी, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, कृत्रिम अंग, दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों हेतु छड़ी इत्यादि की आवश्यकता हो तो वे भी अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी, बुनियाद केंद्र अथवा समाहरणालय अवस्थित दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग कार्यालय आकर आवेदन दे सकते हैं। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी दिव्यांगजनों से अनुरोध किया कि चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की प्रक्रिया को सुगम्य बनाने हेतु मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर की व्यवस्था, दिव्यांगजनों के सहयोग हेतु वॉलेंटियर्स की प्रतिनियुक्ति से लेकर, आवश्यकता पड़ने पर होम वोटिंग की भी व्यवस्था की गई है। बढ़ चढ़ कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। साथ ही वोटर लिस्ट में अपने नाम जोड़ने अथवा सुधार करने हेतु, वोटर लिस्ट में स्वयं को दिव्यांग/पीडब्लयूडी के रूप में चिह्नित कराने हेतु अपने बूथ लेवल ऑफिसर/बीएलओ से संपर्क करें अथवा बुनियाद केंद्र से मदद लें। साथ ही 1950 वोटर हेल्पलाइन पर कॉल करके भी सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में सहायक निदेशक रविशंकर तिवारी, अंचलाधिकारी राहुल कुमार, डीपीएम बुनियाद केंद्र श्रीमती नूरी बेगम एवं अन्य उपस्थित थे।

# गुरु सेवा से ही सत्य ज्ञान प्राप्त होता है

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! परमात्मा ज्ञानियो को आनन्द प्रदान करते है किंतु भक्तो को आनन्द देने के लिये उन्हें निराकार से साकार बनकर आना पड़ता है, रामअवतार अनेक संस्कृतियों को जाति एवं भाषाओं को तथा खण्डित भारत वर्ष को जोड़ने के लिये एवं अवध ओर मिथिला की संस्कृतियों को जोड़ा। किसिकिन्धा एवं लंका तक की यात्रा करके अनेक जातियों एवं प्रथक आचार विचार वाले को छोड़कर अखण्ड भारत का निर्माण किया। यह उदगार रामलीला मैदान में हनुमत जयन्ती महोत्सव समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत चल रही रामकथा साध्वी डॉ विश्वेश्वरि देवी ने व्यक्त किये।
उन्होंने कहा अयोध्या में राम जन्मोत्सव का दर्शन करने के लिये भगवान शंकर का भी आगमन हुआ भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन कथा के माध्यम से किया। जिसका उद्देश्य है कि निर्लेप जीवन व्यतीत




करना चाहिए। साध्वी ने कहा चारो भाई गुरुकुल में विद्या अध्ययन के लिये गये और पूर्णकाल तक गुरु सेवा गुरु आज्ञा का पालन करते हुए, गुरु आश्रम में रहे। गुरु सेवा से ही सच्चा ज्ञान प्राप्त होता है। गुरु विश्वामित्र के माध्यम से राम ने तडका का वध किया एवं उनके यज्ञ को पूर्ण किया। यज्ञ संस्कर्ति के रक्षण के लिये ही भगवान के द्वारा ये लीलाये पूर्ण की गई है। साध्वी ने कहा कि जनकपुर की लीला में भगवान ने भक्ति की प्रधानता दर्शन कराया है। दर्शन के बाद ज्ञानी से भक्त बन गये पुष्प वाटिका में भक्ति स्वरूपा श्री जानकी का दर्शन भगवान को प्राप्त हुआ, जिसके पश्चात भक्त एव भगवान के अटूट सम्बन्ध का प्रारम्भ हुआ , बिना भक्त के भगवान भी नही मिलते। जनकपुर वासियो को जब श्री जानकी प्राप्त हो गयी तो भगवान श्रीराम पैदल चलते हुए स्वयं जनकपुर में आ गए श्री जानकी साक्षात भक्ति में अतः भक्ति की कृपा से जनकपुर वासियो को भगवान मिल गये अभिमानस्वरूप शिव धनुष का खंडन करके भगवान ने संकेत दिया कि अभिमानी जीव का अभिमान जब तक खण्डित नही होगा तब तक वह भगवत कृपा का अनुभव नही कर सकता, धनुष भंग के पश्चात श्री सीता ने भगवान को जय माला पहनाई उपस्थित श्रद्धालुओ ने अत्यंत आनन्द पूर्वक भगवान के विवाह का दर्शन किया।

# डी0पी0एम0यू0 जिला प्रबन्धन मिशन इकाई की बैठक आयोजित की हुई!

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में डी०पी०एम०यू० (जिला प्रबन्धन मिशन इकाई) की बैठक आयोजित की गयी, बैठक में उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि 16-04-2025 तक कुल 160 आवेदकों के आवेदन पत्र पोर्टल पर प्राप्त हुए, जिनकी समीक्षा व परीक्षण उपरान्त कुल 84 आवेदन पत्रों में दस्तावेज पूर्ण पाये गये तथा 76 प्रार्थनापत्रों में कुछ आपत्तियां पायी गयी, तथा कुछ आवेदन पत्रों में पार्षद सर्टीफिकेट के स्थान पर निवास प्रमाण पत्र संलग्न है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निवास प्रमाण पत्र संलग्न आवेदन पत्रों को पैसे आवेदन पत्रों को बैंकों में भेजने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही निर्देश दिये गये कि जो भी आवेदन पत्र बैंकों में प्रेषण किए जाये, उनके साथ यू०आर०सी० एवं कुटेशन भी भेजे जायें। उपायुक्त उद्योग संध्या ने जानकारी देते हुए बताया कि मा०



मुख्यमंत्री जी उ०प्र० सरकार द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना दिनांक 04 अक्टूबर 2024 को प्रारम्भ की गयी है, इस योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जनपद को 2200 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना हेतु पात्रता में उन्होने बताया कि कौशल प्रशिक्षण प्राप्त 21 से 40 वर्ष के युवाओं को उत्पाद/सेवा सम्बन्धी उद्यम स्थापित कराकर स्वरोजगार से जोड़ना, आठवीं पास होना आवश्यक है, योजनान्तर्गत आवेदक Msme.up.gov.in पोर्टल पर अपना आवेदन कर सकता है। योजना के लाभ के बारे में बताया कि 04 वर्ष के लिये व्याज मुक्त ऋण सुविधा कोलेटरल मुक्त, 10 प्रतिशत अनुदान की सुविधा, 04 वर्षों तक सी०जी०टी०एम०एस०ई० प्रतिपूर्ति, सामान्य वर्ग को 15 प्रतिशत, ओ०बी०सी०, वर्ग को 12.50 प्रतिशत एवं अनु०जा० व जन जाति व दिव्यांग को 10 प्रतिशत अंशदान जमा करना होगा। बैंठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) संगीता गौतम, अग्रणी जिला प्रबन्धक सुरेश करीरा, भारतीय स्टेट बैंक, उपस्थित रहे।

# कुकडू में सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन वितरण, विधायक को नहीं मिला आमंत्रण विधायक खफा.

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ : ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुकडू प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय सभागार में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के पोषण अभियान तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया` कुपोषण मुक्त झारखंड को लेकर पोषण पखवाड़ा का आयोजन 8-22 अप्रैल 2025 तक यह कार्यक्रम पूरे राज्य में होना है इसी कार्यक्रम के बीच कुकडू प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्र में कार्यरत 80 सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया गया ।इस कार्यक्रम में सिर्फ कुकडू प्रखंड प्रमुख प्रतिमा वाला पातर और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी की सुपरवाइजर मीनाक्षी पांडेय ही मौजूद रही। हालांकि कुकडू प्रखंड की सीडीपीओ सह बीडीओ राजश्री ललिता बाखला भी स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में नदारद रही। इस संबंध में सुपरवाइजर मीनाक्षी पांडेय से पूछे जाने पर कहा कि बीडीओ महोदया जिला में कार्यक्रम होने के कारण कार्यक्रम में मौजूद नहीं हो पायी। इधर कार्यक्रम में ईचागढ़ विधानसभा की विधायक सविता महतो को भी कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया था। इस संबंध में विधायक सविता महतो से दूरभाष पर पूछे जाने पर कहा की मुझे कार्यक्रम से संबंधित कोई भी जानकारी नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि वे विधानसभा क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड क्षेत्र में ही थी यदि कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाता तो अवश्य कार्यक्रम ने शामिल होतीं। हालांकि उन्होंने कहा कि इससे पहले नीमडीह और चांडिल प्रखंड में आयोजित स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। कुकडू के कार्यक्रम में क्यों आमंत्रित नहीं किया गया था इसका कारण पूछा जाएगा।

# किसान यूनियन ने छः सूत्रीय मांगो को लेकर एसीपी व तहसीलदार को सौपा ज्ञापन

**विवेक कुमार**
**समाज जागरण संवाददाता**



लखनऊ। वृहस्पतिवार के दिन मोहनलालगंज ब्लॉक में जिला अध्यक्ष, लखनऊ राजेश रावत के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) द्वारा छः सूत्रीय मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार मोहनलालगंज रामेश्वर प्रसाद व एसीपी रजनीश वर्मा को ज्ञापन दिया है। किसान यूनियन द्वारा दिये गए ज्ञापन के अनुसार ग्राम सभा मंगटईया में पिछले वर्ष हुए अग्निकाण्ड में मो० अनीश, लल्लू के खेतों में गेहूँ की फसल जलकर नष्ट हो गयी थी जिसमें अभी तक तहसील प्रशासन के द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया व 5अप्रैल को तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिये गये प्रार्थना पत्र जो कि वसीयत के सम्बंध में जिसकी शिकायत संख्या-3008222500974 है में भी कोई कार्यवाही नहीं की गईं व न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय, मोहनलालगंज में धारा 134 की कार्यवाही अतिशीघ्र किये जाने के सम्बंध में। वाद सं०-टी. 202310460309242 है। व न्यायालय नायब तहसीलदार निगोहां, मु0नं 0-टी. 202210 4603 16422 जिसमें साक्ष्यों को दरकिरान कर जीवित किसान की भूमि की वरासत किसान की बहन की बेटी नीलम पत्नी अनिल कुमार के हक में किये जाने के सम्बंध में व ग्राम पंचायत घोडसारा के चंदीदीन का पुरवा निवासी नवल किशोर का मुकदमा वाद सं0-टी.202410 460330325 न्यायालय नायब तहसीलदार निगोहां के यहां विचाराधीन होने के बावजूद भी क्षेत्रीय लेखपाल अनिल वर्मा द्वारा नियमों को ताख पर रखकर गलत वरासत किये जाने के सम्बंध में। व दिनांक 20 अप्रैल 2024 को ए०सी०पी० मोहनलालगंज के समक्ष सुलह समझौता में पानी बन्द करने को लेकर समझौता हुआ था और गौरा में राम खेलावन आदि में मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नही हुई। इन समस्याओं को अवगत कराते हुए जल्द ही इनको पूरा किया जाने के लिये तहसीलदार व एसीपी को ज्ञापन दिया है।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार मामा भांजे की मौत

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! थाना टूंडला के जरौली कला के समीप बुधवार की रात अनियंत्रित डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी जिसके फलस्वरूप उस पर सवार मामा भांजे की मौत हो गई पुलिस ने दोनों शवो का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया है जनपद आगरा थाना जगदीशपुरा क्षेत्र के बोदला सेक्टर नंबर 9 निवासी 28 वर्षीय विष्णु पुत्र दामोदर अपने भांजे 23 वर्षीय आकाश पुत्र पदम निवासी बोदला सेक्टर नंबर 1 थाना जगदीशपुरा 15 अप्रैल को बाइक पर सवार होकर अपनी बहन रजनी निवासी सिरसागंज के यहां गया था 16 अप्रैल दिन बुधवार की रात वह दोनों



वापस घर लौट रहे थे उनकी बाइक थाना टूंडला क्षेत्र के जरौली कला के समीप पहुंची ही थी तभी एक डंपर ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिसके फल स्वरुप विष्णु की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना मिलते ही पुलिस और सरकारी एंबुलेंस मौके पर पहुंची वह दोनों को लेकर जिला अस्पताल आई जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद विष्णु को मृत घोषित कर दिया और शव को विच्छेदन गृह में रखवा दिया वहीं घायल आकाश की उपचार के दौरान मौत हो गई उसके भी शव को पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया घटना की जानकारी मिलते ही दोनों के परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए जिनमे कोहराम मच गया पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव संबंधित परिजनों को सौंप दिये है

# हर व्यक्ति का यह सपना होता है कि उसका भी अपना आवास हो : जिलाधिकारी रमेश रंजन

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! हर व्यक्ति का यह सपना होता है कि उसके पास अपना आवास हो जिससे उसके बच्चे और उसका परिवार सुरक्षित हो सके, साथ ही साथ वह अपने बच्चों की समुचित शिक्षा और दीक्षा प्रदान कर उनको एक सभ्य नागरिक बन सके, शासन द्वारा आम व्यक्ति के इसी सपने को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं को धरातल पर लाने का कार्य किया है, जनपद फिरोजाबाद में भी इस योजना को आमजन तक पहुंचाने हेतु प्रशासन कृत संकल्पित दिखाई दे रहा है, जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्गदर्शन में और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के नेतृत्व में इस योजना के तहत अब तक 954 आवासों को पूर्ण करा जा चुका है, जबकि यहां पर 1553 आवासों की स्वीकृति मिली है, अगर हम इसको ब्लॉक वाइज देंखे तो अरांव ब्लॉक में 163 आवास स्वीकृत किए थे, जिसमें अभी 97 आवास पूर्ण हुए हैं, एका ब्लॉक में कुल 312




आवास स्वीकृत हुए थे, जिसमें 192 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि ब्लॉक फिरोजाबाद में 301 आवासों का लक्ष्य मिला था और उसमें से 180 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि जसराना में 83 आवास स्वीकृत हुए थे, जिसमें 55 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि हाथवंत ब्लॉक में 264 आवास स्वीकृत हुए थे जहां पर 123 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं, इसी तरह मदनपुर में कुल 161 आवास मिले थे, जिसमें 102 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि नारखी में 130 आवास के सापेक्ष 95 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि शिकोहाबाद में 88 आवासों के सापेक्ष 54 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं, वहीं टूंडला में 51 आवासों के सापेक्ष 46 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन ब्लॉकों में प्रगति कम है उन ब्लॉकों में खंड विकास अधिकारी और पंचायत सचिव गंभीरता से कार्य करें, ताकि शासन के उद्देश्यों को पूरा किया जा सके, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, साथ ही जिलाधिकारी ने कहा इस काम को केवल सरकारी काम समझ कर न करें बल्कि इस कार्य को अपनी जिम्मेदारी समझकर और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर खुशी लाने हेतु करें, साथ ही साथ मुख्य विकास अधिकारी ने भी कहा कि बरसात का मौसम आने वाला है, इसलिए सभी जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी अप्रैल तक इस कार्य को अवश्य पूर्ण कर लें।

# बरेली कॉलेज के कर्मचारियों ने पेड़ काटे जाने पर डीएम को दिया ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। बरेली कॉलेज बरेली कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा और सचिव सुनील कुमार ने आज बरेली कॉलेज में पेड़ काटे जाने की शिकायत करते हुए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला को दिया, कर्मचारी नेताओं ने कहा कि हरे भरे पेड़ कटवाने बाले जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही की जाए।बाद में कर्मचारी नेताओं ने प्राचार्य को संबोधित एक ज्ञापन और कालेज में दिया जिसमें चीफ प्रॉक्टर की लापरवाही से एक छात्रा द्वारा जहर खाने से मौत पर मुआवजा और चीफ प्रॉक्टर डॉ आलोक खरे को हटाने की मांग की है। अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा और सचिव सुनील कुमार ने प्राचार्य डॉ ओ पी राय से मिलकर समस्याओं निस्तारण की बात रखी। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी है यदि शीघ्र समस्याएं दूर नहीं की जाती है तो फिर हमें उच्चाधिकारियों से मिलकर बात करनी होगी आखिर ईपीएफ के मामले को भी टालमटोल किया जा रहा। ज्ञापन देते समय गंगा प्रसाद, पूरनलाल मसीह, हरीश मौर्य आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रखंड सभागार मे बीडीसी की बैठक प्रमुख की अध्यक्षता मे सम्पन:छत्तरपुर

**लगातार हो रहे दुर्घटना को लेकर दो पहिए वाहनों की सघन जांच का निर्देश**

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छत्तरपुर प्रखंड कार्यालय में पंचायत समिति की बैठक प्रमुख उर्मिला कुमारी की अध्यक्षता में की गई जिसमें विभागीय पदाधिकारी एवं पंचायत समिति सदस्य तथा चयनित मुखिया गण सदस्य उपस्थित हुए बैठक में प्रखंड अंतर्गत चल रही सारी योजनाओं की समीक्षा की गई जिसमें चिकित्सा अनुमंडल



पदाधिकारी के द्वारा बताया गया पोषण आहार योजना जो दिनांक 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक चलाया जा रहा है जिसमें गर्भवती महिलाओं को एवं बच्चों को आवश्यक सुविधाएं आंगनबाड़ी केंदो में एएनएम के द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, सीडीपीओ शीला कुमारी के द्वारा बताया गया की छतरपुर प्रखंड अंतर्गत कुल 119 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है जिसमें से कुल 16 सेबिका /सहायिका का चयन किया जाना है ,थाना के पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की चार-पांच जगह वाहनों का सघन जांच किया जाए ताकि जो छतरपुर अंतर्गत आकस्मिक दुर्घटना हो रही है उस पर नियंत्रण किया जा सके। कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा यह जानकारी दी गई की गर्मी के दिनों में खराब चपकलो की सूचना प्राप्त होने पर 72 घंटे के अंदर उसे ठीक कर दिया जाएगा। साथ ही बैठक में उपस्थित कार्यालय से अंचल निरीक्षक ,पशु चिकित्सा पदाधिकारी ,शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, , पंचायती राज पदाधिकारी सतीश कुमार दुबे,आवास कोऑर्डिनेटर संतन कुमार गुप्ता,पंचायती राज कोऑर्डिनेटर विवेक श्रीवास्तव, सहायक अभियंता वसंत कुमार एवं सभी कनीय अभियंता 15 वें वित्त आयोग/ मनरेगा /अन्य पदाधिकारी गण के द्वारा चल रही योजनाओं की जानकारी दी गई. बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू के द्वारा भी विभाग द्वारा चल रही सारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं इसमें जनप्रतिनिधियों को सहयोग हेतु भी कहा गया।

# आजीविका पुस्तकालय एवं ज्ञान केंद्र का शुभारंभ

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया। 17.04.2025 को समुदाय प्रशिक्षण केंद्र उमरिया में आजीविका पुस्तकालय और आजीविका ज्ञान केंद्र का शुभारंभ किया गया ज्ञान दान अभियान - किताबें दान करें, जीवन संवारें! श्रीमती हर्षिका सिंह , मुख्य कार्यपालन अधिकारी, म.प्र.डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिषन भोपाल द्वारा जरूरतमंद एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु एक अनूठी पहल की गई है। जिसमें जिला स्तर पर कलेक्टर उमरिया एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया के मार्ग दर्शन में ज्ञान दान अभियान का संचालन किया गया। आजीविका पुस्तकालय व आजीविका ज्ञान केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम में शिवगोविन्द सिंह मरकाम अपर कलेक्टर, द्वारा रिबन खोलकर शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम में सुश्री हरनीत कौर डिप्टी कलेक्टर, आशीष श्रीवास्तव उप रजिस्ट्रार राजस्व विभाग, चन्द्रभान सिंह, जिला परियोजना प्रबंधक, डा. अखिलेश सिंह सहायक जिला प्रबंधक, अनिल पाण्डेय प्राचार्य डाइट, सीटीसी व्यवस्थापक, सीटीसी लेखापाल, सीएलएफ सचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी



कर रहे 45 बालक एवं बालिका द्वारा प्रतिभाग किया गया व अपने सुझाव भी पुस्तकालय हेतु दिए गए। पुस्तकालय स्थापना का उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों को पढ़ने की बेहतर सुविधा एवं पुस्तक उपलब्ध करवा कर भविष्य बेहतर बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाना है व जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकें उपलब्ध कराना है। इस अभियान के तहत, लोग जो लोग प्रतियोगिता में सफल हो चुके है उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें दान कर सकते हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर श्री आशीष श्रीवास्तव जी उप रजिस्ट्रार राजस्व विभाग, द्वारा ₹5000 की दान राशि की घोषणा भी की गई। 1 ज्ञान दान क्यों? कई प्रतिभाशाली छात्र अध्ययन सामग्री की कमी के कारण अपनी तैयारी पूरी नहीं कर पाते। आपकी एक छोटी सी पहल किसी के सपनों को नई दिशा दे सकती है 2 क्या दान कर सकते हैं? प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें (UPSC, MPPSC SSC, बैंकिंग आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी) शैक्षणिक पुस्तकें (स्कूल और कॉलेज स्तर की) सामान्य ज्ञान एवं संदर्भ पुस्तकें इस अभियान से जुड़ें! आपका पुस्तक दान किसी छात्र के भविष्य को रोशन कर सकता है प्रेरणा सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र अथवा कार्यालय म.प्र.डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिषन, जिला पंचायत उमरिया में अपनी पुस्तकें जमा करा सकते हैं और इस नेक कार्य का हिस्सा बन सकते है। इस संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएँ! अपने दोस्तों, परिवार और सहकर्मियों को इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। ज्ञानदान अभियान के माध्यम से हम सब मिलकर शिक्षा को सबके लिए सुलभ बना सकते हैं।

# अटल पार्क की शिलान्यास पट्टीका रखी रह गई

**धन लगा दिया अन्य कामों में**

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! नगर पंचायत मक्खनपुर के द्वारा सैयद की मजार के सामने अटल पार्क का शिलान्यास लगभग डेढ़ साल पहले किया गया था इससे पहले ई ओ तेजअमर बहादुर के सामने शिलान्यास किया गया था जिसका पैसा नगर पंचायत में आया था उसका पैसा अन्य योजना में लगा दिया गया इस संबंध में जिला उपाध्यक्ष व्यापार मंडल रमाकांत बजाज द्वारा जानकारी की इसका पैसा कहां है तो पहले तो उन्होंने जवाब नहीं दिया कह दिया



काम हो जाएगा जब इसकी जानकारी की उन्होंने बताया इसका पैसा अन्य योजना में लगा दिया गया जल्द ही काम शुरू करवा देंगे परंतु नगर पंचायत के अधिकारी गुमराह करते रहते हैं हर बार अगले महीने अगले महीने कहकर समय गुजार देते हैं परंतु नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिकारी संतुष्ट जवाब नहीं दे पा रहे हैं जब ठेकेदार मनोज कुमार अग्रवाल पर ठेका था उनसे पूछा गया तो वह कहते है पैसा नहीं है तो मै काम कहां से शुरू करू नगर पंचायत वालो ने सरकार का पैसा को अन्य योजना में लगाते हुए अटल पार्क का निर्माण बाउंड्री बनाकर छोड़ दिया था इसकी शिकायत जिलाधिकारी से कई बार कर चुके हैं! नगर पंचायत में शिलान्यास की पटका रखी हुई है! जब कि नगर विकास मंत्री द्वारा शिलान्यास किया गया था!

# तमंचा सहित गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना लाइनपार पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसजेवपास से पुलिस ने असलाह बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक संजुल पाण्डेय थाना लाइनपार ने चैकिंग के दौरान पुलिस बल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसे वाजिदपुर अंडरपास ठार कटेनर की ओर जाने वाले रास्ते से पकड़ा है। पुलिस ने उसका नाम कालीचरन पुत्र ईश्वरी प्रसाद बताया है। वह नगला विष्णु थाना लाइनपार का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से एक तंमचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किए है। पुलिस नेवपकडे गए अभियुक्त के विरूद्ध बरामदगी के आधार पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया है।

# गुमशुदा बच्चे को 24 घंटे में पुलिस ने बरामद कर परिजनो के सुपुर्द किया

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। आपरेशन मुस्कान के तहत थाना रामगढ़ पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को 24 घन्टे ने सकुशल बरामद कर लिया। उसे उसके माता पिता के सुपुर्द किया। बच्चे के परिजनों ने पुलिस कार्य प्रणाली की सराहना की। हसमत नगर निवासी शमशाद का आठ वर्षीय पुत्र खेलते खेलते घर से चला गया था। वह काफी देर तक वापस नहीं आया। उसके वापस न आने से परिजन घबरा गए। बालक की मां फरजाना ने ताने में बच्चे के बारे में सूचना दी। रामगढ पुलिस ने तत्काल घटना पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। क्षेत्राधिकारी नगर ने गुम हुए बच्चे को बरामद करने को टीम गठित की।प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे थाना रामगढ ने गठित टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए गुमशुदा बच्चे को सीसीटीवी की सहायता से सकुशल बरामद कर उसके माता पिता के सुपुर्द किया। बरामद बच्चे का नाम इमरान पुत्र शमशाद बताया गया है। वह हसमत नगर पानी की टंकी के पास थाना रामगढ का रहने वाला है। बच्चे को पाकर उसके परिवारजन काफी खुश हुए। उन्होंने पुलिस के कार्य की सरहना की।

# अररिया में खनन रोकने गई टीम पर हमला, ट्रैक्टर छुड़ाकर ले गई भीड़

**रामपुर नहर क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन पर कार्रवाई के दौरान उपद्रव, माइनिंग इंस्पेक्टर समेत 4 घायल**

**समाज जागरण फारबिसगंज।**

अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखंड के रामपुर उत्तर पंचायत स्थित पूर्णिया केनाल (नहर) पर गुरुवार को खनन विभाग और जल संसाधन विभाग की संयुक्त टीम पर हमला कर दिया गया। टीम अवैध मिट्टी खनन की शिकायत पर कार्रवाई के लिए पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान जब्त एक ट्रैक्टर को 50-60 अज्ञात लोगों की भीड़ ने जबरन छुड़ाकर ले लिया। हमले में माइनिंग



इंस्पेक्टर मोहम्मद अरमान समेत चार सरकारी कर्मी घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक कर्मी को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले को लेकर फारबिसगंज थाना में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया गया है। खनन पदाधिकारी अभिजीत कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की बात कही है।